
—वाक्यपदीयम् १।१३।

काणादं पाणिनीयं च सर्वशास्त्रोपकारकम्—यह आभाणक भी व्याकरण को सकल शास्त्रों का उपयोगी बताता है। यहाँ काणाद से समानतन्त्र न्याय अभिप्रेत है, जो पदार्थ की परीक्षा करता है। आगे इसका परिचय कराया जायेगा। अथवा इसकी अपनी, सजातीय एवं विजातीय पदार्थों के परिचय द्वारा किसी भी पदार्थ के स्वभाव या स्वरूप की अवधारणरूप-प्रक्रिया अभिप्रेत हो सकती है, जो वैशेषिक दर्शन से अवगम्य है।

विद्वान् को 'पदवाक्यप्रमाणज्ञ' कहने की प्रथा है। इसका भी अपना एक विशिष्ट तात्पर्य है। यहाँ पद से व्याकरणशास्त्र, वाक्य से मीमांसाशास्त्र और प्रमाण से न्यायशास्त्र अभिप्रेत हैं। इन तीन शास्त्रों के जानकार 'पदवाक्यप्रमाणज्ञ' किसी भी शास्त्रीय जटिल सिद्धान्तों का तथा लौकिक कठिन समस्याओं का समाधान व्याख्या द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं, जो अनुभवपरिपूत एवं तर्कपुष्ट होने से अवश्य हृदयग्राही होगा। ये तीनों ही शास्त्र व्यावहारिक दृष्टि से अपनी प्रक्रिया को दिखाते हैं, जिसके आधार पर व्याख्या की जाती है। यद्यपि पुरुषार्थचतुष्टय या मोक्ष के प्रतिपादक होने से हित का शासनत्व रूप शास्त्रत्व[1] इनमें अक्षुण्ण रूप से विद्यमान है तथापि इनका स्वभाव ही व्याख्या की प्रक्रिया का निर्देश करना है। अतएव इन तीनों शास्त्रों को प्रक्रियाशास्त्र कहना अधिक उपयुक्त होगा। कुशल व्याख्याकार तथा निष्पक्ष शास्त्रालोचक वही हो सकता है, जो 'पदवाक्य-प्रमाणज्ञ' है। व्याकरण की प्रक्रिया के प्रसंग में यहाँ दिग्दर्शन किया गया है। मीमांसा तथा न्याय की सरणि से आगे यथावसर परिचय होगा।

उपमान से सादृश्य के द्वारा विषय समझाना विवक्षित है। वस्तु से भिन्न किन्तु वस्तुगत अधिक गुण या धर्म से सम्पन्न वस्त्वन्तर सदृश कहलाता है—'तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयोधर्मवत्त्वं हि सादृश्यम्'। 'मुखम् चन्द्र इव', इस पद में चन्द्रगत आह्लादकत्व एवं भरीपूरी आकृति विवक्षित है, जो मुख में है और वह

---

१. शास्त्र की तीन परिभाषाएँ दी गयी हैं :

(१) शास्त्रत्वं हितशासनात्।

(२) शासनाच्छंसनाच्चैव शास्त्रमित्यभिधीयते।
पुराणे इति च प्राह श्रीपराशरमाधवौ॥

(३) प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा।
पुंसां येनोपदिश्येत तच्छास्त्रमभिधीयते॥

चन्द्र से भिन्न भी है। कोश के ज्ञान रहने पर ही विडौजा या मघवा पद से इन्द्र रूप प्रसिद्ध अर्थ का परिज्ञान हो सकता है। विद्वानों के लिए शब्दकोश का वल उतना ही अपेक्षित है, जितना एक राजा के लिए धन का कोश अपेक्षित होता है। यह तो एक विशेष प्रकार का साधन है, चाहे वह काव्यनिर्माण का क्षेत्र हो या दर्शन के चिन्तन या आलोचना रूप व्याख्या का। हमारे धर्मशास्त्रीय निवन्धकार इसी के आधार पर निबन्ध में प्रयुक्त अप्रचलित पदों का तत्काल प्रसिद्ध अर्थ दे देते हैं। अंग्रेजी में इसे पैराफ्रेजिंग कहते हैं। इसी तरह आप्तवाक्य आदि भी उपयोगी हैं, जो उक्त पद्य में परिगणित हैं। इनकी विशद व्याख्या नागेश भट्ट की **वैयाकरणसिद्धान्तमञ्जूषा** तथा **न्यायसिद्धान्तमुक्तावली** में मिलती है। अन्यत्र भी शब्दखण्ड के विचार के प्रसंग में इन विषयों का उपपादन किया गया है।

भर्तृहरि ने **वाक्यपदीय** में नानार्थक शब्दों में सन्देह होने पर निश्चित अर्थ के अवधारण हेतु प्रसंग के महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए विशेष कारणों का परिगणन किया है—संयोग, विप्रयोग, साहचर्य, विरोधिता, अर्थ, प्रकरण, लिङ्ग, शब्दान्तर की सन्निधि, सामर्थ्य, औचित्य, देश, काल, व्यक्ति तथा स्वर आदि।

संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता।
अर्थः प्रकरणं लिङ्गं शब्दस्यान्यस्य सन्निधिः॥
सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।
शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः॥ [वाक्यपदीयम्]

शंखचक्रधारी हरि पद से विष्णु का बोध होना, अशंखचक्र हरि से विष्णु का बोध नहीं होना, रामलक्ष्मण कहने पर दाशरथि राम का बोध होना, परशुराम या वलराम का बोध नहीं होना, रामार्जुन कहने पर राम से परशुराम का बोध, अंजलि से होम के उपस्थानकारक हाथ की मुद्रा, सैन्धवपद से भोजन काल में नीमक और यात्रा के समय में घोड़ा, अक्त पद से लिप्त, जामदग्न्य राम में राम से परशुराम, अभिरूप को लड़की देना इस वाक्य में अभिरूप से सुयोग्य वर, केवल सुन्दर नहीं, यश्चैनं मधुसर्पिषा में सेचन का अध्याहार कर अर्थ करना; यात्यत्र परमेश्वरः में परमेश्वर से देश विशेष के राजा, रात में चित्रभानु से आग और दिन में सूर्य, मित्र पद से लिङ्ग के आधार पर सूर्य या सुहृत् अर्थ आदि का बोध यहाँ इन सब के उदाहरण हैं। "व्यक्ति" पद यहाँ लिङ्ग का वाचक है तथा स्वर से काकु वचन या वैदिक उदात्तादि स्वर विवक्षित है।

(ख-१) पाठ की शुद्धता के साथ अभिप्राय समझाने के लिए **महाभारत** के व्याख्याकार नीलकण्ठ ने भी अपनी जागरूकता दिखायी है। इनका कहना है कि विविध देशों के कोशग्रन्थों को [मातृकाओं को] अथवा कोष अर्थ में प्रसिद्ध अभिधान ग्रन्थों को पास में रखकर, शुद्धपाठों के निर्णय के साथ प्राचीन गुरुओं की वाणी का अनुसरण करके **महाभारत** के भावों का दीप अर्थात् प्रकाशक मैं लिख रहा हूँ।

बहून् समाहृत्य विभिन्नदेश्यान्
कोशान् विनिश्चित्य तु पाठमग्र्यम्।
प्राचां गुरूणामनुसृत्य वाच—
मारभ्यते भारतभावदीपः ॥

—**महाभारत** की नीलकण्ठी व्याख्या का आरम्भ

(ख-२) **नाट्यशास्त्र** की व्याख्या हेतु प्रस्तुत आचार्य अभिनवगुप्त ने **अभिनवभारती** के आरम्भ में ही व्याख्या करने की अपनी प्रक्रिया का निर्देश किया है। इनका कहना है कि जहाँ अनेक प्रकार के पाठ उपलब्ध हों, इस स्थिति में अर्थक्रमानुसारी एवं प्रसंगसंगत पाठ को मूल में निश्चितरूप से रखकर, अन्य उपलब्ध पाठों को पाठभेद के रूप में निर्दिष्ट करना चाहिए। ग्रन्थकार के आशय का परिज्ञान जिससे हो जाए, उतनी व्याख्या करनी चाहिए। व्याख्या के समय यदि सन्दर्भों में पारस्परिक विरोध होता हो तो उसका समाधान करना व्याख्याकार का कर्तव्य है। इससे अभिप्राय में पूर्णता आती है। उद्देश्य के अनुकूल अभिप्राय का प्रतिपादन होना चाहिए। श्लिष्ट वक्तव्य की विवेचना अपेक्षित है। प्रसंग की संगति दिखानी चाहिए। यदि पुनरुक्ति हो तो सामान्य विशेष भाव के आधार पर उसका समाधान करना चाहिए। इससे व्याख्या निर्दोष होती है। उपसंहार में मुख्य अभिप्राय का संग्रह भी अपेक्षित है। **ध्वन्यालोक** में इस तरह के संग्रह के लिए परिकर श्लोकों का व्यवहार आचार्य आनन्दवर्धन ने किया है। इन व्याख्या प्रकारों को कहकर अभिनवगुप्त ने इसी पद्धति पर चलते हुए **नाट्यशास्त्र** की व्याख्या की है।

उपादेयस्य सम्पाठस्तदन्यस्य प्रतीकनम्।
स्फुटव्याख्या विरोधानां परिहारः सुपूर्णता ॥५॥

लक्ष्यानुसरणं श्लिष्टवक्तव्यांशविवेचनम् ।
संगतिः पौनरुक्त्यानां समाधानमनाकुलम् ।।६।।
संग्रहश्चेत्ययं व्याख्याप्रकारोऽत्र समाश्रितः ।।७।।

—**अभिनवभारती** का आरम्भिक अंश

अभिनवभारती में 'समाधानसमाकुलं' पाठ प्रकाशित है । यद्यपि इसकी मातृकाओं को देखने का अवसर नहीं प्राप्त हुआ है तथापि अर्थक्रम के आधार पर मैंने जानबूझ कर 'समाधानमनाकुलं' पाठ यहाँ रक्खा है । समाधान करने पर भी यदि सम्यक् आकुलता बनी रही तो समाधान का फल क्या होगा, वह तो व्यर्थ हो जाएगा । अतः मेरी दृष्टि में 'समाधानमनाकुलम्' ही पाठ संगत है ।

(ख-३) **रघुवंश** महाकाव्य की व्याख्या करते समय आचार्य मल्लिनाथ ने कहा है कि कर्ता, क्रिया, कर्म तथा इनके विशेषण आदि के सन्निधान से अर्थात् अन्वय द्वारा वाक्य का तात्पर्य सुलभतया समझ में आ जाता है। अतएव इसी रीति से विविध काव्यों की व्याख्या करके इन्होंने व्याख्या का आदर्श प्रस्तुत किया है। इनकी व्याख्या में निर्मूल तथा अनपेक्षित विषयों का समावेश नहीं होता—यह एक बड़ी विशेषता है।

इहान्वयमुखेनैव सर्वं व्याख्यायते मया ।
नामूलं लिख्यते किञ्चिन्नानपेक्षितमुच्यते ।।

इसका अभिप्राय यह है कि आदर्श व्याख्याकार काव्य या शास्त्र के आशय को समझाते समय सावधानी से तर्क और प्रमाणरूप युक्ति के आधार पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करता है, जितना कहने से आशय स्पष्टतः प्रतीत हो जाता है, उतना ही कहता है । अतः अनावश्यक विस्तार या कपोल कल्पना से—अनपेक्षित एवं निर्मूल वक्तव्य से— वह बच जाता है । 'यावदुक्तोपपन्न इति नैयायिकाः' **कुसुमाञ्जलि** के प्रथम स्तबक के आरम्भ में आचार्य उदयन की उक्ति भी इसी की ओर संकेत करती है ।

किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के गौरव प्रदर्शन हेतु आदर्श व्याख्याकार मल्लिनाथ ने कहा है कि यह काव्य नारियल फल के समान ऊपर से कठोर एवं जटिल है किन्तु अन्दर से सरस तथा सुस्वादु फल से युक्त है, जो फोड़ने पर ही उपलब्ध हो सकता है :

नारिकेलफलसम्मितं वचो
भारवेः सपदि तद् विभज्यते।
स्वादयन्तु रसगर्भनिर्भरं
सारमस्य रसिका यथेप्सितम् ॥

यहाँ काव्य में अर्थ का गाम्भीर्य और माधुर्य वाच्यार्थ द्वारा व्यक्त होता है और व्याख्या के बिना इसका अर्थ अवगत नहीं हो सकता है--यह व्यङ्ग्य है। फलतः सिद्ध होता है कि इस काव्य की व्याख्या अवश्य अपेक्षित है। जैसे फोड़ने पर ही नारियल का शीतल जल और स्वादु फल प्राप्त किया जा सकता है, उसी तरह व्याख्या से ही इस काव्य का तात्पर्यार्थ समझ में आ सकता है। अतः यह मानना होगा कि कभी कभी नारियल को फोड़ने जैसा श्रम शास्त्र या काव्य के व्याख्याकारों को करना पड़ता है।

(ग) सांख्यशास्त्र के अज्ञातकर्तृक प्रौढ़ एवं प्राचीन ग्रन्थ **युक्तिदीपिका** में तन्त्रसम्पत्ति का उल्लेख आया है, जो व्याख्याकार के लिए मार्गदर्शक है।

सूत्रप्रमाणावयवोपपत्तिरन्यूनतासंशयनिर्णयोक्तिः।
उद्देशनिर्देशमनुक्रमश्च संज्ञोपदेशाविति तन्त्रसम्पत् ॥

सूत्र के प्रमाण तथा अवयव की उपपत्ति सबसे पहले अपेक्षित है। क्योंकि भारतीय विद्या मूलतः सूत्ररूप में ही उपनिबद्ध है। यहाँ अवयव से जिज्ञासा, संशय, शक्यप्राप्ति, प्रयोजन और संशयव्युदास रूप पाँच व्याख्या के अंग तथा प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय तथा निगमन रूप पाँच (दूसरों को समझाने के लिए न्याय दर्शन में प्रसिद्ध, अवयव वाक्य) अभिप्रेत है। अन्यूनता का तात्पर्य है जितना कहने से विषय समझ में आ जाए अर्थात् पदार्थकात्स्न्र्य। सामान्यतः कहने पर सन्देह होना स्वाभाविक है। अत एव विशेष भी कहना चाहिए, जिससे उसका अपनोदन हो सके। फलतः सामान्यतः कथन तथा विशेषतः कथन यहाँ संशय और निर्णय पद से विवक्षित है। संक्षेप में कहना उद्देश कहलाता है और विस्तार से उदाहरण प्रत्युदाहरण तथा लोकोक्तियाँ आदि कहकर समझाना निर्देश है। अनुक्रम से पूर्वापर की संगति तथा क्रमबद्ध कथन अभीप्सित है। संज्ञा से पारिभाषिक पद का अर्थ निर्देशपूर्वक अभिधान और उपदेश से इतिकर्तव्यता तथा फल का आख्यान इष्ट है। यहाँ स्वयं **युक्तिदीपिकाकार** को कुछ न्यूनता प्रतीत हुई। अतएव अन्त

में इन्होंने कहा है कि तन्त्र सम्पत् पद से पहले जो इति कहा गया है वह इसकी इयत्ता का अवधारक नहीं है, अपि तु वह प्रकार का वाचक है अर्थात् इस तरह के और भी यदि तन्त्रसम्पत्ति या व्याख्या के उपाय कहीं मिले तो उसका आहरण कर व्याख्या में प्रवृत्त होना चाहिए।

(घ) टीका का नामकरण भी टीकाकार के वैदुष्य का परिचायक होता है। यह कार्य भी रोचक तथा महत्त्वपूर्ण है। यथा **रसमञ्जरी** की व्याख्या सुरभि उपयुक्त है। क्योंकि अपनी व्याख्या से व्याख्याकार मञ्जरी का सौरभ फैलाना चाहता है। इसी तरह **ध्वन्यालोक** लोचन से देखा जाता है। **चिन्तामणि** (न्यायग्रन्थ) की व्याख्या आलोक एवं दीधिति क्रमशः पक्षधरमिश्र एवं रघुनाथशिरोमणि की प्रसिद्ध है। शास्त्रदीपिका की व्याख्या युक्तिस्नेहप्रपूरणी प्रसिद्ध है। दीप को तेल और वाती की आवश्यकता निरन्तर अनिवार्यतः होती है। वाचस्पति मिश्र ने **न्यायवार्तिक** की व्याख्या की और उसका नाम **तात्पर्यटीका** रक्खा। क्योंकि उसमें बौद्धों के आक्षेपों के परिहार हेतु न्यायदर्शन के तात्पर्य का प्रकाशन करना था। पुनश्च इसको भी जब बौद्धों ने आक्षेप पंकों से ढकना चाहा तो आचार्य उदयन ने उस पंक के प्रक्षालन हेतु परिशुद्धि नामक व्याख्या लिखी। यहाँ वाचस्पति के तात्पर्य पर ज्ञानश्रीमित्र, रत्नकीर्ति तथा श्रीवत्साचार्य ने दोषोद्भावन किया था। उदयन ने उन दोषों का क्षालन पूर्वक वाचस्पति के तात्पर्य को परिशुद्ध किया। इसी तरह आचार्य मल्लिनाथ की व्याख्या के नाम **संजीवनी** तथा **घण्टापथ** आदि भी साभिप्राय हैं।

यहाँ मल्लिनाथ ने अपनी व्याख्या में **संजीवनी** नाम रखने का औचित्य दिखाते हुए कहा है कि कालिदास की भारती दुर्व्याख्या रूप विष से मूर्छित हो गयी थी। अतएव **संजीवनी** के द्वारा उसका उज्जीवन अर्थात् प्राणदान किया जा रहा है। इससे काव्य का आशय मन्दमतियों को भी अवगत हो सकेगा। उन्हीं के ऊपर अनुग्रह करने की इच्छा से मैं यहाँ प्रवृत्त हूँ।

भारती कालिदासस्य दुर्व्याख्याविषमूर्च्छिता।
एषा संजीवनी व्याख्या तामद्योज्जीवयिष्यति॥
मल्लिनाथकविः सोऽयं मन्दात्मानुजिघृक्षया।
व्याचष्टे कालिदासीयं काव्यत्रयमनाकुलम्॥

(रघुवंशव्याख्या मंगलपद्य)

यहाँ ध्येय है कि इहान्वयमुखेनैव जो पहले कहा गया है तथा मन्दात्माओं की अनुजिघृक्षा जो यहाँ कही जा रही है, यह इनकी सभी व्याख्या के उपक्रम में मिलते हैं।

घण्टापथ नाम का तात्पर्य राजमार्ग होता है। मुख्य रास्ता से जाने पर जैसे पथिक सुविधा का अनुभव करता है, इसी तरह इस **घण्टापथ** व्याख्या के द्वारा **किरातार्जुनीयम्** काव्य के पाठक भी सुविधा का अनुभव करेंगे।

(ङ) प्राचीन व्याख्याकार अपनी व्याख्या में विशेषता दिखाने के साथ साथ ईमानदारी से व्याख्या के आदर्श का भी दिग्दर्शन कराते आये हैं। गोकुलनाथ उपाध्याय ने **काव्यप्रकाश विवरण** में कहा है कि इसकी अनेक व्याख्याओं के रहने पर भी मेरी व्याख्या पिष्टपेषण नहीं करेगी अपितु कुछ नयी बात बताकर इसको उज्ज्वलतम करेगी। समुद्र में मन्दर गिरि का मन्थान दण्ड बनाकर देवों ने यद्यपि असली रत्नों को निकाल लिया फिर भी समुद्र के भीतर (गड्ढों में) गर्त में छिपे हुए मणियों को मैं ही निकाल सका हूँ।

मन्थानमन्दरगिरिभ्रमणप्रयत्नाद्
रत्नानि कानिचन केनचिदुद्धृतानि।
नन्वस्तु साम्प्रतमपारपयोधिपूर—
गर्भावटस्थगित एष गणो मणीनाम्॥

(काव्यप्रकाशविवरण का मंगल)

म० म० केशवमिश्र ने **गौतमीयसूत्रप्रकाश** में कहा है कि यद्यपि बहुत व्याख्याएँ प्राचीन पण्डितों की उपलब्ध हैं, फिर भी मेरी व्याख्या अपनी विशेषता रखती है। यहाँ व्याख्या में सौष्ठव है, क्योंकि अनावश्यक विस्तार या अति संक्षेप में न होकर यह यावदुक्तोपपन्न है, शब्दलाघव अर्थगौरव से पूर्ण तथा परस्पर सुसंगत है। प्रत्येक विषय स्पष्ट एवं विशद होने से दर्पण की तरह झलकता है—

आस्ते यद्यपि पूर्वपण्डितकृता व्याख्यैव संख्यावता—
मानन्दाय तथापि केशवकवेर्वाचामियं गुम्फना।
व्याख्यासौष्ठवशब्दलाघवमिथः सम्बन्धपूर्वापर—
प्रत्यर्थप्रतिबद्धनिर्मलगुणा कुत्रान्यतो लभ्यताम्॥

मैथिल दार्शनिक शङ्कर मिश्र ने **खण्डनखण्डखाद्य** की व्याख्या में बहुत ही मार्मिक विषय कहा है। अपने भाई जीवनाथ मिश्र की व्याख्या मेरे पिता ने मुझे बतायी और मैंने उसे ही यहाँ लिपिबद्ध की है। जैसे पिताजी ने कहा उसी तरह यह व्याख्या की गयी है। इसके गुण या दोष से मेरा कोई भी सम्बन्ध नहीं है, सब कुछ पिता जी का ही है।

स्वभ्रातुर्जीवनाथस्य व्याख्यामाख्यातवान् मयि।
मत्पिता भवनाथो यां तामिहालिखमुज्ज्वलाम् ॥
व्याख्यानमिदमस्माकं यथा पितृवचस्तथा।
व्याख्यानगुणदोषाभ्यां सम्बन्धो मत्पितुर्न मे ॥

यही शंकर मिश्र **वैशेषिकसूत्र** की व्याख्या करते समय कहते हैं कि निरालम्ब केवल धागा के आधार पर जैसे आकाश में कोई खिलाड़ी विचरण करता है, इसी तरह मैं भी केवल **वैशेषिकसूत्र** के आधार पर इसकी व्याख्या कर रहा हूँ–

सूत्रमात्रावलम्बेन निरालम्बेऽपि गच्छतः।
खे खेलवन्ममाप्यत्र साहसं सिद्धिमेष्यति ॥

इस तरह व्याख्यान की विशेषता तथा उसके आदर्श को बताते समय प्राचीन व्याख्याकारों की साफगोई अर्थात् स्पष्टवादिता लक्ष्य करने योग्य है। यज्ञपति ने भी कहा है कि पिता के ग्रन्थ से प्राप्त सिद्धान्त रूप शिवमुष्टि पाकर मैं **तत्त्वचिन्तामणि** की प्रभा व्याख्या कर रहा हूँ––

तातग्रन्थपरिप्राप्तसिद्धान्तशिवमुष्टिना।
क्रियते यज्ञपतिना तत्त्वचिन्तामणेः प्रभा ॥

[३]

(क) हम लोगों के समक्ष व्याख्या की दो प्रमुख धाराएँ वर्तमान हैं। एक है 'वृत्ति' के द्वारा अभिप्राय के प्रकाशन की धारा। इसमें जितना कहने से सूत्र का आशय स्पष्ट हो जाए, अपनी मान्यता स्थूल रूप में समझ में आ जाए, उतना ही कहा जाता है। अतएव इसका स्वभाव एवं स्वरूप संक्षेप का है। प्रयोग, उदाहरण तथा लोकोक्तियाँ यहाँ विषय के अवबोध के लिए व्यवहार में लायी जाती हैं।

काव्यमीमांसा के शास्त्रनिर्देश प्रकरण में इसका लक्षण दिया गया है :

सूत्राणां सकलसारविवरणं वृत्तिः ।

इस वृत्ति के प्रसंग में शास्त्र में निर्दिष्ट है कि सूत्र में ही वे सब बातें रहती हैं, जो वृत्ति में कही जाती हैं। विस्तार से कहने पर सभी विषय बुद्धिगम्य नहीं हो पाते हैं, और संक्षेप में कहने पर विषय स्पष्ट नहीं हो पाता है। अतएव संक्षेप तथा विस्तार को छोड़कर जितना कहने से विषय का स्पष्ट परिज्ञान हो सके उतना ही कहना चाहिए। व्यर्थ की बात, विपरीत बात, पुनरुक्ति, अनपेक्षित तथा युक्ति से रहित विषयों का समावेश इसमें वर्जित है :

सूत्रेष्वेव हि तत्सर्वं यद्वृत्तौ समुदाहृतम् ॥५।६॥
विस्तरोक्तं मतिं हन्ति समासोक्तं न गृह्यते ।
समासविस्तरौ हित्वा वक्तव्यं यद् विवक्षितम् ॥५।७॥
अपार्थं व्याहतं चैव पुनरुक्तं तथैव च ।
तथा विभिन्नसंस्थानं युक्तिहीनं विवर्जयेत् ॥५।८॥
क्रमभेदो विभक्तश्च गुरुसूत्रं तथैव च ।
अभिधानस्य चान्यत्वं नैतानि स्युरकारणात् ॥५।९॥

—विष्णुधर्मोत्तर पुराण तृ० ख० ।

किसी-किसी के मत से वृत्ति को सुसज्जित करने के लिए छह गुणों का समावेश यहाँ अपेक्षित है। कहीं निपातन से, कहीं योगविभाग से, कहीं दुरूह स्थल में गुरु के उपदेश से, कहीं वार्तिक आदि में निर्दिष्ट अभिप्राय के आहरण से, कहीं शास्त्रान्तर के सिद्धान्त द्वारा विषय की परिपुष्टि से तथा कहीं स्वतन्त्र रूप से अभिप्राय के प्रकाशन से वृत्ति सुसज्जित होती है :

निपातनात् योगविभागदर्शनात्
गुरूपदेशादनुवार्त्तिकादपि ।
स्वातन्त्र्यसिद्धेः परतन्त्रदर्शनात्
प्रसादयेल्लक्षणतोऽथ षड्विधैः ॥

संक्षिप्त होने पर भी यह वृत्ति अधिक उपादेय होती है। क्योंकि इसके आधार पर सिद्धान्त का परिज्ञान सुलभतया हो जाता है तथा शास्त्र का स्वारस्य समझ में आ जाता है। प्रत्येक शास्त्र के सूत्रों की या कारिकाओं की वृत्ति अवश्य उपलब्ध है।

यहाँ निपातन पद का तात्पर्य स्पष्ट करना अपेक्षित है। तीन तरह की बातें निपातन पद में सन्निहित हैं—अप्राप्ति का प्रापण (जो नहीं है उसको ले आना), उपस्थित का त्याग तथा कुछ अतिरिक्त या अधिक का अभिधान :

अप्राप्तेः प्रापणं चैव प्राप्तेर्वारणमेव च।
अधिकार्थविवक्षा च त्रयमेतन्निपातजम्॥

अतएव "निपातनाद् सिद्धं" कहने से वक्ता जैसा चाहता है वह सिद्ध कर सकता है। किन्तु इस तरह करने पर भी अव्यवस्था को प्रश्रय नहीं मिलता है। उपायान्तर के अभाव में इसका आश्रय लिया जाता है। अतएव यह अगतिक गति है। उपायान्तर से व्युत्पत्ति संभव रहने पर निपातन की प्रवृत्ति बाधित हो जाती है।

(ख) इसकी दूसरी धारा भाष्य और वार्तिक आदि की है। इससे शास्त्र की अधिक श्रीवृद्धि हुई है। इस पद्धति में चिन्तन के गाम्भीर्य और परिणाह दोनों ही समान रूप से विद्यमान हैं। शास्त्रान्तर की मान्यताएँ भी यहाँ यथास्थान प्रसंगवश समाविष्ट हुई हैं। वे चाहे पूर्वपक्ष रूप में निराकरण हेतु आयी हों या अपने सिद्धान्तों के उपोद्‌बलक (परिपोषक) रूप में—— यह बात दूसरी है। अपनी मान्यता के विपरीत शास्त्रान्तरीय सिद्धान्त के निराकरण द्वारा अपनी मान्यता की दृढ़ता स्थापित होती है। अतएव भाष्य एवं वार्तिक में कुमारिल भट्ट ने स्पष्ट कहा है कि मीमांसाशास्त्र को नास्तिकों ने अपने अधीन में कर लिया था और सदाचार एवं सत्स्मृतियों का लोप हो गया था। अतः उन असद्‌व्याख्याताओं की दुश्चेष्टा से असत्पथ के गर्त में गिरी हुई मीमांसा को पुनः आस्तिक पथ पर ले आने के लिए 'वार्तिक' की रचना रूप यह मेरा प्रयास है——

प्रायेणैव हि मीमांसा लोके लोकायतीकृता।
तामास्तिकपथे कर्तुमयं यत्नः कृतो मया॥१०॥

इस भाष्य एवं वार्त्तिक आदि के स्वरूपों का परिचय देते हुए शास्त्रकारों ने कहा है कि सूत्रानुसारी वाक्यों के द्वारा सूत्र के आशय का प्रतिपादन करते हुए अपने वाक्यों का तात्पर्य भी जहाँ कहा जाता है वह 'भाष्य' है :

"सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र वाक्यैः सूत्रानुसारिभिः।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः॥

[पराशरोपपुराण]

जो विषय भाष्य में नहीं कहे गये हैं किन्तु कथनीय हैं तथा जो विषय भाष्य में कहे भी गये हैं-- इन दोनों प्रकार के वक्तव्यों के साथ जहाँ क्लिष्ट या अस्पष्ट रूप में अभिहित वाक्यों के आशय को भी उपपादित किया जाता है उसे 'वार्त्तिक' कहते हैं--

उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्तते।
तं ग्रन्थं वार्त्तिकं प्राहुः वार्तिकज्ञाः मनीषिणः॥

किसी-किसी के मत में वार्त्तिक में प्रयोजन का कथन, संशय का प्रदर्शन और उसके निराकरण द्वारा सिद्धान्त का प्रतिपादन, व्याख्यान द्वारा आशयविशेष का स्पष्टीकरण, गुण का प्रदर्शन अर्थात् अपने वक्तव्य को प्रमाण एवं तर्क द्वारा पुष्ट करना, अनावश्यक बात नहीं कहकर व्यर्थ के विस्तार से बचते हुए लाघव का समावेश तथा कही हुई बात को न कहकर केवल अपेक्षित वक्तव्य का निर्देश रूप व्याख्या के आठ गुण निर्दिष्ट हैं।

प्रयोजनं संशयनिर्णयौ च व्याख्याविशेषो गुणलाघवं च।
कृतव्युदासोऽकृतशासनं च स वार्त्तिको धर्मगुणोऽष्टकश्च॥

[विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३।६ अन्तिम पद्य]

यद्यपि परम्परा यही है कि सूत्र, भाष्य, वार्त्तिक, व्याख्या तथा उसकी उपव्याख्या आदि होती है किन्तु वैशेषिक की प्राचीन व्याख्या तथा व्याकरण-शास्त्र में इसका विपरीत देखा जाता है। सूत्र के पूरक रूप में यहाँ वार्त्तिक हैं और पश्चात् भाष्य का प्रणयन हुआ है। इसके समाधान में वक्तव्य है कि गंगा नदी की धारा सर्वत्र उत्तर से दक्षिण की ओर जाती है काशी में ठीक इसका विपरीत देखा जाता है। गंगा उत्तरवाहिनी है किन्तु उसका माहात्म्य भी शास्त्र में अधिक माना गया है। इस तरह अन्य भाष्य की अपेक्षा व्याकरण भाष्य का भी महत्त्व अधिक है। फलतः केवल वही 'महाभाष्य' कहलाता है और 'यथोत्तरं मुनीनां

प्रामाण्यम्' इस अनुश्रुति के आधार पर पाणिनि तथा कात्यायन की अपेक्षा भगवान् पतञ्जलि भी अधिक अभ्यर्हित माने गये हैं। अतएव वह अपवाद रूप में ग्राह्य है।

दोनों ही धाराओं का अवलम्बन करके प्रत्येक शास्त्र की व्याख्या की गयी है। अतएव भाष्य तथा वार्त्तिक आदि के साथ-साथ वृत्ति भी सूत्रों की मिलती है। न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त, साङ्ख्य, योग तथा व्याकरण आदि सभी शास्त्रों की उभयविधा व्याख्या उपलब्ध है।

(ग) इनके अतिरिक्त टीका तथा पञ्जिका का भी विवरण मिलता है। राजशेखर ने **काव्यमीमांसा** के शास्त्रनिर्देश प्रकरण में कहा है कि यथासम्भव सरल शब्दों के द्वारा अभिप्राय का स्पष्ट प्रतिपादन 'टीका' कहलाता है 'यथा सम्भवमर्थस्य टीकनं टीका'। जैसे न्यायवार्त्तिक की वाचस्पति मिश्र प्रणीत **तात्पर्यटीका** प्रसिद्ध है और केवल कठिन पदों के अभिप्राय का प्रकाशन पञ्जिका में होता है। अतएव वह 'विषम पद भञ्जिका' कही गयी है। न्यायदर्शन में प्राचीन नैयायिक अनिरुद्धाचार्य की **'तात्पर्यविवरणपञ्जिका'** एवं बौद्ध दर्शन में तत्त्वसंग्रह की कमलशीलकृत पञ्जिका प्रसिद्ध एवं प्रकाशित है। यही पञ्जिका **टिप्पणी या टिप्पण** नाम से अधिक प्रसिद्ध हुई। टिप्पणी में पञ्जिका तथा टिप्पण से संक्षिप्ततम व्याख्या अभिप्रेत है। अतः तीनों एक ही अर्थ के बोधक होने से पर्याय पद जैसे हैं।

[४]

(क) **संग्रहग्रन्थ तथा प्रकरणग्रन्थ** भी शास्त्रीय सिद्धान्तों की व्याख्या के लिये ही रचित होते हैं। इनकी भी अपनी स्वतन्त्र विशेषता है। **महाभाष्य** में व्याडिकृत 'व्याकरण संग्रह' का उल्लेख है। वैशेषिक दर्शन में प्रशस्तपादाचार्य की कृति यद्यपि भाष्य नाम से प्रसिद्ध है तथापि वह संग्रह ही है। लेखक ने स्वयं उसको 'संग्रह' कहा है।

प्रणम्य हेतुमीश्वरं मुनिं कणादमन्वतः।
प्रवक्ष्यते महोदयः पदार्थधर्मसंग्रहः॥

वङ्गदेशीय विद्वान् श्रीधर ने अपनी प्रसिद्ध व्याख्या **कन्दली को 'संग्रह टीका'** ही कहा है। लगता है कि परवर्ती काल में वैशेषिक भाष्य के उपलब्ध नहीं रहने पर वैशेषिक दर्शन के प्राचीनतम इस संग्रह ग्रन्थ को ही सम्प्रदाय द्वारा भाष्य कहने

की प्रथा चल पड़ी । संग्रह ग्रन्थ का लक्षण पाराशर उपपुराण में दिया गया है जो, इस प्रकार है--

विस्तरेणोपदिष्टानामर्थानां सूत्रभाष्ययोः ।

संग्रहो यः समासेन संग्रहं तं विदुर्बुधाः ॥

सूत्र और भाष्य में विस्तार से कही गयी मान्यता का संक्षेप में जहाँ प्रतिपादन किया जाए वह ग्रन्थ 'संग्रह' कहलाता है । भासर्वज्ञ का **न्यायभूषण**, जयन्त भट्ट का **न्यायमञ्जरी** तथा भर्तृहरि का **वाक्यपदीय** आदि इसी कोटि की रचना है ।

(ख) प्रकरण ग्रन्थ उसे कहते हैं जहाँ शास्त्र के किसी एक अंश का स्पष्ट एवं विस्तृत आलोचन किया जाता है । **पराशरोपपुराण** में इसका भी लक्षण मिलता है :

शास्त्रैकदेशसम्बद्धं शास्त्रकार्यान्तरे स्थितम् ।

आहुः प्रकरणं नाम ग्रन्थभेदं विपश्चितः ॥

प्रभाकरमीमांसा के प्रचारक आचार्य शालिकनाथ की रचना **प्रकरणपञ्जिका** इसका प्रथम उदाहरण है । नव्यन्याय के प्रवर्तक गंगेशोपाध्याय की कृति **चिन्तामणि** भी इसी कोटि में आती है जहाँ न्यायदर्शन के केवल प्रमाण पदार्थ का आलोचन हुआ है ।

गङ्गेश उपाध्याय ने अपनी कृति का नाम **चिन्तामणि** क्यों रक्खा--इस जिज्ञासा के शान्त्यर्थ मङ्गलाचरण के अव्यवहित क्षण में ही एक अभिप्रायपूर्ण पद्य लिखा है, जो बहुत रोचक एवं विचारणीय है ।

विचार और चिन्ता समानार्थक है, उसके साथ मणि को इसलिए जोड़ा गया है कि वह अलंकरण हेतु उपयोग किया जाता है और अन्धकार में प्रकाश भी देता है । अतएव मणिरूप यह कृति भी नैयायिकों के लिए अलंकरण होगा और विरोधी मत रूप अन्धकार के नाश में समर्थ होकर अपनी मान्यता का प्रकाशन भी करेगा । यहाँ अपने सिद्धान्त के प्रतिपादन में वचन की दरिद्रता नहीं की गयी है, पर्याप्त तर्क और प्रमाण द्वारा उसका उपपादन किया गया है और निराकरणीय मान्यता के विचार में चतुरता का प्रदर्शन हुआ है ।

यतो मणेः पण्डितमण्डनक्रिया
प्रचण्डपाखण्डतमस्तिरस्क्रिया ॥
विपक्षपक्षे न विचारचातुरी ।
न च स्वसिद्धान्तवचोदरिद्रता ॥

[**तत्त्वचिन्तामणि** का प्रारम्भ]

इस तरह हम देखते हैं कि भारतीय विद्या में व्याख्या की अनेक विधाएँ उपलब्ध हैं, किन्तु इसकी पद्धति क्या है-- इस पर भी विचार करना अपेक्षित है।

ऊर्ध्वनिर्दिष्ट विविध प्रकार से प्रवर्तमान एवं प्रवर्धमान व्याख्या की धाराएँ अधोनिर्दिष्ट दो में से किसी एक पद्धति का अवश्य अवलम्बन करके चलती हैं। एक है पदार्थ के निर्धारण में तत्पर न्यायशास्त्र की पद्धति और दूसरी है वाक्यार्थ के निर्णय हेतु कटिबद्ध मीमांसा की पद्धति।

महर्षि याज्ञवल्क्य ने अपनी स्मृति में चौदह विद्याओं की चर्चा की है--

पुराणन्यायमीमांसाधर्मशास्त्राङ्गमिश्रिताः ।
वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुर्दश ॥

प्रतीत होता है कि इनमें चारों वेद तो व्याख्येय अर्थात् बोध्य हैं और अन्य दश विद्याएँ उनकी बोधिका हैं। 'इतिहास पुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्' **महाभारत** की यह उक्ति ही साक्षी है कि वेदार्थ के अवबोधन में पुराण सहायक है। "अङ्ग्यन्ते ज्ञायन्ते वेदाभिप्राया एभिरित्यङ्गानि" इस व्युत्पत्ति के अनुसार तथा इन अङ्गशास्त्रों के स्वभाव के आधार पर कहा जा सकता है कि शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द तथा ज्योतिष रूप प्रसिद्ध छह अङ्गशास्त्र वेदार्थ के अवधारण हेतु ही मुख्यतः आविर्भूत हैं। उच्चारण शुद्धि, आचरण ज्ञान, पदों का आशय, पदों का विशिष्ट व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ, व्यवहृत छन्द का ज्ञान तथा कर्तव्यकाल के निर्धारण विना वैदिक कर्मकाण्ड में कोई भी कैसे प्रवृत्त हो सकता है। भारतीयों के विचार और आचार में सनातन काल से समन्वय चला आ रहा है। अतः आचार प्रतिपादक धर्मशास्त्र वेदार्थ के पूरक हैं। न्याय और मीमांसा वेदार्थ के परीक्षण एवं निष्कम्प प्रवृत्ति हेतु निकष की तरह अपनी भूमिका सम्पादित करते हैं। अतएव उपाय शास्त्र हैं सर्वत्र शास्त्रीय चिन्तन

या लोकव्यवहार में उपयोगी होते आ रहे हैं। अन्यथा बिना परीक्षण के किसी भी वस्तु का तत्त्वज्ञान संभव नहीं है। यही कारण है कि याज्ञवल्क्य ने केवल इन्हीं दो दर्शनों का उल्लेख यहाँ किया है। अभिप्राय अववोध के लिए ये दोनों ही पद्धतियाँ नितान्त उपयोगी हैं।

शास्त्र के व्याख्याकारगण अपनी व्याख्या की प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिए व्याख्या के प्रारम्भ में ही न्याय और मीमांसा में अपनी अभिज्ञता का उल्लेख करते हुए देखे गये हैं। **चिन्तामणि** के आरम्भ में नव्यन्याय के प्रवर्तक गङ्गेश उपाध्याय ने कहा है कि न्यायदर्शन का आकलन कर गुरुओं से गुरु का अर्थात् प्रभाकर का मत (**प्राभाकर मीमांसा**) समझकर अपनी विवेचन दृष्टि से उन दोनों शास्त्रों के अभिप्रायों को समझ कर इस **चिन्तामणि** की रचना करता हूँ।

अन्वीक्षानयमाकलय्य गुरुभिर्ज्ञात्वा गुरूणां मतं
चिन्तादिव्यविलोचनेन च तयोः सारं विलोक्याखिलम्।
तन्त्रे दोषगणेन दुर्गमतरे सिद्धान्तदीक्षागुरुः
गङ्गेशस्तनुते मितेन वचसा श्रीतत्त्वचिन्तामणिम्॥

द्वितीय वाचस्पति मिश्र ने **कृत्यदीप ग्रन्थ** के आरम्भ में कहा है कि मीमांसकों के कुल में जन्म होने से ही उस शास्त्र की अवगति स्वाभाविक है और न्यायशास्त्र गुरु की कृपा से समझ सका हूँ। अन्य शास्त्रों के विषय में ये मौन हैं।

वंशे जातः कलुषरहिते कर्ममीमांसकाना—
मान्वीक्षिक्यां गुरुकरुणया लब्धतत्त्वाववोधः॥

पुनश्च अनुमान निर्णय के मंगल में इन्होंने न्याय और मीमांसा शास्त्र के प्रयत्नपूर्वक अध्ययन एवं अभ्यास की वात स्पष्टत: कही है। उन दोनों शास्त्रों की विवेचना द्वारा सार आहरण कर इन्होंने इस अनुमान मार्ग का विशद अर्थात् प्रकाशन किया है:

आराध्य यादवकिशोरमतिप्रयत्नात्
अभ्यस्य गौतममतं सह जैमिनीयम्॥
सारं विविच्य मतयोरनयोरशेषं
वाचस्पतिर्विशदयत्यनुमानमार्गम्॥

चिन्तामण्यालोक की 'कण्टकोद्धार' व्याख्या के प्रणेता मधुसूदन ठक्कुर ने भी यही बात कही है :

मधुसूदनेन यत्नान् मीमांसान्यायपारगेन कृतः ।
सुचिरं सुखयतु सुजनानालोके कण्टकोद्धारः ।।

[६]

(क) प्रमाणों से किसी भी वस्तु का परीक्षण करना ही न्याय शब्द का अर्थ है-- 'प्रमाणैरर्थपरीक्षणं न्यायः' (**न्यायभाष्य**) । न्यायशास्त्र की प्रवृत्ति तीन प्रकार की होती है--उद्देश, लक्षण और परीक्षा "त्रिविधा चास्य प्रवृत्तिः उद्देशो लक्षणं परीक्षा च (**न्यायभाष्य**) । वस्तु का नाम निर्देश उद्देश है । उसके स्वरूप का परिचय लक्षण से अभिप्रेत है । **सर्वतन्त्रपदार्थलक्षण संग्रह** नामक ग्रन्थ में भिक्षु गौरीशंकर ने कहा है कि पदार्थ ज्ञान के लिए लक्षण लघुभूत उपाय है :

ऋषयोऽपि पदार्थानां नान्तं यान्ति पृथक्त्वशः ।
लक्षणेन तु सिद्धानामन्तं यान्ति विपश्चितः ।।

महाभाष्य के पस्पशाह्निक में व्याकरण पदार्थ निर्धारण के अवसर पर कहा गया है कि "लक्ष्यलक्षणं व्याकरणम्" । इसी प्रसंग में इन्होंने कहा है "पुनः लक्षणं किमर्थमिति चेत् लघीयसी प्रतिपत्तिर्यथा भवति । लक्षणेन लघुनोपायेन विषयबोधो भवति ।" अतएव लक्षण के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है । वह बहुत ही उपादेय है । अन्यथा पदार्थ का परिचय ही संभव नहीं है । प्रमाण तथा तर्क के निकष पर परीक्षा द्वारा उस लक्षण की यथार्थता की पहचान होती है । इस परीक्षा के लिए प्रमेय को छोड़ कर अन्य सभी पञ्चदश पदार्थों की आवश्यकता होती है । इसी लिए इस शास्त्र का नामान्तर 'अन्वीक्षा' है । 'ईक्षितस्य दृष्टस्य लक्षणेनावगतस्य अन्वीक्षा पुनरीक्षा परीक्षा' इसकी व्युत्पत्ति है । फलतः न्याय दर्शन अध्यात्मशास्त्र होकर भी सभी अन्य विद्याओं का उपकारक है । अतएव दो तरह से न्याय विद्या का उपयोग होता है । मोक्षमार्गदर्शकता यदि उसका एक रूप है तो सकल शास्त्रों के अवबोध हेतु उपकारकता भी उसका दूसरा रूप है । अतएव न्यायभाष्य में तथा कौटिलीय अर्थशास्त्र में कहा गया है—

प्रदीपः सर्वविद्यानामुपायः सर्वकर्मणाम् ।
आश्रयः सर्वभूतानां शश्वदान्वीक्षिकी मता ।।

अभिप्राय यह है कि अनुमान के दो भेद माने गये हैं— स्वार्थ और परार्थ। स्वार्थानुमान में पञ्चावयवरूप न्यायवाक्य को कहने की आवश्यकता नहीं होती है, किन्तु उनकी अवगति अपेक्षित है। परार्थानुमान में पञ्चावयव रूप न्यायवाक्य द्वारा वक्ता का अभिप्राय श्रोता में संक्रान्त होता है। अतएव पदार्थ के निर्णय में न्यायवाक्य का उपयोग होता है। इस न्यायवाक्य के पाँच अवयव प्रसिद्ध हैं— प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय तथा निगमन। अतः न्यायवाक्य पञ्चावयव कहलाता है। इस न्याय के पूर्वाङ्गरूप में संशय, प्रयोजन और दृष्टान्त का परिचय आवश्यक है। ज्ञान की जननी जिज्ञासा संशय के बिना उपपन्न नहीं हो सकती है। सामान्य रूप से ज्ञात और विशेष रूप से अज्ञात विषय में संशय होता है। प्रवृत्ति-मात्र के प्रति प्रयोजन कारण होता है। शास्त्र में कहा गया है कि प्रयोजन के बिना मूर्ख (अज्ञ) भी कहीं प्रवृत्त नहीं होता है। 'प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्तते'। जिज्ञासु और गुरु–– दोनों का परिचित तथा दोनों के द्वारा मान्य पदार्थ दृष्टान्त कहलाता है। दृष्टान्त के बिना प्रतिवादी के समझाने के लिए कोई भी युक्ति कार्यकर नहीं होती है। अतएव अपने पक्ष के समर्थन और अन्य पक्ष के खण्डन हेतु दृष्टान्त एक उपकरण है। यहाँ एक बात और विचारणीय है। उदाहरण और दृष्टान्त एक नहीं है। यद्यपि उदाहरण द्वारा दृष्टान्त पदार्थ भी जाना जाता है, किन्तु वह न्याय का एक अवयव है तथा दोनों का पृथक् अस्तित्व है। उदाहरण है वाक्य और दृष्टान्त है वस्तु। न्यायसूत्र में 'दृष्टान्त उदाहरणम्' का अर्थ है दृष्टान्तबोधक वाक्य उदाहरण है। जिस वाक्य के द्वारा दो धर्मों में साध्यसाधन-भाव प्रदर्शित हो वह उदाहरण वाक्य है। 'येन वाक्येन द्वयोर्धर्मयोः साध्यसाधनभावः उदाह्रियते प्रदर्श्यते तद् वाक्यमुदाहरणम्'। उदाहरण वाक्य दृष्टान्त का बोधक होता है और वह इसका बोध्य। अतएव साधर्म्य और वैधर्म्य के भेद से दृष्टान्त और उदाहरण दो प्रकार के होते हैं। साध्य और साधन का समान धर्म से युक्त वस्तु साधर्म्य है और असमान धर्म से युक्त वस्तु वैधर्म्य कहलाता है।

सिद्धान्त उक्त न्याय का आश्रय होता है। इसके चार भेद यहाँ स्वीकृत हैं— सर्वतन्त्र, प्रतितन्त्र, अधिकरण और अभ्युपगम।

इस न्याय के उत्तराङ्ग रूप में तर्क और निर्णय पदार्थ स्वीकृत हैं। अज्ञात विषय में कारण का उपपादन कर उसकी यथार्थता को समझने के लिए ऊह करना "तर्क" है। यह न तो प्रमाण है और न तो किसी प्रमाण में इसका अन्तर्भाव ही सम्भव है, अपि तु यह प्रमाण का अनुग्राहक है अर्थात् प्रामाण्य का व्यवस्थापक है,

जो पदार्थ के यथार्थ निर्णय में सहायक होता है। इसके अनेक तरह से शास्त्र में भेद किए गये हैं। किन्तु यहाँ मैं प्रसंगोपयोगी एक प्रकार की चर्चा करना चाहूँगा। इसके दो भेद व्याप्तिग्राहक और विषयपरिशोधक रूप भी एक प्रकार है। धूम यदि आग का व्यभिचारी होता तो आग से वह उत्पन्न नहीं होता। चूंकि आग से वह उत्पन्न होता है, अतः उसका व्यभिचारी वह नहीं हो सकता है—यह व्याप्ति-ग्राहक तर्क का स्वरूप है। पर्वत पर यदि आग नहीं होगी तो धूम भी नहीं होगा। चूंकि धूम है अतः आग भी वहाँ अवश्य होगी—यह विषयपरिशोधक तर्क का स्वरूप है। संशय उठने पर पक्ष और विपक्ष की बात सुनकर विचार द्वारा जो इदमित्थमेव का अवधारण किया जाता है, उसको निर्णय कहते हैं।

पञ्चावयव न्यायवाक्य का उल्लेख यहाँ पहले किया गया है। इनमें न्याय सम्मत चारों प्रमाणों का समावेश है। प्रतिज्ञा में शब्द प्रमाण, हेतु में अनुमान, उदाहरण में प्रत्यक्ष, उपनय में उपमान और निगमन में इन चारों का संकलन किया जाता है। अतएव यह न्यायवाक्य प्रमाणों का पूर्ण बल पाकर अर्थ का साधक होता है। इन प्रमाणों के द्वारा किसी पदार्थ की उचित परीक्षा हो पाती है।

इस न्याय वाक्य के उपयोग हेतु कथा-प्रकरण अवतरित होता है। कथा के तीन भेद प्रसिद्ध हैं—वाद, जल्प और वितण्डा। तत्त्वज्ञान की इच्छा से यदि कोई गुरु या सतीर्थ्य के साथ जिज्ञासा बुद्धि से कथा में प्रवृत्त होता है, तो इसे वाद कहते हैं। चारों प्रमाण और सभी प्रकार के तर्क यहाँ खण्डन या मण्डन में सहायक होते हैं। इसमें किसी के भी मत का विरोध नहीं होता है, अपि तु उसके यथार्थ स्वरूप का परिचय मिलता है।

पदार्थ के निर्वचन हेतु 'तद्विद्यसम्भाषा' अर्थात् सम्बद्ध विषय के जानकार के साथ बातचीत करना आवश्यक है। अतः कथाप्रकरण की इस प्रसंग में बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका है। अन्यथा एक के अभिप्राय से दूसरा परिचित ही नहीं हो पायेगा और जब बातचीत होगी तो खण्डन-मण्डन स्वभाव सिद्ध है। इस क्रम में यदि देखा जाए तो इस खण्डन-मण्डन का क्रम तीन प्रकारों से चलता है। शुद्ध अनु-भव के आधार पर प्रतिपक्षी के मत के अनुकूल उपायों से उसके मत का निराकरण या स्वीकार करना। जैसे तात्पर्याचार्य वाचस्पति मिश्र ने कहा है कि वस्तु की उपलब्धि में अनुभव ही हम लोगों की शरण है—"संविदेव भगवती वस्तूपगमे नः

शरणम् ।'' जैसे वैशेषिक का नानात्मवाद । सब कुछ समान रहने पर भी एक सुखी और अपर दुःखी देखे गये तो ''व्यवस्थातो नाना'' कहकर नानात्मवाद की स्थापना की गयी । दूसरा क्रम इसका यह है कि अपने सम्मत सिद्धान्त के आधार पर अर्थात् अपनी कसौटी पर दूसरों की मान्यता का परीक्षण, जो कदापि खरा अर्थात् अनुकूल नहीं उतरेगा । जैसे बौद्ध और नैयायिक का पारस्परिक कलह । कथा का दूसरा भेद जल्प इसी तरह चलता है । वादी या प्रतिवादी विजय की इच्छा रख कर प्रवृत्त होते हैं । अतएव इसमें हेत्वाभास, छल, जाति तथा निग्रहस्थान का प्रयोग होता है और सब बातें वाद की तरह ही यहाँ होती हैं । प्रतिवादी यदि अपना पक्ष नहीं प्रस्तुत करके केवल परपक्ष के खण्डन में ही लगा रहता है, तो इसे वितण्डा कहते हैं । इसमें अपनी प्रतिभा के बल पर धूलि प्रक्षेप जैसी युक्ति दिखा कर परमत का निराकरण किया जाता है, जो खण्डन-मण्डन के क्रम का तीसरा प्रकार है । श्रीहर्ष की कृति **खण्डनखण्डखाद्य** इसी कोटि की है, जो 'अनिर्वचनीयतावादसर्वस्व' नाम से विद्वत्समाज में प्रख्यात है ।

कृषक जैसे अपने धान्य प्ररोह की रक्षा के लिए खेत के चारों ओर काँटे लगाते हैं, इसी तरह प्रतिपक्षी द्वारा असद् उपाय के—हेत्वाभास, छल, जाति तथा निग्रहस्थान के—प्रयोग से अपनी मान्यता को बचाने के लिए उन सभी का परिचय प्राप्त करना सिद्धान्तवादी के लिए आवश्यक है । दोषों की जानकारी रहने पर ही स्वयं उनसे निवृत्त रह कर दूसरों के द्वारा उनके प्रयोग किये जाने पर उसको समझा जा सकता है । फलतः व्यवहार में इसका परिज्ञान आवश्यक है । अनावश्यक विस्तार के भय से यहाँ छल, जाति तथा निग्रहस्थान आदि का स्वरूप-प्रतिपादन नहीं किया जा रहा है । शास्त्र से उनका परिचय प्राप्त किया जा सकता है । केवल अनिवार्य तथ्य ही यहाँ संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है । इस तरह न्यायदर्शन के प्रमेय को छोड़ कर अन्य सभी पदार्थ यहाँ उपयोगी हैं, जो संख्या में पन्द्रह हैं :— प्रमाण, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति तथा निग्रहस्थान ।

(ख) वेद की असन्दिग्ध अधिकारिता और विश्वसनीयता के स्थापन हेतु उसकी व्याख्या की आवश्यकता थी और इसके लिए एक निश्चित प्रक्रिया का अवधारण भी अपेक्षित था । अन्यथा विशाल वैदिक विषयों के अध्ययन-क्रम में भ्रान्ति की सम्भावना बनी रहती । अतः मीमांसाशास्त्र का अवतार हुआ । इसके द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से ही वेद का परिज्ञान हो सकता है अन्यथा नहीं, चाहे

वह वेद का कर्मकाण्ड भाग हो या ज्ञानकाण्ड । विवेचन, अन्वेषण तथा अवगति की विलक्षण प्रक्रिया यहाँ निर्दिष्ट हुई है, जिसके आधार पर भारतीय विद्या का चरम उत्कर्ष तथा शाङ्करभाष्य के प्रतिपाद्य ब्रह्म का विवेचन भी हुआ है । वैदिक कर्मकाण्ड यज्ञ यागादि भी सम्पन्न होता आ रहा है । वेद का व्यवहार कैसे करना चाहिए—इसका पथ प्रदर्शन मीमांसा ही करती है—

धर्मे प्रमीयमाणे हि वेदेन करणात्मना ।
इति कर्त्तव्यताभागं मीमांसा पूरयिष्यति ॥

भट्टकुमारिल ने **श्लोकवार्त्तिक** में स्पष्ट कहा है ।

मीमांसा वस्तुतः परीक्षाशास्त्र है, अन्य शास्त्रों की तरह यह अनुशासनात्मक नहीं है । इस दर्शन का तृतीय सूत्र "तस्य निमित्तपरीष्टिः" इस बात का स्पष्ट साक्ष्य प्रस्तुत करता है । क्योंकि परीष्टि पद यहाँ परीक्षा का वाचक है । चूंकि वेदवाक्य के परीक्षण हेतु ही यह आविर्भूत हुआ अतः **पारस्करगृह्यसूत्र** में इसे वेद ही कहा गया है । "विधिर्विधेयस्तर्कश्च वेदः" इस वचन में विधि से ब्राह्मण भाग, विधेय से मन्त्र भाग और तर्क से मीमांसाशास्त्र विवक्षित है । **मनुस्मृति** में भी मीमांसा के लिए तर्क पद का व्यवहार हुआ है—'यस्तर्कैणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतरः । वेद में प्रामाण्य और तदितर में अप्रामाण्य के स्थापन हेतु जिन उपायों का अवलम्बन इस शास्त्र में किया गया है, उनका ही नामान्तर है युक्ति । अतः इसे युक्तिशास्त्र या तर्कशास्त्र भी कहते हैं । युक्ति, न्याय और तर्क एकार्थक है ।

यहाँ एक बात का ध्यान रखना आवश्यक है । मीमांसा में व्युत्पत्तिमूलक अर्थ को लेकर न्याय, तर्क और युक्ति एकार्थक माना गया है, जो अधिकरण रूप अर्थ में अपने को समर्पित कर देता है । **जैमिनीय न्यायमाला** में आचार्य माधव ने स्पष्ट कहा है—'न्यायोऽधिकरणम्'। किन्तु न्याय दर्शन में न्याय पद पारिभाषिक है, जिसका स्वरूप पञ्चावयवात्मक है और वह परार्थानुमान के लिए स्पष्टतः व्यवहृत होता है । तर्क उस शास्त्र में स्वतन्त्र रूप में अपनी सत्ता रखता है । इसका पर्याय कदाचित् युक्ति है । चूंकि मीमांसाशास्त्र वेद के वाक्यार्थ के निर्णय में समर्थ है, अतएव "वाक्यशास्त्र" भी इसे कहा गया है । इस शास्त्र की प्रशंसा करते हुए तात्पर्याचार्य वाचस्पति ने उक्त **पारस्करगृह्यसूत्र** के वचन का स्पष्ट अनुमोदन अपनी **तात्पर्यटीका** में किया है । इन्होंने कहा है कि जैसे नमक के बड़े ढेर में छोटा सा

लकड़ी का टुकड़ा यदि समा जाए तो वह भी नमक बन जाता है इसी तरह केवल वेदार्थ के अवधारण में सर्वथा तत्पर यह शास्त्र भी वेद ही है--

मीमांसासंज्ञकस्तर्कः सर्ववेदसमुद्भवः ।
सोऽतो वेदो रुमाप्राप्तकाष्ठादिलवणात्मवत् ।।

अभिप्राय यह है कि मनुष्य अपने कर्त्तव्य के पालन हेतु जब तत्पर होगा तो उसे विधि निषेध का पालन करना होगा । हित में प्रवृत्ति और अहित से निवृत्ति हेतु इसको समझाने वाला वेद चूंकि अपौरुषेय है, अतः व्याख्येय है । चूंकि विशाल है, अतः प्रणिधानपूर्वक अवधेय है । फलतः मीमांसा द्वारा उसका अवधारण नितान्त अपेक्षित है । उपायान्तर इतिकर्त्तव्यता के अवधारण में सर्वथा असमर्थ हैं । वेद के अंग या शास्त्रान्तर वैदिक पदार्थों की अवगति हेतु उपयोगी हैं, किन्तु वाक्यार्थ के अवधारण द्वारा इतिकर्त्तव्यता का बोध मीमांसा ही करा सकती है ।

मीमांसा में वाक्य के तात्पर्य निर्णय हेतु जिस प्रक्रिया को अपनाया गया है उसके सात भेद हैं :

उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वताफलम् ।
अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिश्चये ।।

उपक्रम, उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद और उपपत्ति--ये सात किसी भी वाक्य के तात्पर्य निर्णय हेतु अपेक्षित होते हैं । प्रतिपाद्य विषय का आदि में कथन उपक्रम है और अन्त में उसकी निष्पन्नता का कथन उपसंहार । प्रतिपाद्य का बीच-बीच में अभिधान अभ्यास है । प्रतिपाद्य का जिस प्रमाण द्वारा सिद्ध करना इष्ट है उससे भिन्न प्रमाण का अविषय होना ही उसकी अपूर्वता है । प्रतिपाद्य के प्रयोजन का परिज्ञान ही फल है । प्रतिपाद्य की ओर ध्यान आकृष्ट करने हेतु उसकी प्रशंसा करना अर्थवाद है और दृष्टान्त के द्वारा प्रतिपाद्य का उपपादन ही उपपत्ति है ।

यहाँ प्रक्रिया यह है कि प्रमाण से प्रमेय की सिद्धि होती है और प्रमाण लक्षण द्वारा अवगत होता है । अतः लक्षण और प्रमाण से वस्तु की सिद्धि होती है । सम्पूर्ण वेद का तात्पर्य धर्म में अर्थात् मानव के इष्टसिद्धि के उपयोगी कर्तव्य में पर्यवसित है । अतः धर्म की जिज्ञासा, उसका स्वरूप एवं उसके अवबोध की प्रक्रिया यहाँ निर्दिष्ट हुई है ।

मानाधीना मेयसिद्धिर्मानसिद्धिश्च लक्षणात् ॥
तल्लक्षणप्रमाणाभ्यां वस्तुसिद्धिरितीर्यते ॥

[मानमेयरहस्यश्लोकवार्त्तिक, पृ० ४६०]

इसकी पञ्चसूत्री विचार पद्धति प्रसिद्ध है। किसी भी विषय के विचार के समय पक्ष और विपक्ष के बलाबल की चिन्ता करके निर्णय करने की प्रक्रिया मीमांसा में निर्दिष्ट है। केवल विषय के उल्लेख भर से निर्णय नहीं हो जाता है, अपि तु उस विषय में ऊहापोह के बाद इदमित्थं का अवधारण किया जाता है, जो पश्चात् सिद्धान्तरूप में परिणत होता है। अन्तिम निर्णय का विषय सिद्धान्त कहलाता है। यहाँ पाँच प्रकार से ऊहापोह किया जाता है। पहले विवाद का विषय प्रस्तुत किया जाता है, फिर उस विषय में संभावित संशय उठाया जाता है। पूर्वपक्ष की युक्तियाँ प्रदर्शित होती हैं, पुनश्च उसके निराकरण हेतु बाधक प्रमाण दिखा कर उसके विपरीत पक्ष अर्थात् सिद्धान्त पक्ष का साधक प्रमाण दिखाया जाता है। इस तरह अभिमत पक्ष में बाधक प्रमाणाभाव और साधकप्रमाण की संगति से सिद्धान्त स्थिर होता है।

विषयो विशयश्चैव पूर्वपक्षस्तथोत्तरः।
संगतिश्चेति पञ्चाङ्गं शास्त्रेऽधिकरणं स्मृतम् ॥

इस पञ्चसूत्री विचार पद्धति का नाम शास्त्र में "अधिकरण" है। इसके सहायक रूप में प्रमाण, भेद, शेषत्व, प्रयुक्ति, क्रम, अधिकार, अतिदेश, ऊह, बाध, तन्त्र और प्रसंगरूप ग्यारह उपाङ्ग निर्दिष्ट हैं, जिनके विस्तृत विवरण से यह शास्त्र परिपूर्ण है। इन उपाङ्गों का परिचय इस शास्त्र के अध्ययन से ही संभव है।

(क) फलतः विवाद के निर्णय, संशय का निराकरण तथा जिज्ञासा की शान्ति के द्वारा शास्त्रीय अभिप्रेत पदार्थों का अवबोधन व्याख्याकार का कर्तव्य होता है, जहाँ उक्त दोनों ही प्रक्रिया सहायिका होती है। इससे बुद्धि की कुशाग्रता सम्पादन द्वारा बुद्धि की शुद्धि, चिन्तन की चतुरता, प्रतिपादन में पाटव, आलोचन की दृष्टि, पदार्थ विवेचन सामर्थ्य तथा परिष्कार एवं निर्वचन आदि की क्षमता अर्जित होती है।

(ख) यही कारण है कि मिथिला में वेदान्त या अन्य शास्त्रों की अपेक्षा न्याय और मीमांसा का अध्ययन तथा अध्यापन कभी चरम सीमा पर विराजमान था ।

(ग) एक तीसरी परिष्कृत पद्धति का आविष्कार 'तन्त्रयुक्ति' रूप में हुआ जिसका विस्तृत विवरण आयुर्वेद के ग्रन्थों में (**चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता** आदि में) कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** में, **विष्णुधर्मोत्तरपुराण** में तथा खृष्टीय त्रयोदश शतक के आचार्य नीलमेघ की **तन्त्रयुक्ति** नामक कृति में मिलता है । इन तन्त्रयुक्तियों के आधार पर किसी भी ग्रन्थ का आशय सुलभतया समझा जा सकता है । यद्यपि यह पुस्तक लिखने की प्रक्रिया को कहती है तथापि इसके परिज्ञान से शास्त्र की व्याख्या अच्छी तरह की जा सकती है । न्याय और मीमांसा की निर्दिष्ट पद्धतियों का ही सम्मिलित एवं परिष्कृत रूप यह तन्त्रयुक्ति पदार्थ है । किसी भी व्याख्या प्रक्रिया से प्राचीन है यह तन्त्रयुक्ति । भाष्य लिखने की विधि भी प्रायः इसके बाद की है । मीमांसकों ने तन्त्रयुक्तियों की बहुत सी युक्तियाँ अपनी वाक्यार्थ निर्णायिका प्रक्रिया के लिए अपनायी है । इसका स्पष्ट प्रमाण किसी भी तन्त्रयुक्ति के अध्येताओं के लिये अन्वेषणीय नहीं है, अपि तु स्वतः ज्ञात हो जाता है।

लगता है कि भाष्य आदि व्याख्या ग्रन्थों के प्रचलन के बाद वाक्यशास्त्र के रूप में तन्त्रयुक्तियों का स्वतन्त्र व्यवहार अवरुद्ध हो गया । किन्तु यह इतना प्रभावशाली रहा कि इसका व्यवहार प्रत्येक शास्त्र के व्याख्याग्रन्थों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होता रहा है । उदाहरण के लिए न्यायभाष्य कहता है— 'अप्रतिषिद्धं परमतमनुमतं भवतीति तन्त्रयुक्तिः' । इसी तरह **न्यायवार्तिक, तात्पर्यटीका** और **न्यायभूषण** आदि ग्रन्थों में भी इसका प्रभाव अवलोकनीय एवं अन्वेषणीय है ।

शास्त्रीय विषयों को लेकर ग्रन्थ निर्माण करते समय प्रसङ्ग-सङ्गत अभिप्राय को ठीक तरह से समझाने के लिए अपनायी गयी प्रक्रिया का नाम है युक्ति, जो परस्पर अर्थों को संबद्ध करती है तथा विरोध व्याघात आदि दोषों का परिहार करती है । एक शब्द में इसका अर्थ होता है "उपाय" । चूंकि शास्त्र के निर्माण से इसका सम्बन्ध है, अतएव यह "तन्त्रयुक्ति" कहलाती है ।

युज्यन्ते सङ्कल्प्यन्ते सम्बद्ध्यन्ते परस्परमर्थाः सम्यक्तया प्राकरणिकेऽभिमतेऽर्थे विरोधव्याघातादिदोषजातमपास्यानया इति युक्तिः । युज् योजने तस्मिन्

युक्तिरिति रूपं भवति । युक्तिशब्दः खलूपायवाची । तन्त्रस्य युक्तयः तन्त्रयुक्तयः । न ह्येताः युक्तीः प्रत्याख्याय शक्यते तन्त्रं प्रणेतुम् ।

चरक संहिता में इसकी प्रशंसा में कहा गया है कि जैसे सूर्य कमल-वन को विकसित करता है तथा दीप घर को प्रकाशित करता है इसी तरह तन्त्रयुक्तियाँ शास्त्र को प्रकाशित करती हैं । एक शास्त्र के जान लेने पर दूसरा शास्त्र भी इन तन्त्रयुक्तियों के आधार पर सुविधापूर्वक जाना जा सकता है । तन्त्रयुक्ति के ज्ञान के बिना शास्त्र पढ़ने पर भी शास्त्र का अभिप्राय समझ में नहीं आता है, जैसे भाग्य के क्षय होने पर धन अधिगत नहीं हो पाता है । व्यवहार के ज्ञान नहीं रहने पर जैसे शस्त्र से हानि सम्भव है इसी तरह शास्त्र भी हानिकारक हो जाता है । वही यदि ठीक से जान लिया जाय तो सुरक्षा भी करता है ।

यथाम्बुजवनस्यार्कः प्रदीपो वेश्मनो यथा ।
प्रबोधनप्रकाशार्थास्तथा तन्त्रस्य युक्तयः ॥
एकस्मिन्निह यस्येह शास्त्रे लब्धास्पदा मतिः ।
स शास्त्रमन्यदप्याशु युक्तिज्ञत्वाद् प्रबुध्यते ॥
अधीयानोऽपि शास्त्राणि तन्त्रयुक्त्या विना भिषक्
नाधिगच्छति शास्त्रार्थानर्थान् भाग्यक्षये यथा ॥
दुर्गृहीतं क्षिणोत्येव शास्त्रं शस्त्रमिवाबुधम् ।
सुगृहीतं तदेव ज्ञं शास्त्रं शस्त्रं च रक्षति ॥

सुश्रुत संहिता में इसके दो मुख्य प्रयोजन बताए गये हैं । वाक्य की योजना और अर्थ की सङ्गति । इसी क्रम में [असद्] उक्तियों का प्रतिषेध तथा अपने अभिप्राय की पुष्टि भी हो जाती है । अस्पष्ट या सूत्ररूप में निर्दिष्ट अर्थ का विशद, स्पष्ट एवं अधिक शब्दों से व्याख्यान भी इसका प्रयोजन है ।"अत्रासां तन्त्रयुक्तीनां किं प्रयोजनम् ? उच्यते, वाक्ययोजनमर्थयोजनं च । भवन्ति चात्र श्लोकाः—

असद्वादिप्रयुक्तानां वाक्यानां प्रतिषेधनम् ।
स्ववाक्यसिद्धिरपि च क्रियते तन्त्रयुक्तितः ॥

व्यक्ता नोक्तास्तु ये ह्यर्थालीना ये चाप्यनिर्मलाः ।
लेशोक्ता ये च केचित् स्युस्तेषां चापि प्रकाशनम् ॥

आगे यहीं कहा गया है कि इस तरह इनका सामान्य परिचय प्रस्तुत हुआ, विशेष परिचय तो विद्वान् यथावसर व्यवहार से समझ लेंगे । बत्तीस तन्त्रयुक्तियाँ शास्त्रीय अभिप्रायों के अवबोध हेतु प्रयुक्त होती हैं । इनके उचित परिज्ञान से शास्त्र करामलक की तरह अधिगत हो जाता है ।

सामान्यदर्शनेनासां व्यवस्था संप्रदर्शिता ।
विशेषस्तु यथायोगमुपधार्यो विपश्चिता ॥
द्वात्रिंशद् युक्तयो ह्येतास्तन्त्रसारगवेषणे ।
यो ह्येतद् विधिवद् वेत्ति दीपीभूतस्तु बुद्धिमान् ॥

यद्यपि इनकी संख्या के विषय में परस्पर मतभेद देखा गया है तथापि निम्ननिर्दिष्ट बत्तीस संख्याओं में सबकी सम्मति है । वे हैं :

१—अधिकरण	२—विधान
३—योग	४—पदार्थ
५—हेत्वर्थ	६—उद्देश
७—निर्देश	८—उपदेश
९—अतिदेश	१०—अपदेश
११—प्रदेश	१२—उपमान
१३—अर्थापत्ति	१४—संशय
१५—प्रसंग	१६—विपर्यय
१७—वाक्यशेष	१८—अनुमत
१९—व्याख्यान	२०—निर्वचन
२१—निदर्शन	२२—अपवर्ग
२३—स्वसंज्ञा	२४—पूर्वपक्ष

२५—उत्तरपक्ष	२६—एकान्त
२७—अनागतावेक्षण	२८—अतिक्रान्तावेक्षण
२९—नियोग	३०—विकल्प
३१—समुच्चय	३२—ऊह्य

१—यहाँ "अधिकरण" से विचारणीय विषय अभिप्रेत है, जिसे अंग्रेजी में 'टॉपिक' कहते हैं। नीलमेघ नामक प्राचीनाचार्य ने अपने ग्रन्थ तन्त्रयुक्ति विचार में लिखा है—"अधिकरणं प्रस्तावः सामान्येनोक्तमप्यर्थजातं यद्बलाद् विशेषेणावस्थाप्यते"। मीमांसा में इसके पाँच अङ्ग बताये गये हैं—विषय, सन्देह, पूर्वपक्ष, उत्तरपक्ष तथा संगति।

विषयो विशयश्चैव पूर्वपक्षस्तथोत्तरम्।
सङ्गतिश्चेति पञ्चाङ्गं शास्त्रेऽधिकरणं स्मृतम्॥

२—विधान से वक्तव्य की प्रस्तुति अभिप्रेत है। 'शास्त्रस्य प्रकरणानुपूर्वीविधानम् अथवा परिपाटयार्थकथनं विधानम्'—तन्त्रयुक्ति विचार में इसका स्वरूप निर्दिष्ट हुआ है।

३—योग से वाक्य योजना विवक्षित है। पदार्थों का तथा वाक्यार्थों का परस्पर सम्बन्ध योग कहलाता है। किसी-किसी के मत से योग का तात्पर्य युक्ति है। इसके पाँच प्रकार बताये गये हैं—प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनयन तथा निगमन। इनका परिचय हमें न्यायशास्त्र में अवयव के रूप में मिलता है।

४—पदार्थ का आशय है पदों का अर्थ अथवा जिसके विषय में कहा जाता है।

५—हेत्वर्थ से कारणों का निर्देश लिया जाता है। 'हेत्वर्थो नाम यदन्यत्राभिहितमन्यत्रोपपद्यते।' जैसे वैद्यकशास्त्र में कहा गया है कि जैसे जल से मिट्टी गीली होती है इसी तरह माष [उड़द] से व्रण गीला होता है।

६—संक्षेप में विषय का कथन उद्देश कहलाता है। 'समासवचनमुद्देशः। उद्देशो नाम यत्रार्थानां शब्दमात्रेणैव कीर्तनम्'। इसका परिचय न्यायशास्त्र में भी मिलता है जहाँ उद्देश्य, लक्षण और परीक्षण के द्वारा पदार्थों का विवेचन किया गया है।

७—निर्देश का अर्थ है विस्तार से कथन। व्यासवाक्यं निर्देशः। नीलमेधाचार्य ने यहाँ कहा है—'निर्देशो नाम यच्छब्दमात्रेण निर्दिष्टानां स्वरूपविशेषप्रदर्शनाय पुनः कीर्तनम्।'

८—आप्तों के अनुशासन अर्थात् प्रभुसम्मित उपदेश यहाँ उपदेश का तात्पर्य है। इससे वक्तव्य की पुष्टि होती है। जैसे रात में अधिक नहीं जागना चाहिए तथा दिन में सोना नहीं चाहिए—इस तरह का कथन उपदेश है।

९—प्रतिज्ञात अर्थात् प्रतिपाद्य अर्थ के साधन हेतु जो कारण का निर्देश किया जाता है, उसे अपदेश कहते हैं। 'अपदेशो नाम· यत्प्रतिज्ञातार्थसाधनाय हेतुवचनम्।' वैशेषिक सूत्रों में हेतु के लिए अपदेश शब्द का ही प्रयोग किया गया है। इसको किसी ने शब्दान्तर में इस तरह कहा है :

अपदेशस्तु हेतूक्त्या स्वप्रतिज्ञास्थिरीकृतिः।

१०—"अतिदेश" का अर्थ यहाँ दिग्दर्शन है। जैसे यह ऐसा होता है इसी तरह दूसरा भी होगा। लेखक अपने चिन्तन का विस्तार सादृश्य के द्वारा जहाँ करता है वहीं अतिदेश पदार्थ है। तन्त्रयुक्ति नामक ग्रन्थ में कहा गया है—

अतिदेशस्तु यत्किञ्चिदर्थजातमुदीर्य च।
एवमन्यदपि ज्ञेयमिति स्थापनमुक्तिभिः॥

११—"प्रदेश" का अर्थ है किसी विषय का अंशतः उल्लेख। बहुत उपपादन के द्वारा उपपन्न होने वाले पदार्थों का एकदेशीय उपपादन प्रदेश कहलाता है। "प्रदेशो नाम यद् बहुत्वादर्थस्य कात्स्न्र्येनाभिधातुमशक्यमेकदेशेनाभिधीयते।"

१२—"उपमान" से सादृश्य विवक्षित है। दृष्ट से अदृष्ट का साधन उपमान यहाँ माना गया है। 'दृष्टेनादृष्टसाधनमुपमानम्'। न्यायशास्त्रीय उपमान से यहाँ इसका पार्थक्य है, क्योंकि यह पारिभाषिक है।

१३--जो पहले से नहीं कहा गया है उसको भी बलपूर्वक जो उक्तियाँ ले आती हैं उसे "अर्थापत्ति" कहते हैं।

अर्थापत्तिर्नाम यदेकस्मिन्नर्थे उच्यमाने अनुक्तस्यार्थस्य बलादागमनं सार्थापत्तिः।

१४--"संशय" से अनवधारण ज्ञान अभिप्रेत है। 'एकधर्मिकविरुद्धभावाभावप्रकारकं ज्ञानं संशयः।' यह भी ग्रन्थ लिखते समय पदार्थ स्पष्टीकरण हेतु अपेक्षित है। यह सर्वसम्मत बात है कि जिज्ञासा ज्ञान की जननी है और वह विना संशय के नहीं होती है। अतः इसका अधिक महत्व है।

१५--पहले से कहे गये विषयों का अवसर आने पर पुनः उल्लेख करना ही "प्रसंग" है। 'पूर्वाभिहितस्यार्थस्य प्रकरणगतत्वादिना पुनरभिधानं प्रसंगः अथवा प्रकारान्तरेण समापनं प्रसंगः।' यहाँ दोनों ही लक्षणों का तात्पर्य एक ही है।

१६--विपर्यय से प्रतिपाद्य का विपरीत अर्थ करना अभिप्रेत है। 'उक्तस्यान्यथाभावो विपर्ययः।' 'यद्यत्राभिहितं तस्य प्रातिलोम्यं विपर्ययः।' इसका तात्पर्य है वाधक प्रमाणों के द्वारा विपरीत प्रस्तुत करके इसके निराकरण द्वारा प्रतिपाद्य में दृढ़ता लाना।

१७--संक्षेप में कही गयी वात की व्याख्या करते समय पूरक वाक्य द्वारा विशद करना वाक्यशेष है। इसके लक्षण में कहा गया है कि 'यल्लाघवार्थमाचार्येण वाक्येषु पदमकृतं गम्यमानतया पूर्यते'। किसी ने इसको और स्पष्ट करते हुए कहा है--'यस्मिन् वाक्ये एकदेशः शिष्यते व्याख्याकाले त्वनुच्यमानोऽप्यापतति स वाक्यशेषः।'

१८--दूसरों के मत का यदि निषेध नहीं करके स्वीकार कर लिया जाता है तो उसे अनुमत कहते हैं 'अप्रतिषिद्धं परमतमनुमतं भवति।'

१९--व्याख्यान पूर्ण प्रसिद्ध है। स्पष्ट प्रतिपत्ति हेतु यह अपेक्षित होता है। व्याख्यान से ही विशेष ज्ञान होता है और सन्देह होने पर उसका निराकरण होता है। यहाँ अतिशय अर्थात् विशेष का वर्णन व्याख्यान से अभिप्रेत है--"अति-

शयवर्णना व्याख्यानम्"। इसका दूसरा लक्षण यह है कि "यत् सर्वबुद्धिविषयं व्याक्रियते तद् व्याख्यानम्।" संक्षेपेणोक्तस्य विस्तरेणाख्यानम्" इति।

इसके पाँच लक्षण व्याख्याकारों ने बताये हैं--

पदच्छेदः पदार्थोक्तिः विग्रहो वाक्ययोजना।
आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षणम्॥

पद्मपादाचार्य ने इसी को आधार मानकर **ब्रह्मसूत्र** की अपनी व्याख्या का नाम प्रायः पञ्च पादिका रक्खा है।

२०--गुण के आधार पर शब्द की व्युत्पत्ति करके अर्थ का निर्धारण करना निर्वचन पदार्थ है। पुनरुक्ति या भ्रम का निराकरण इसका उद्देश्य है। जैसे शिव की भक्ति से पाप का नाश होता है और उनके स्मरण से भव बन्धन से छुटकारा मिलता है, अतः "भस्म" धारण करना चाहिए। यह पौराणिक निर्वचन है।

२१--निदर्शन से वह दृष्टान्त अपेक्षित है जो पण्डित और मूर्ख दोनों का बुद्धि गम्य हो। दृष्टान्त और निदर्शन एक ही अर्थ को कहता है, दोनों में खास भेद नहीं प्रतीत होता है।

२२--साधारण नियमों के साथ जो अपवाद रूप में विशेष रूप से निर्दिष्ट होते हैं वही "अपवर्ग" है। अभिप्राय का अनुकर्षण यहाँ होता है- 'सामान्योक्त्यनुप्रविष्टस्य यद् विशेषेणाकर्षणं सोऽपवर्गः।' तन्त्रयुक्तिविचार में कहा गया है कि अनुचित उक्ति का निराकरण अर्थात् प्रतिकूल विषय का खण्डन ही अपवर्ग पदार्थ है।

"अपवर्गस्त्वनौचित्यादितरोक्त्यपवर्जनम्"

२३--"स्वसंज्ञा" से पारिभाषिक पद अभिप्रेत है। 'तन्त्रकारैर्व्यवहारार्थं या संज्ञा क्रियते सा स्वसंज्ञा पदेन व्यवह्रियते।'

२४--"पूर्वपक्ष" प्रसिद्ध है। पूर्वपक्ष से निषेध करने वाला विषय अभिप्रेत है। 'निषेद्धव्यं वाक्यम्, प्रतिज्ञातार्थसन्दूषकं वाक्यं पूर्वपक्षः।'

२५––"उत्तरपक्ष" भी पूर्ण ज्ञात विषय है। निर्णयवाक्य, सिद्धान्तपक्ष या ग्रन्थकार का प्रतिपाद्य उत्तरपक्ष कहलाता है। 'निर्णयवाक्यमुत्तरपक्षः'– यही इसका लक्षण यहाँ तन्त्रयुक्ति प्रकरण में निर्दिष्ट हुआ है। यह सापेक्ष है। पूर्वपक्ष जैसा होगा तदनुसार उत्तरपक्ष कहना होगा।

२६––एकान्त से निर्णयात्मक वाक्य विवक्षित है। प्रमाणों से परिपुष्ट वचन, त्रिकालावाधित वचन एकान्त कहलाता है। 'एकान्तो नाम यदवधारणेनोच्यते। त्रिकालसत्यं वचः प्रमाणपरिपुष्टं वा वचः।'

२७––"अनागतावेक्षण" से भावी सन्दर्भ का उल्लेख अभिप्रेत है। कभी-कभी ग्रन्थकार को आवश्यक हो जाता है कि आगे कहने वाले विषय की सूचना सूत्ररूप में ही सही प्रसंग आने पर पहले भी कहे। इसी तरह की उक्ति यहाँ अनागतावेक्षण है।

यत्रानागतेनार्थेन सम्बन्धिता भवति।
"भवेदनागतावेक्षा भावितार्थप्रदर्शनम्॥"

२८—"अतिक्रान्तावेक्षण" का तत्पर्य ठीक इसका उल्टा है। बीती हुई घटना, विषय या सन्दर्भ का उल्लेख यदि अवसर आने पर उचित ढंग से किया जाता है तो वह अतिक्रान्तावेक्षण कहलाता है –

"अतीतं यदवेक्ष्योक्तमतीतावेक्षणं हि तत्"

अतीतावेक्षण और अतिक्रान्ता वेक्षण में कोई भेद नहीं है। दो ग्रन्थकारों ने दो नाम दिये हैं, अभिप्राय एक ही है।

२९—अवश्य अनुष्ठेय का विधान नियोग कहलाता है। जब शास्त्रकार द्वारा अधिकारिक आदेश दिया जाता है तो उसे नियोग कहते हैं। जैसे वैद्य ने रोगी से कहा कि पथ्य ही भोजन करना है। ज्वर में उपवास ही आरम्भ में करना चाहिए आदि नियोग है। यद्यपि उपदेश का तात्पर्य भी यही है तथापि दोनों में अन्तर है कि उपदेश में उपदेश्य के लिये कामचार है वह उसे माने या न माने और नियोग में ऐसा नहीं है। नियोक्ता की बात नियोज्य को माननी ही होगी। एक तरह से 'एडवाइस' और 'आर्डर' अंग्रेजी पद क्रमशः इन दोनों के लिए उपयुक्त होगा।

३०—विकल्प पद भी हम लोगों का अधिक परिचित है। हम लोग जो अर्थ इसका जानते हैं उसी अर्थ में इसका यहाँ भी व्यवहार हुआ है। "विविधं" कल्पनमिदं कार्यमिदं वेति विकल्पः। क्रमेण यौगपद्येन वा सम्भावना पक्षाणां कीर्तनं वा विकल्पः। अनेक कल्पों को एक ही विषय पर क्रमशः या एक बार यदि प्रस्तुत किया जाता है, तो वह विकल्प कहलाता है, यही इसका स्वरूप यहाँ कहा गया है।

३१—एक विषय का उपपादन कर उसके अविरोध से दूसरे विषय का उपपादन यदि किया जाता है तो उसे समुच्चय कहते हैं। इसका लक्षण इस प्रकार है—**'समुच्चयस्तु योग्यत्वमुक्तानां प्रदर्शनम्'। एकस्मिन् विहिते तदविरोधेन तत्रैव द्वितीयस्य विधानं समुच्चयः।**

३२—अन्तिम तन्त्रयुक्ति ऊह्य है, जो नहीं कहा गया है उसका भी तर्क द्वारा ऊह करना यहाँ अभिप्रेत है।

'यदनिबद्धं ग्रन्थे प्रज्ञया तर्क्यत्वेनोपदिश्यते तदूह्यम्।'

इस तरह इन बत्तीस तन्त्रयुक्तियों के आधार पर प्राचीन समय में ग्रन्थ लिखे जाते रहे हैं। आज भी यदि जागरूक लेखक उचित रीति से ग्रन्थ लिखना चाहता है तो जाने-अनजाने में इन तन्त्रयुक्तियों का व्यवहार कर ही लेता है। न्याय तथा मीमांसा की विचार पद्धतियों में बहुत-सी तन्त्रयुक्तियाँ यद्यपि समाहित हो चुकी हैं आत्मसात् कर ली गयी हैं तथापि उनका स्वतन्त्र अस्तित्व आकलनीय है।

इस तरह भारतीय विद्या में व्याख्या की उपर्युक्त तीन पद्धतियाँ चिरकाल से प्रचलित एवं प्रसिद्ध हैं।

बौद्ध कला में गौतम बुद्ध के जन्म सम्बन्धी आख्यानों को अभिव्यक्ति

देवी प्रसाद तिवारी
फैजाबाद

Buddhist literature is replete with legends connected with the life of Buddha. Among these, the story of sprinkling of water on the newly born child Gautam by the two *nāgas* is the most popular. The author here traces how the word *nāga* originally meaning serpent only, came to denote elephant also.

बौद्ध धार्मिक आख्यानों का शिल्पांकन बौद्ध कला का प्रधान वैशिष्ट्य रहा है चाहे वह जन्म सम्बन्धी आख्यान हो या महाभिनिष्क्रमण (गृह-त्याग), सम्बोधि (ज्ञान प्राप्ति), या धर्म चक्रप्रवर्तन (धर्म प्रचार) या महापरिनिर्वाण । बौद्ध साहित्य इन आख्यानों से भरा पड़ा है । वस्तुतः बौद्ध धार्मिक आख्यान गौतम बुद्ध के जीवन काल की प्रमुख घटनाओं विशेषतः जन्म, महाभिनिष्क्रमण, सम्बोधि, धर्म-चक्रप्रवर्तन और महापरिनिर्वाण को केन्द्र बिन्दु मान कर संरचित एवं विकसित हुए हैं । इसके अतिरिक्त गौतम बुद्ध के पूर्व जन्मों की कथाओं को भी विकसित किया गया है जो जातक कथाओं में संकलित हैं । इनमें गौतम बुद्ध के जन्म से सम्बन्धित विविध आख्यानों में तुसित स्वर्ग में देवों द्वारा गौतम को पृथ्वी पर जन्म लेने हेतु प्रेरित करने, मायादेवी द्वारा अनोतत्त सरोवर में स्नान और गर्भधारण का स्वप्न तथा जन्म के तत्काल बाद गौतम के अभिसिंचन से सम्बन्धित आख्यान प्रमुख हैं ।

अंगुत्तरनिकाय[1] और **दीघनिकाय**[2] आदि बौद्ध ग्रन्थों में तुसित नामक स्वर्ग या देवलोक का वर्णन उपलब्ध होता है । बौद्ध मान्यता के अनुसार शाक्य कुल में उत्पन्न होने के पूर्व गौतम तुसित देवलोक में निवास कर रहे थे, जहाँ उनका नाम सेतकेतु था । गर्भ में गौतम के आने की रात महामाया ने यह स्वप्न देखा कि चतुर्महाराजाओं (कुबेर, धृतराष्ट्र, विरूढक एवं विरूपाक्ष) ने आकर उसे पलंग समेत उठा लिया और उसे हिमवा में ले गए जहाँ एक वृक्ष के नीचे मनोशिलातल पर उसे सुला दिया । वहाँ चतुर्महाराजाओं की पत्नियाँ उपस्थित हुईं जिन्होंने महामाया को 'अनोतत्त सरोवर[3]' में स्नान कराया, उसे दैवी वस्त्र पहनाये तथा

F. 27

उसके वाद उसे एक स्वर्ण प्रासाद में ले जाकर एक दैवी पलंग पर लिटा दिया। इसी स्थिति में भावी गौतम बुद्ध ने एक श्वेत गज के रूप में माया के दाहिने पार्श्व से गर्भ में प्रवेश किया। गर्भ में आने के पश्चात् चतुर्महाराज दैवी गर्भ के रक्षार्थ सदैव माया की देखभाल करते रहे। एक शुभ मुहूर्त में गौतम का जन्म हुआ। जन्म के बाद आकाश में उपस्थित होकर दो नाग नन्द एवं उपनन्द ने गौतम का अभि-सिंचन किया।[4]

गौतम के जन्म से सम्वन्धित आख्यानों में उनका एक श्वेत गज के रूप में महामाया के दाहिने पार्श्व से गर्भ में प्रवेश तथा जन्म के तत्काल बाद दो नागों द्वारा अभिसिंचन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बौद्ध कला में उपलब्ध इस आख्यान के अंकन को देख कर अनेक प्रकार के विचार प्रस्तुत किये गए हैं। **ललितविस्तर**[5] के अनुसार गौतम के उत्पन्न होते ही नन्द एवं उपनन्द नामक दो नागराजाओं ने अर्द्धकाय रूप में आकाश में प्रगट होकर शीत एवं उष्ण दो जलधाराओं को उत्पन्न कर उनसे वोधिसत्त्व (गौतम) को अभिषिंचित किया[6]। गौतम का अभिषिंचन सम्वन्धी यह आख्यान वौद्ध जगत् में अत्यधिक प्रचलित हुआ। चीनी यात्री फाह्यान[7] तथा ह्वेनसांग[8] के इस आख्यान से परिचित होने तथा बौद्ध कला में इस आख्यान के लम्बे काल तक चित्रित होते रहने से इसके व्यापक एवं दीर्घकालिक प्रचलन की पुष्टि होती है। इस शिल्पांकन पर फोगेल[9], फर्ग्युसन[10], कनिंघम,[11] फुशे[12], ए० के० कुमारस्वामी[13] एवं वासुदेवशरण अग्रवाल[14] प्रभृति अनेक विदेशी एवं भारतीय विद्वानों ने प्रकाश डाला है और अपने ढंग से चित्रों के प्रतीकात्मक स्वरूप को विद्वत्तापूर्वक विश्लेषित करने का प्रयास किया है। किन्तु वे इस चित्रित आख्यान (लीजेण्ड्स) में स्थान-स्थान पर ग्रंथित विचार विम्बों—(मोटिफ्स) की तरफ कम आकृष्ट हुए हैं। वास्तव में हम इन विचार विम्बों के माध्यम से ही मूल आख्यान को समझ सकते हैं।

साँची, भरहुत, बोध-गया, मथुरा आदि की बौद्ध कला में इस आख्यान का बारम्बार चित्रण हुआ है। प्रारम्भिक वौद्ध कला में जहाँ कलाकारों को गौतम को मानव रूप में अंकित करने की सुविधा नहीं थी, उन्हें प्रतीकात्मक रूप से अंकित कर अभिसिंचित होते हुए दिखाया गया है। साँची की कला में इस दृश्य का अनेक स्थलों पर अंकन हुआ है।[15] यहाँ स्थित महास्तूप के पश्चिमी तोरण द्वार पर एक नारी आकृति है जो पूर्ण-विकसित कमल पर खड़ी है। उसके दोनों पार्श्वों में कमला-सीन गज अंकित हैं जो अपने सूँड़ों में कलश पकड़ कर उक्त आकृति पर जल गिरा

रहे हैं। इसी प्रकार का दृश्य इस स्तूप के उत्तरी तोरण तथा यहाँ स्तूप संख्या २ की वेदिका पर भी अंकित हैं। इसी स्तूप के पूर्वी तोरण तथा साँची के ही स्तूप संख्या ३ के लघु तोरण द्वार पर गज-स्नाता नारी की आकृति पुनः अंकित है। किन्तु यहाँ नारी को कमल पर बैठे हुए प्रदर्शित किया गया है। कमलासीन गज-स्नाता नारी की बैठी एवं खड़ी आकृतियाँ भरहुत की वेदिका पर भी प्रदर्शित हैं।[16] यही आकृति मथुरा, बोधगया, और खण्डगिरि (उड़ीसा) की कलाओं में भी अंकित है।[17] शक शासक एजिलाइजेज के सिक्कों पर भी यह आकृति प्राप्त हो चुकी है।[18] ए० के० कुमारस्वामी और वासुदेवशरण अग्रवाल प्रभृति अनेक विद्वानों ने इसे गजलक्ष्मी की आकृति माना है। किन्तु वस्तुतः यह गौतम की माता महामाया की आकृति है और इस आकृति के माध्यम से गौतम के जन्म सम्बन्धी आख्यानों का दृश्यांकन किया गया है।

प्रारम्भिक बौद्ध कला में बुद्ध एवं बोधिसत्त्वों को मानुषी रूप में अंकित न कर उन्हें प्रतीकात्मक रूप में ही अभिव्यक्त किया जाता था। जिस प्रकार गौतम के सम्बोधि (ज्ञान-प्राप्ति) का अंकन बोधिवृक्ष अथवा बोधिमण्ड से, उनके धर्मचक्र प्रवर्तन (धर्म प्रचार) का चित्रण चक्र द्वारा तथा महापरिनिर्वाण (मृत्यु) की अभिव्यक्ति स्तूप के माध्यम से किये जाने की परम्परा थी, ठीक उसी प्रकार उनके जन्म का प्रदर्शन पहले मात्र पूर्ण विकसित कमलों और पुनः क्रमशः पूर्णघट से निकले कमलों, नारी आकृति से सम्बद्ध कमलों और अन्ततः कमलासीन गज-स्नाता नारी (महामाया) की आकृतियों के माध्यम से किये जाने की परम्परा विकसित हो चली थी। इस सत्य को कि बौद्ध कला में अंकित कमलासीन गज-स्नाता नारी आकृतियाँ गजलक्ष्मी की न होकर गौतम की माता महामाया की आकृतियाँ हैं, सुप्रसिद्ध विद्वान् एवं कला मर्मज्ञ ए० फुशे ने भारतीय पुरातात्विक सर्वे के "मेम्वायर" सं०-४६ में सप्रमाण सिद्ध कर दिया है। सर जान मार्शल प्रभृति कला और इतिहास के विद्वानों ने फुशे के मत का समर्थन किया है।[19]

वस्तुतः गजलक्ष्मी की तत्सम कमलासीन गज-स्नाता आकृतियाँ मध्यकालीन एवं आधुनिक भारतीय कला में इतनी प्रचलित रही हैं कि प्रारम्भिक बौद्ध कला की उक्त आकृति से गजलक्ष्मी का भ्रम उत्पन्न होना स्वाभाविक है। महामाया के साथ इस आकृति की पहचान में सर्वाधिक कठिनाई गजों के अंकन से हुई है। नागराज नन्द और उपनन्द, जिन्होंने नवजात गौतम का अभिसिंचन किया था, सर्प थे, गज नहीं। यदि प्रारम्भिक बौद्ध कला में अभिसिंचक के रूप में गजों का अंकन न कर

सर्पों का अंकन होता तो सम्भवतः विद्वानों को इस आकृति की सही पहचान में कठिनाई न हुई होती। यह सत्य है कि संस्कृत भाषा में नाग का अर्थ सर्प एवं गज दोनों होता है किन्तु नन्द एवं उपनन्द नाग-सर्प थे, नाग-गज नहीं क्योंकि नाग-सर्प अन्तरिक्ष स्थानीय देव एवं जलाधिपति के रूप में प्रतिष्ठित थे तथा वर्षाजल के लिए नागदेवता की अभ्यर्चना की जाती थी।[20] जल से नागदेवता के सम्बन्ध की भावना विश्वजनीन थी।[21] इस दृष्टि से भी नन्द एवं उपनन्द नाग-गज नहीं हो सकते। अतः साँची, भरहुत, बोध गया आदि की बौद्धकलाओं में अंकित कमलासीन नारी-प्रतिमा लक्ष्मी नहीं महामाया हैं तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि वह गज-स्नाता क्यों हैं? सर्प-स्नाता क्यों नहीं?

इस प्रश्न का समुचित उत्तर ए० फुशे[22] ने दिया है और यह निश्चित ही बौद्धकला के सीमा क्षेत्र में उनकी एक महान् उपलब्धि है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि नाग शब्द का अर्थ मूलतः सर्प ही था, गज नहीं। गज को वस्तुतः "नाग-नस" कहते थे। "नाग-नस" का शाब्दिक अर्थ है नाग जिसकी नासिका है वह अथवा वह जिसकी नासिका पर नाग है। गजों के सूँड़ की सर्प-सम आकृति के कारण उन्हें नाग-नस कहा गया। पाणिनि ने[23] स्पष्ट किया है कि बहुव्रीहि समास में "नासिका" शब्द का "नस" अथवा "नस्" के रूप में संक्षिप्तीकरण कर दिया जाता है। संक्षिप्तीकरण की इस प्रक्रिया के फलस्वरूप कालान्तर में "नाग-नस" के स्थान पर मात्र "नाग" का प्रयोग होने लगा और नाग शब्द जो मूलतः सर्पबोधक था, गज बोधक भी बन गया। फुशे ने संस्कृत भाषा में संक्षिप्तीकरण की प्रक्रिया के फलस्वरूप नसान्त शब्दों से "नस" के लुप्त हो जाने के अन्य उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं जैसे "खड्ग-नस"। खड्ग का अर्थ है "वक्रासि" अर्थात "टेढ़ी कटार"। अतः गैंडा जिसकी नासिका पर खड्ग था "खड्ग-नस" कहा जाने लगा। कालान्तर में "नस" के लोप हो जाने से "खड्ग" शब्द वक्रासि और गैंडा दोनों का बोधक बन गया। फुशे के समर्थन में हम यह भी जोड़ सकते हैं कि संस्कृत भाषा में संक्षिप्तीकरण की यह प्रक्रिया नसान्त शब्दों तक ही सीमित नहीं थी। "चित्र" शब्द प्राचीन भारतीय साहित्य में प्रतिमा का बोधक था न कि "पेंटिंग" का। प्रतिमा को "चित्र", दीवालों अथवा स्तम्भों आदि पर उकेरी गयी आकृतियों को "चित्रार्द्ध" तथा पेंटिंग को "चित्राभास" कहा जाता था किन्तु संक्षिप्तीकरण के कारण "चित्राभास से "आभास" का लोप हो गया और पेंटिंग के लिए "चित्र" शब्द का ही प्रचलन हो गया।

संक्षिप्तीकरण के फलस्वरूप "नाग" शब्द के सर्पबोधक के साथ ही गज-बोधक बन जाने की यह प्रक्रिया साँची और भरहुत कला के समय से पहले ही पूर्ण हो चुकी थी। फलतः प्रारम्भिक बौद्धकला में जहाँ गौतम को मानव रूप में चित्रित करने की सुविधा नहीं थी वहाँ नवजात गौतम की प्रतीक कमलासीन महामाया का नाग-सर्पों के स्थान पर नाग-गजों से अभिसिंचित प्रदर्शित किया जाना अस्वाभाविक नहीं था। नाग-गजों के अंकन को गौतम के जन्म सम्बन्धी उस आख्यान से भी बल मिला होगा जिसमें गौतम ने एक श्वेत गज के रूप में महामाया के दाहिने पार्श्व से गर्भ में प्रवेश किया। बौद्धकला में स्वयं गौतम को जलधाराओं से स्नान कराने के जो दृश्य प्राप्त होते हैं वे दोनों प्रकार के हैं अर्थात् जहाँ कुछ दृश्यों में नाग-गज स्नान करा रहे हैं वहीं दूसरे दृश्यों में नाग-सर्प द्वारा यह कार्य सम्पादित हो रहा है। मथुरा संग्रहालय की कई मूर्तियों में गौतम को गजों द्वारा स्नान करते दिखाया गया है।[२४] जहाँ पर सर्पों द्वारा स्नान कराते दिखाया गया है वहाँ नागों का मानवाकृति में कमर से ऊपर अंकन हुआ है तथा उनके सिर पर सर्प फण-छत्रों को प्रदर्शित कर एक तरफ उनके नागराज होने का बोध कराया गया है तो दूसरी तरफ मात्र धड़ के अंकन से उनका अन्तरिक्ष स्थानीय वैशिष्ट्य प्रगट किया गया है।

नाग-गज एवं नाग-सर्प दोनों का अभिसिंचक के रूप में शिल्पांकन बौद्ध-कला में स्थानीय मान्यताओं के कारण बना रहा। महामाया के गर्भ में श्वेत गज के रूप में गौतम के प्रवेश सम्बन्धी आख्यान तथा नाग-नस से नस् के लोप हो जाने के बाद द्वयार्थक नाग शब्द ने जहाँ अभिसिंचक नाग-सर्प को नाग-गज बना दिया वहीं मूल अभिषिंचक नाग-सर्प सम्बन्धी आख्यान विस्मृत नहीं हुआ।

अन्तरिक्ष स्थानीय नागों द्वारा नवजात गौतम को अभिसिंचित किये जाने सम्बन्धी आख्यान के शिल्पांकन में जहाँ एक तरफ 'नाग' शब्द के गज-बोधक बन जाने से अभिसिंचक का कार्य नाग-सर्पों के स्थान पर नाग-गजों ने ले लिया वहीं दूसरी तरफ गान्धार कला की यूनानी-रोमन परम्परा में अभिसिंचन का एक तीसरा रूप भी शिल्पांकित हुआ। गान्धार कला में गौतम को मानुषी रूप में अंकित करने की परम्परा थी। अतः उन्हें कमल की सांकेतिकता का सहारा लेने की आवश्यकता नहीं थी। फलतः इस कला में गौतम के जन्म के दृश्यों में कमल का अंकन लुप्त हो गया। गान्धार कला में गौतम को सामान्यतः "त्रिपद"[२५] पर बैठे दिखाया गया है। रानी की दासियाँ गौतम को पकड़े हुए हैं

तथा स्नान कराने का कार्य दो प्रमुख देवताओं (इन्द्र एवं ब्रह्मा) द्वारा सम्पादित हो रहा है।[२६] इसके साथ ही गान्धार क्षेत्र में मूल नाग-सर्पों द्वारा भी नवजात गौतम के स्नान कराये जाने का अंकन प्रचलित रहा।[२७]

अभिसिंचन सम्बन्धी उपर्युक्त मूल आख्यान गुप्त कला में भी अंकित हुआ है। सारनाथ के उत्खनन से उपलब्ध एक गुप्तकालीन फलक पर अंकित दृश्य के एक भाग में महामाया के दाहिने पार्श्व से गौतम को उत्पन्न होते प्रदर्शित किया गया है तथा दृश्य के दूसरे भाग में कमल पर आसीन नवजात गौतम को दो नागराज स्नान कराते दिखाए गए हैं। नागराजाओं की मानुषी आकृतियों के ऊपर सर्प–फण–छत्र है तथा उनके घुटने से नीचे के भाग पीछे की ओर मुड़े हुए हैं जो उनके अन्तरिक्षस्थानीय स्वरूप का आभास कराते हैं। इसे देखकर यह भलीभाँति स्पष्ट हो जाता है कि गौतम के जन्म सम्बन्धी बौद्ध आख्यान गुप्तकाल तक शिल्पांकित होते रहे।

संदर्भ :

(१) **अंगुत्तरनिकाय,** १.२१०, २.१३०, ३.३४८, ४.१३२, ५.१३८

(२) **दीघनिकाय,** खं०–२, पृ०–१६१

(३) **एक दिव्य जलाशय, प्रपंचसूदनी मज्झिम टीका,** खं०–२, पृ०–५८५

(४) फासबोयल (सं०) **जातक,** खण्ड–१, पृ० ४६ और आगे

(५) **ललितविस्तर,** भाग–१, ११.२१–२२, पृ० ८२–८३

(६) चाल्मर्स (सं०), **मज्झिमनिकाय,** खं०–३ पृ० १२३
सेनार्ट (सं०), **महावस्तु,** भाग–२, पृ० २३–२४; **बुद्धचरित,** १.२७.३५-३८

(७) एस० वील, (अनु०) **बुद्धिस्ट रिकार्ड्स आफ द वेस्टर्न वर्ल्ड,** खं०–२,

(८) **तत्रैव,** खं० २ पृ० २४

(९) जे०पी०एच० फोगेल, **इण्डियन सर्पेन्ट लोर,** लन्दन १९२६
नागवर्शिप इन ऐंशिएण्ट मथुरा, आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इण्डिया (एनुअल रिपोर्ट) १९०८–१९०९

(१०) जे० फर्ग्युसन, **दी सन एण्ड सर्पेन्ट वर्शिप,** दिल्ली–६–१९७१

(११) ए० कनिंघम, **दी स्तूप आफ भरहुत,** वाराणसी–१९६२

(१२) ए० फुशे, **आन द आइकोनोग्राफी आफ दी बुद्धिज्म नेटिविटी** आर्कियोलाजिकल सर्वे आफ इण्डिया संख्या–४६

(१३) ए० के० कुमारस्वामी, **हिस्ट्री आफ इण्डिया एण्ड इण्डोनेशियन आर्ट,** लन्दन-१९२७

(१४) वी० एस० अग्रवाल, **भारतीय कला,** वाराणसी-१९६६

(१५) ए० फुशे, पूर्वोल्लिखित, फलक ३, ९, १२, १३

(१६) **तत्रैव,** फलक २, चित्र ५ एवं ६

(१७) **तत्रैव,** फलक ४, चित्र १३-१५

(१८) **तत्रैव,** फलक ४, चित्र ८-७

(१९) जे० मार्शल, **ए गाइड टु सांची,** पृ०-५०

(२०) गोविन्द तिवारी, प्राचीन भारत में नाग-पूजा परम्परा का उद्‌भव और विकास। स्वीकृत अप्रकाशित शोध प्रबन्ध गोरखपुर विश्वविद्यालय

(२१) **तत्रैव,** पृ०-१६-३३

(२२) द्रष्टव्य-ए० फुशे, पूर्वोल्लिखित

(२३) **अष्टाध्यायी** ५-४-११८ एवं ११९

(२४) ए० फुशे, पूर्वोल्लिखित, पृ०-१३ तथा फलक ४, चित्र १३; जे० पी० एच० फोगेल, **कैटलॉग आफ दी मथुरा म्यूजियम,** फलक डी-१७

(२५) यूनानी कला में "त्रिपद" सर्वाधिक पवित्र आसन माना गया है। इसी पर बैठ कर डेल्फी की सुप्रसिद्ध भविष्यवाणियाँ की जाती थीं।

(२६) **ललितविस्तर** में नागराजाओं द्वारा नवजात गौतम के स्नान कराये जाने के वर्णन के अतिरिक्त इन्द्र एवं ब्रह्मा के नेतृत्व में देवी द्वारा भी अभिसिंचित किये जाने का उल्लेख हुआ है।
द्रष्टव्य ए० फुशे, **पूर्वोल्लिखित,** पृ०-१५, पाद टिप्पणी-३

(२७) **आर्कियोलाजिकल सर्वे आफ इण्डिया** (रिपोर्ट), १९२४-१९२५, फलक –३९ इ

शब्दानुकरण के आधार पर प्रचलित संस्कृत के क्रियारूप

डॉ० सुद्युम्नाचार्य
बलिया

Man has an instinct of imitating his environment. The history of origin and development of verbal roots (*dhātus*) is an interesting subject in itself. In this article, the author has dealt with the formation and evolution of a few such words.

संस्कृत भाषा में क्रियापदों के रूप में विपुल शब्दराशि वर्तमान है। ये क्रियापद वैदिक साहित्य में बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं तथा इसके पश्चात् भी निरन्तर विकसित होते रहे हैं। विभिन्न स्थानगत बोली-भेद से विभिन्न प्रकार के क्रियारूप प्राप्त होते रहे हैं। इनका संकलन पाणिनीय धातु पाठ में तथा काशकृत्स्न मैत्रेय आदि के धातुपाठों एवं **क्षीरतरङ्गिणी** आदि में किया गया है।

इन संकलित धातुरूपों में से अनेक धातुओं के प्रयोग साहित्य में प्राप्त नहीं होते। अतः यह सम्भावना होती है कि वे किसी काल विशेष में किसी विशेष स्थान में ही जीवित रहे होंगे। इस प्रकार की परिकल्पना निरुक्तकार यास्क तथा महाभाष्यकार ने भी की है[1]। कुछ धातु ऐसी भी हैं, जिनके केवल नाम रूप ही प्राप्त होते हैं, क्रिया रूप नहीं। इसकी भी सूचना निरुक्तकार ने दी है[2]।

मानव के आसपास जो पशु, पक्षी तथा जड़ पदार्थों की ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं, उनका अनुकरण कर लेने की उसमें स्वाभाविक प्रवृत्ति रही है। इस प्रवृत्ति के आधार पर वह क्रिया-रूप तथा उस प्रकार की ध्वनि करने वाले के लिये नाम रूप विकसित करता रहा है। इस कारण ही हिन्दी आदि में मोटरकार की आवाज के लिये पों-पों तथा गधे की आवाज के लिये चीं-पों करना आदि बोला जाता है। संस्कृत में पट्, पट् आवाज के लिये 'पटपटायते' आदि रूप प्रचलित हैं। इस प्रकार की ध्वनि करने वालों में बिल्ली के लिये हिन्दी में 'म्याऊँ' तथा संस्कृत में मेंढक के लिये 'दर्दुर' शब्द प्रचलित हुए हैं। वैदिक साहित्य में भी इस अनुकरण के आधार पर निर्मित अनेक शब्द प्राप्त हैं।

१. शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाषितो भवति विकार एनमार्या भाषन्ते शव इति··· **महाभाष्य** पस्पशाह्निक

२. अथापि प्रकृतय एवैकेषु भाष्यन्ते, विकृतय एकेषु—**निरुक्त** २।२।८

संस्कृत साहित्य में अनेक क्रियारूप निश्चित रूप से इस प्रकार की ध्वनियों के अनुकरण के द्वारा विकसित हुए हैं। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं—

हँसने अर्थ में प्रायः सभी धातुएँ हँसने की आवाज के अनुकरण के आधार पर विकसित हुई हैं। धातु पाठ में **कख्, घघ्** तथा **तक्** धातुएँ वर्णित हैं। ये निश्चय ही विभिन्न प्रकार की हँसने की आवाजें ही हैं। इसी प्रकार **क्षीरतरङ्गिणी** में खक्ख् तथा गग्घ् भी इसी प्रकार की आवाजों के आधार पर विकसित हुई हैं।

इसी प्रकार लौल्य अर्थ में **'कक्'** धातु का पाठ भी इसी आधार पर है। इसका क्रिया रूप में प्रयोग प्राप्त नहीं है। अतः सम्भावना यही है कि यह 'काक' को सिद्ध करने के लिये कल्पित हुई है। धातु वृत्ति में इससे ही 'काक' बनाया गया है। वास्तव में कौए के लिये इस शब्द का प्रयोग इसकी इस प्रकार की विशेष आवाज के कारण ही है। निरुक्तकार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि 'काक' शब्द उसके इस प्रकार की ध्वनि के अनुकरण के द्वारा विकसित हुआ है[1]। अतः **'कक्'** धातु इसी अनुकरण को प्रतिबिम्बित करती है। अतः कुछ स्थानों में प्राप्त 'ईषदकति कुटिलं गच्छति यो निर्भयत्वात्[2] यह व्युत्पत्ति ठीक नहीं है क्योंकि इससे इस शब्द के सही विकास को समझने में सहायता नहीं मिलती।

इसी प्रकार आवाज करने अर्थ में प्रायः सभी धातुएँ इसी शब्दानुकरण के द्वारा निर्मित हैं। उदाहरण के लिये **कण्** धातु का प्रयोग इस प्रकार की आवाज के कारण होने लगा। निरुक्तकार ने सहज ही कहा है कि इस कण् का प्रयोग धीमी आवाज अर्थ में होता है। 'अनुकणति' आदि प्रयोग इस अर्थ में ही हैं[3]। प्राकृत में कण-कणन्ति का तथा हिन्दी में कड़कड़ाना का प्रयोग स्पष्टतः इसी अनुकरण के द्वारा है।

इसी अर्थ में **'घण्'** धातु का प्रयोग भी यही सूचित करता है। काशकृत्स्न धातु पाठ १।२०७ के अनुसार यह धातु घण्टा की आवाज में प्रयुक्त होती है। इसकी घन्-घन् आवाज के द्वारा इस धातु का अस्तित्व सर्वथा स्वाभाविक है।

---

१. काक इति शब्दानुकृतिः भाषायाम्—**निरुक्त** ३।४
२. **हरविजय** ४३।२८८ की टीका में
३. कणतिः शब्दाणूभावे भाष्यतेऽनुकणतीति-**निरुक्त** ६।६

रण् धातु का प्रयोग भी इसी आधार पर होता रहा है। **ऋग्वेद** में 'रणन्ति' का प्रयोग प्राप्त हुआ है[१]। इसका अर्थ सायणाचार्य ने शब्दयन्ति, स्तुवन्ति यही किया है। अतः आवाज करना या ऋत्विजों द्वारा ध्वनि पूर्वक स्तुति करना यही इसका अर्थ है। धातु पाठ में भी इसी अर्थ में प्रयोग इसका प्रमाण है। यह प्रयोग विशेष आवाज का ही अनुकरण है। मानसिक उथल-पुथल में मन में होने वाली आवाज को रण-रणक कहा जाता था। यह बाहरी ध्वनि के अनुकरण को मानस-संसार में आरोपित कर लेने के कारण है। इस अर्थ में संस्कृत साहित्य में अनेक प्रयोग हैं।[२]

बाद में शस्त्रों की आवाज पर युद्ध-भूमि का भी 'रण' नाम दिया गया। यह भी वास्तव में शब्दानुकरण पर ही आधारित रहा है। इससे ही हिन्दी आदि में 'लड़ना' शब्द विकसित हुआ है।

संस्कृत में अण् धातु का प्रयोग भी इसी प्रकार प्रचलित हुआ। इसका प्रयोग संस्कृत साहित्य में नहीं है इससे यह सम्भावित है कि किसी छोटे स्थान में अपेक्षाकृत अशिष्ट लोगों द्वारा इसका प्रयोग वर्तमान था। क्योंकि प्राकृत में **'अणइ'** का उल्लेख प्राप्त हुआ है।[३]

संस्कृत साहित्य में इसका प्रयोग न होने के कारण यह सम्भव नहीं है कि किसी समस्त रूप में या अन्य शब्द का भाग बन कर इसका प्रयोग होता। क्योंकि समाज में शब्द की स्वाभाविक गति के अनुसार पहले वे पर्याप्त रूप से स्वतन्त्र रूप से प्रयोग में आते हैं। उसके पश्चात् ही वे किसी अन्य शब्द के रूढ़ रूप के भाग बन पाते हैं। अतः पुराण शब्द की व्युत्पत्ति **'पुरा + √ अण्'** मान कर ठीक नहीं है।[४] 'ब्राह्मण' शब्द को **'ब्रह्म + √ अण्'** से मानना बिलकुल ही अशुद्ध है[५] क्योंकि

---

१. यस्मिन् विश्वा अधिश्रियो रणन्ति सप्त संसदः। इन्द्रं सुते हवामहे।
ऋग्वेद ८।९२।२०

२. रणरणकविवृद्धिं बिभ्रदावर्तमानम्।

३. द्रष्टव्य-प्राकृत **विशेषावश्यकभाष्य** ३।४४१

४. यस्मात् पुरा ह्यणन्तीदं पुराणं तेन चोच्यते, **ब्रह्माण्ड पुराण** ३।४।५४

५. ब्रह्म वेदानणति शब्दायते व्याहरतीति यावत्। स ब्राह्मणः। **ललितासहस्रनामभाष्य** १४।२१

यह अति प्रसिद्ध रूप 'ब्रह्मन्' से विकसित है। इस प्रकार की व्युत्पत्तियाँ शब्दों के ऐतिहासिक विकास को समझने में कुछ भी सहायक नहीं होतीं अपितु भ्रम ही फैलाती हैं। होता यह है कि किसी अन्य स्थान तथा आधारों पर विकसित धातु को धातु-पाठ में देखकर उस शब्द की ऐतिहासिकता को बिलकुल ओझल करके उस धातु से उस शब्द को कल्पित कर लिया जाता है।

इसी प्रकार **'कुर् शब्दे'** धातु इसी आधार पर विकसित हुई है। अत एव प्राकृत में 'कुरकुराअसि' आदि का प्रयोग प्राप्त है।

संस्कृत में कुत्ते अर्थ में 'कुक्कुर' शब्द का प्रयोग उसकी कुर-कुर आवाज के अनुकरण के आधार पर ही विकसित हुआ है। यहाँ 'कुर कुर' को सन्धि के नियमों के अनुसार परसवर्ण हो गया है। पर इस ऐतिहासिकता तथा स्वाभाविक विकास को सर्वथा भुलाकर वैयाकरणों ने इस शब्द को √कुक् तथा √ कुर इन दो धातुओं को मिलाकर बड़ी खींचतान के साथ सिद्ध किया है।[1] विडम्बना यह है कि **√कुक्** धातु का प्रयोग प्राप्त नहीं है। इस धातु के प्रचुर प्रयोग के बिना यह किसी अन्य शब्द का अंग बन कर समाज में प्रयुक्त हुई होगी, यह कल्पना सर्वथा असंगत है। अतः स्वाभाविक विकास प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए अनुकरण के आधार पर ही इस शब्द को समझाया जा सकता है।

इसी प्रकार भयानक शब्द के लिए **'घुर भीमार्थशब्दयोः'** का पाठ किया गया है। यह निश्चय ही जंगली पशुओं की डरावनी घुर-घुर आवाज के अनुकरण पर आधारित है। अतः संस्कृत के 'घुर्घुरः' शब्द में इसी आवाज की प्रबलता को दिखाने के लिए इसे द्विर्वचन करके प्रस्तुत किया गया है। जबकि वैयाकरणों ने इस स्वाभाविक प्रक्रिया को भी वाचनिक मान कर वार्त्तिक द्वारा इसकी सिद्धि स्वीकार की है।[2] इसी **√घुर** से स्पष्टतः 'घोरः' तथा **नञ्** पूर्व में लगाने पर अघोर शब्द विकसित हुए हैं। साहित्य में 'घुरघुरायते' आदि प्रयोग

---

१. कोकते–कुक् आदाने, क्विप्। कुरति-कुर शब्दे। कः। कुक् चासौ कुरश्च– **अमरकोश** पर श्री भानुजी दीक्षित कृत **सुधा व्याख्या**

२. पूर्ववत् (इगुपधलक्षण) कः। कुत्रादीनां के द्वे भवत इति द्वित्वम्; **धातुवृत्ति** घुर धातु।

भी इस धातु की अनुकरणात्मकता के आधार पर विकसित हुए हैं।[1]

शब्द अर्थ में **'कुङ्'** धातु के प्रयोग के प्रचलन का कारण भी अनुकरण ही है। यह धातु मुख्यतः कोयल की 'कू कू' आवाज के आधार पर विकसित हुई है। शास्त्रकारों ने इसे अव्यक्त शब्द अर्थ में प्रचलित माना है। यह अव्यक्त शब्द मूलतः कोयल का ही है।

इस धातु के यङन्त में 'कोकूयते' शब्द का प्रयोग होता है। यहाँ पाणिनि के एक सूत्र के अनुसार अभ्यास को 'चकार' नहीं होता[2]। वास्तव में कोयल के 'कू कू' बोलने के कारण समाज को 'चोकूयते' प्रयोग स्वीकार्य नहीं हुआ। इससे कोयल की आवाज का स्वारस्य नष्ट होता। अतः समाज ने व्याकरण के नियमों की परवाह न करके 'कोकूयते' बोलना जारी रखा। अतः वैयाकरण को समाज के आगे झुकना पड़ा तथा आचार्य पाणिनि ने भी उक्त सूत्र के द्वारा समाज के इस निर्णय के साथ अपनी सहमति प्रदान की।

इस 'कू कू' की आवाज पर ही कोयल के लिए 'कोकिल' का प्रयोग प्रारम्भ हुआ। शब्दानुकरण के आधार पर 'काक' के प्रयोग के समान इसी आधार पर 'कोकिल' का प्रयोग भी सर्वथा स्वाभाविक है। इंग्लिश में भी इसके लिए Cuckoo का प्रयोग इसी आधार पर है। यद्यपि उणादिसूत्रकार ने इसे **कुक्** धातु से **इलच्** प्रत्यय करके बनाया है[3], पर जैसा कि पहले कहा गया, कुक् धातु का प्रयोग साहित्य में नहीं मिलता। अतः उससे कोकिल बनना उतना स्वाभाविक नहीं है। वास्तव में इस आवाज के अनुकरण से कर्ता में **इलच्** प्रत्यय के द्वारा कोकिल विकसित है। कर्ता में **इर** या **इल** प्रत्यय **मदिर, मेधिर, शिशिर, शिथिल,** इत्यादि प्रयोगों में देखा गया है।

इसी प्रकार इस शब्द अर्थ में ही **'घुङ्'** धातु का प्रयोग भी इसी आधार पर है। इसी आवाज के अनुकरण पर ही उल्लू अर्थ में संस्कृत में 'घूक' शब्द

---

१. कण्ठे घुरघुरायते—**भागवत पुराण ३।३०।१७**

२. न कवतेर्यङि—पा० सू० ७।४

३. सलिकल्यनिमहिभडिभण्डिकुण्डिकुकिभूभ्य इलच्—उणादिसूत्र

विकसित हुआ है । हिन्दी में 'घुग्घू' शब्द भी इसी अनुकरणात्मकता को परिपुष्ट करता है ।

धातु पाठ में 'बुक्क्' धातु का प्रयोग भी कुत्ते की आवाज के अनुकरण पर है । आज भी 'बुक्कति' का प्रयोग कुत्ते के लिए ही होता है । निश्चय ही इसे ही आधार बना कर हिन्दी में भोंकना प्रयोग प्रारम्भ हुआ है ।

शब्द अर्थ में 'गर्द्' धातु के प्रयुक्त होने का भी यही आधार है । यह धातु गाय, बैलों की आवाज पर बनी नर्द् धातु के सादृश्य पर विकसित हुई है । यदि बैल की आवाज नर्द् है, तो गधे की आवाज उससे कुछ भिन्न बताना चाहिये । अतः उसे √गर्द् कहा गया है । उस आवाज करने वाले के लिए कर्ता में 'अभ' प्रत्यय करके 'गर्दभ' बनाया गया । यह प्रत्यय वृषभ आदि में देखा गया है ।

स्थान भेद से इस प्रकार की आवाज को कहीं अच्छा तथा कहीं खराब समझा गया । अतएव हिन्दी आदि में इस 'गर्द्' से विकसित होने वाला शब्द 'गाली' बन गया । जबकि इससे ही विकसित पंजाबी में 'गल्ल' शब्द सामान्य बातचीत अर्थ में प्रयुक्त होने लगा ।

इस प्रकार निश्चय ही संस्कृत की अनेक धातुएँ ध्वनियों के अनुकरण के आधार पर विकसित हुई हैं ।

कालिदास के सन्दर्भ में "क्वसु" प्रत्यय के लौकिकत्व पर विचार

डा० भीम सिंह
पटियाला

The author in this paper has tried to justify on the authority of Yāska and Patañjali, the socalled *Chāndasa* uses of *Kvasu* and *Kānac* pratyayas by Kālidāsa in his *Kāvyas*.

'क्वसु' प्रत्यय विधान करने वाला "क्वसुश्च"[1] यह सूत्र है। इसका अर्थ है कि वेद में "कानच्" प्रत्यय के साथ-साथ "क्वसु" प्रत्यय का प्रयोग भी लिट् के स्थान में होता है। इस प्रकरण में इससे पूर्ववर्ती दो सूत्र हैं––"छन्दसि लिट्"[2] तथा "लिटः कानच् वा"।[3] इनमें पहले सूत्र का अर्थ है कि वेद में केवल परोक्षभूत में न होकर भूतसामान्यकाल में लिट् का प्रयोग होता है और दूसरे का अर्थ है कि लिट् के स्थान में विकल्प से "कानच्" प्रत्यय भी होता है। इस प्रकार इन तीनों सूत्रों का अर्थ यह हुआ कि वेद में ही लिट् लकार के स्थान पर अर्थात् उसी परोक्षभूत या भूतसामान्य अर्थ में दो प्रत्ययों का प्रयोग होता है––एक तो "कानच्" का और दूसरा "क्वसु" का। **भट्टोजिदीक्षित** के अनुसार, ऐसा तीनों मुनियों का मत है।[4] इसमें आचार्य पाणिनि का "भाषायां सदवसश्रुवः"[5] यह सूत्र ही ज्ञापक है। यह सूत्र भाषा या लोक में 'सद्", "वस्" तथा "श्रु" केवल इन तीन धातुओं से ही लिट् को "क्वसु" विधान करता है। अब यदि "क्वसुश्च" सूत्र-प्रोक्त यह "क्वसु" केवल छन्दोमात्रगोचर या वेदैकगम्य न होकर आचार्य पाणिनि को लोकवेदोभय-साधारण इष्ट होता तो फिर उक्त केवल तीन धातुओं को भी "क्वसु" स्वतः सिद्ध होने से उनसे विशेषरूपेण "क्वसु" का विधान करना व्यर्थ हो जाता। किन्तु व्यर्थ कोई काम आचार्य करते नहीं। अतः व्यर्थ पड़कर यह उक्त

---

१. **पाणिनीयाष्टाध्यायी [पा०]**, श्रीधरशास्त्री सम्पादित, भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट, पूना, १९३५, सू० ३.२.१०७

२. पा० ३.२.५

३. पा० ३.२.६

४. **वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी [वै. सि. कौ.]** सम्पा. गिरिधर शर्मा, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, १९७७, भा. ४ सू० ३.९५, पृष्ठ ११२
"इह भूतसामान्ये छन्दसि लिट्, तस्य विधीयमानौ क्वसुकानचावपि छान्दसाविति त्रिमुनिमतम्।"

५. पा० ३.२.१०८

तीन धातुओं वाला विशेष "क्वसुविधान" यह ज्ञापित करता है कि "क्वसु" प्रत्यय लोक में प्रयुक्त नहीं होता। ऐसी स्थिति में सद्" आदि धातुओं से अभीष्ट "क्वसु" करने के लिए उक्त सूत्र सार्थक हो जाता है।[6] यहाँ यह कहना कि 'लिटः कानच् वा' तथा 'क्वसुश्च' इन दोनों सूत्रों को एक योग या एक सूत्र ही क्यों नहीं बनाया गया तो इसका उत्तर है कि 'भाषायां सदवसश्रुवः' इस उत्तर सूत्र के लिए यहाँ योगविभाग किया गया है।[7] क्योंकि इस उत्तरसूत्र में केवल 'क्वसु' ग्रहण की अनुवृत्ति इष्ट है। यदि ये दोनों सूत्र एकयोग होते तो फिर 'एकयोगनिर्दिष्टानां सह वा प्रवृत्तिः सह वा निवृत्तिः'[8] इस नियम से केवल 'क्वसु' ग्रहण उत्तरसूत्र में कैसे अनुवृत्त होता ? यद्यपि 'क्वचिदेकदेशोऽप्यनुवर्तते'[9] इस न्याय से केवल 'क्वसु' ग्रहण भी अनुवृत्त हो सकता था तथापि आचार्य ने ऐसा नहीं किया अथवा इस परिभाषा का आश्रयण नहीं किया, बस इतनी ही बात है। किन्तु यदि इस 'क्वसु' प्रत्यय के प्रयोग को लोक में इष्ट या व्याकरणशास्त्रानुमोदित नहीं माना जाता है तो फिर कालिदास के निम्न अनेक क्वसु-प्रत्ययान्त लौकिक प्रयोगों की संगति कैसे लगेगी ? तद् यथा—

(क) 'स पाटलायां गवि तस्थिवांसम्'।[10] (ख) 'तं तस्थिवांसं नगरोपकण्ठे'।[11]

(ग) "श्रेयांसि सर्वाण्यधिजग्मुषस्ते"।[12] (घ) "भवने चास्य पेतुषी"।[13]

(ङ) "बाणभिन्नहृदया निपेतुषी"।[14]

(च) "अभिषङ्गजडं विजज्ञिवान्"।[15] इत्यादि।

---

६. **शब्दकौस्तुभ [श० कौ०]** सम्पा० गोपालशास्त्री नेने, चौखम्बा संस्कृत सीरीज़ आफिस, वाराणसी, सम्वत् १९८५, भा० २ सू० ३·२·१०८, पृ० ४६३; यत्तु केचित् कित्करणसामर्थ्याद् भाषायामपि क्वसुकानचौ स्त इत्याहुः। तद्भाष्यविरुद्धम्। 'भाषायां सद' इत्यादि सूत्रविरुद्धं चेत्युपेक्ष्यम्'

७. **वही**, पृष्ठ ४६२, योगविभाग उत्तरार्थः।

८. **परिभाषेन्दुशेखर [परि०]**, सम्पा० के० वी० अभ्यंकर, भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट्, पूना, १९६२, सं० १७

९. **वही**, परि० सं० १८

१०. **रघुवंश, कालिदास ग्रन्थावली**, सम्पा० रेवाप्रसाद द्विवेदी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, १९७६. सर्ग २, श्लोक २९, पृष्ठ ११४

११. **वही**, ५·६१, पृष्ठ १३९

१२. **वही**, ५·३४, पृष्ठ १३७

१३. **वही**, १०.७७, पृष्ठ १८१

१४. **वही**, ११·१९, पृष्ठ १८४

१५. **वही**, ८·७५, पृष्ठ १६३

इनमें "तस्थिवांसम्", "अधिजग्मुषः", "पेतुषी" तथा "विजज्ञिवान्" इत्यादि में "क्वसु" प्रत्यय स्पष्ट ही दृष्टिगोचर हो रहा है।

इस विषय में इन प्रयोगों को समाहित करते हुए सर्वप्रथम न्यासकार का मानना है कि यह "क्वसु" प्रत्यय वेद के साथ-साथ लोक में भी प्रयुक्त होता है। "क्वसु" का कित्करण ही इस कल्पना में ज्ञापक है। यह कित्करण वस्तुतः "बन्ध् बन्धने" इत्यादि संयोगान्त धातुओं में नलोप आदि कित् कार्यों के लिए किया गया है, "कृ" इत्यादि असंयोगान्त धातुओं के लिए नहीं। क्योंकि उनमें तो "चक्राणः" इत्यादि में "असंयोगाल्लिट् कित्"[१६] सूत्र से ही लिट्स्थानिक "क्वसु" में स्थानिवद्भाव से कित्त्व सिद्ध होकर कित्कार्य अनायास ही सम्पन्न हो जाते हैं। न्यासकार की दृष्टि में यह कित्करण भी उन्हीं संयोगान्त धातुओं के लिए सार्थक है जो भाषा में या लोक में व्यवहृत होते हैं। वैदिक संयोगात्मक धातु इस कित्करण को प्रयोजित नहीं करते हैं। क्योंकि वेद या छन्द में तो "छन्दस्युभयथा"[१७] से ही लिट् लकार लक्ष्यानुरोध से आर्धधातुक और सार्वधातुक दोनों प्रकार का व्यपदिष्ट होता है—"दृष्टानुविधिश्छन्दसि भवति"। ऐसी स्थिति में वैदिक लिट् को सार्वधातुकसंज्ञक मानकर जब "सार्वधातुकमपित्"[१८] से उसको ङित्त्व अतिदिष्ट हो जाएगा तो नलोप आदि जो कित्करण के कार्य हैं, वे सभी सिद्ध हो जाएंगे। क्योंकि वैदिक लिट् में कित्त्व तथा ङित्त्व को निमित्त मानकर होने वाले कार्यों में कोई भेद या विशेष नहीं है। इसके विपरीत भाषा या लोक में लिट् को ङित् नहीं माना जा सकेगा। क्योंकि "छन्दस्युभयथा" सूत्र छन्द में ही उक्त दोनों संज्ञाएं विहित करता है तथा "असंयोगल्लिट् कित्" सूत्र भी संयोगान्त धातुओं में प्रवृत्त नहीं होता। ऐसी स्थिति में यदि इन लौकिक संयोगान्त धातुओं के लिए "क्वसु" को विशेष रूप से पुनः कित् नहीं किया जाएगा तो जैसे "ऋच्छत्यृताम्"[१९] यह विशेष गुण सामान्यकित्त्वजन्य "क्ङिति च"[२०] सूत्रप्रोक्त निषेध को बांधकर विशेष-

---

१६. पा० १.२.५
१७. वही, ३.४.११७
१८. वही, १.२.४
१९. वही, ७.४.११
२०. वही, १.१.५

F. 29

विहित होने से "निपपरतुः, "निपपरुः" अथवा "तेरतुः", "तेरुः", इत्यादि में निर्बाध हो जाता है वैसे ही यह "निपपुराणः" अथवा "तितीर्वान्" यहाँ भी फिर प्राप्त होगा जो कि अनिष्ट है उसको रोकने के लिए सूत्रकार ने "क्वसु" को पुनः कित् किया है जिससे सामान्य और विशेष दोनों प्रकार के गुण इत्यादि की बाधा साधित की जा सके। इस तरह "क्वसु" का यह कित्करण भाषा में तो चरितार्थ हो जाता है, छन्द में नहीं, क्योंकि छन्द में तो "छन्दस्युभयथा" से ही यह कित्करण अन्यथासिद्ध है। इस प्रकार न्यासकार के मत में "क्वसु" का यह कित्करण ही इस बात का ज्ञापक है कि स्वयं सूत्रकार के अनुसार यह "क्वसु" लोक में भी प्रयुक्त होता है। यही बात "कानच्" के विषय में भी जाननी चाहिए।[२१]

किन्तु प्रस्तुत प्रसंग में हरदत्त तथा भट्टोजिदीक्षित आदि उत्तरवर्ती व्याख्याकारों ने इस प्रश्न पर विशेष विचार करते हुए न्यासकारोक्त "क्वसु" के लौकिक प्रयोग को भाष्यविरुद्ध होने से उपेक्षणीय माना है। इनका कहना है कि यह जो सूत्रकार ने "छन्दसि लिट्" सूत्र से "छन्दसि" ग्रहण को प्रक्रान्त किया है, इससे भाष्यवार्तिककार की दृष्टि से यह प्रत्यय सर्वथा केवल छान्दस ही है। इसके

---

२१. न्यास (काशिका न्यासपदमंजरीसहिता), सम्पा० कालिकाप्रसादशुक्ल, प्राच्य भारती प्रकाशन, वाराणसी, १९६५, भा० २ सू० ३.२.१०६-१०७, पृष्ठ ६१५-१७ "कित्करणं कित्कार्यार्थम्। तत् पुनः बन्ध् बन्धने" इत्येवमादयः संयोगान्ताः प्रयोजयन्ति, नान्ये। असंयोगान्तेभ्यः "असंयोगाल्लिट् कित्" इति सिद्धः। संयोगान्ता अपि कित्त्वं भाषायां प्रयोजयन्ति, न छन्दसि। तत्राह-"छन्दस्युभयथा" इति लिटः सार्वधातुकत्वात् "सार्वधातुकमपित्" इति ङित्त्वमस्त्येव। न कित्त्वे ङित्त्वे वा छन्दसि कश्चिद् विशेषोऽस्ति। भाषायां तु यद्यसंयोगान्तेभ्यः कित्त्वं न स्यात् योऽयम् "ऋच्छत्यृताम्" इति गुणः प्रतिषेधविषये आरभ्यते स यथेह न भवति निपपरतुः पपरुरिति, तथेहापि स्यात् निपपुराण इति। कित्त्वे च सति न भवति। भाषायां तु कित्त्वमर्थवद् भवति......भाषायां कानच् भवतीत्यस्मादेव ज्ञापकादवसीयते ...... क्वसोः कित्करणं कानच् इव द्रष्टव्यम्। असति हि तस्मिन् "ऋच्छत्यृताम्" इति यथेह गुणो न भवति तेरतुः तेरुरिति, तथेहापि तितीर्वानिति"।

अतिरिक्त, इनके मत में, इस "क्वसु" प्रत्यय का कित्करण भी इसके लौकिक होने में अप्रयोजक है। यहाँ यह कहना कि "क्वसु" को बिना कित्करण किए फिर सम्प्रसारण, नलोप आदि कित्कार्य कैसे होंगे तो इसका उत्तर है कि "क्वसु" के लिट्स्थानिक होने से पित्भिन्न लिट्रूप "क्वसु" में "असंयोगाल्लिट् कित्" से ही कित् विधान हो जाने से इष्ट सिद्ध हो जाएगा। किन्तु यह उत्तर ठीक नहीं है, क्योंकि जो धातु संयोगान्त हैं उनमें "असंयोगाल्लिट् कित्" सूत्र प्रवृत्त नहीं हो सकेगा। परिणामतः वहाँ कित्त्व परे न मिलने से उपधालोपादि कित् कार्य कैसे होंगे? अतः उनको उत्पन्न करने के लिए अर्थात् संयोगान्त धातुओं से भी लिट् को कित् करने के लिए, जैसा कि पहले न्यासकार ने कहा है, यहाँ "क्वसु" का कित्करण आवश्यक है। जैसे—"आजिवान्। यहाँ "अञ्ज्" धातु के संयोगान्त होने से उक्त सूत्र द्वारा कित्त्व प्राप्त न होने से "अनिदितां हल उपधाय क्ङिति"[२२] से उपधाभूत नलोप प्राप्त नहीं होता। उसको करने के लिए "आजिवान्" में "क्वसु" को पुनः कित् किया गया है। किन्तु पदमंजरीकार इस कित्करण को अन्यथासिद्ध करते हुए आगे पुनः कहते हैं कि कित्करण का यह कोई प्रयोजन नहीं है। क्योंकि भाष्यकार के अनुसार यह "क्वसु" प्रत्यय छान्दस है।[२३] लोक में इसका प्रयोग शास्त्रान्वित नहीं है और छन्द में "छन्दस्युभयथा" इस नियम से किसी भी प्रत्यय की सार्वधातुक और आर्धधातुक ये दोनों संज्ञाएँ हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में इस "क्वसु" प्रत्यय को सार्वधातुक मानकर इसके अपित् होने से "सार्वधातुकमपित्", यह ङित् हो जाएगा तो "अनिदितां हल उपधायां क्ङिति" से उक्त नकारलोप सिद्ध हो जाता है। क्योंकि यह नकारलोप जैसे कित् प्रत्यय परे होता है वैसे ही ङित् प्रत्यय परे रहते भी। इस प्रकार संयोगान्त धातुओं में, फल की दृष्टि से, कित्त्व तथा ङित्त्व में कोई विशेष अन्तर नहीं है। परिणामतः वेद में संयोगान्त धातु से परे लिट् को कित् करने के लिए यह "क्वसु" का कित्करण कोई प्रयोजन नहीं रखता।[२४]

---

२२. पा०, ६.३.२६

२३. महाभाष्य, सम्पा० वेदव्रत, हरियाणा साहित्य संस्थान, गुरुकुल झज्जर, १९६३, भाग ३, सू० ३.२.१०७, पृष्ठ २६१—"छान्दसौ कानच्क्वसू"।

२४. पदमंजरी (काशिका), भाग २, सू० ३.२.१०७, पृष्ठ ६१८—"कित्करणं किमर्थं न असंयोगाल्लिट् कित्" इत्येव सिद्धम्? संयोगान्तार्थम्। अञ्जेः आजिवान् उपधालोपो भवति, छान्दसः क्वसुः लिट्। छन्दसि सार्वधातुकमपि तत्र सार्वधातुकमपित्" इति तत्त्वाण्ङितीत्युपधालोपो भविष्यति।"

वस्तुतः यह "क्वसु" को जो कित्करण किया गया है, यह "ऋच्छत्यृताम्" इस विशेष गुण को रोकने के लिए किया गया है। यदि यहाँ "क्वसु" को कित् नहीं किया जाएगा तो जैसे यह विशेष गुण "तेरतुः", "तेरुः" आदि में प्रवृत्त होता है वैसे ही यह "तितीर्वान्", "तिस्तिराण", आदि इन वैदिक प्रयोगों में भी प्राप्त होगा। अतिदेश से प्राप्त कित्त्व या ङित्त्व से भी इस "ऋच्छत्यृताम्" सूत्रप्रोक्त गुण को नहीं रोका जा सकता। क्योंकि यह विशेष विहित होने से कित्त्व या ङित्त्व के सामान्य अतिदेश से नहीं बांधा जा सकता। वह न हो, इसलिए उसको रोकने के लिए यहाँ "क्वसु" में पुनः कित्करणरूप प्रयत्नविशेष किया गया है। यहाँ यह कहना कि यदि "क्वसु" के कित्करण से "ऋच्छत्यृताम्" की प्रवृत्ति रुक जाती है तो फिर "आरिवान्" इत्यादि में "ऋ" धातु को कैसे गुण हो गया तो इसका उत्तर है कि यह गुण तो "ऋच्छत्यृताम्" सूत्र में "ऋच्छति ऋ ऋ ऋताम्" इस प्रकार भाष्यकारप्रोक्त एक अतिरिक्त ऋकार का प्रश्लेष करने पर "ऋ" धातु का गुण के विषय में पुनर्विधान करने के कारण उक्त प्रयोगों में गुण समझना चाहिए।[२५] इस प्रकार वेद में भी "क्वसु" के कित्करण का सामर्थ्य उपक्षीण हो जाने से अर्थात् "क्वसु" का कित्करण "तितीर्वान्" इत्यादि वैदिक प्रयोगों में भी प्राप्त गुण को रोकने के लिए चरितार्थ हो जाने से इसके आधार पर जो कुछ न्यासकार आदि व्याख्याकारों का "क्वसु" को भाषा में प्रयुक्त होना ज्ञापित मानना है, यह भाष्यविरुद्ध होने से आदरणीय नहीं है अर्थात् उपेक्षणीय ही है। क्योंकि भाष्यकार ने स्पष्ट ही "छान्दसौ कानच्क्वसू" ऐसा कहा है। इसके अतिरिक्त यदि

---

२५. श० कौ० भा० २ सू० ३.२.१०७, पृष्ठ ४६३–"अत्राहुः ऋच्छत्यृताम् इति ऋकारान्तानां प्रतिषेधविषये गुण आरभ्यते, स यथेह भवति–परितस्तरे, तेरतुः, तेरुरिति, एवमिहापि स्यात्–यतस्रुचा बर्हिरु तिस्तिराणा (ऋक्० १.१०८.४) तथा तितीर्वानिति (ऋक्० ६.४१.४)। तद्व्यावृत्तये कित्करणम्। न चैवम् आरिवान् सर्वा भ्रूणान्यारुषी (ऋक्० १०.१५५.२) इत्यत्रापि गुणो न स्यादिति वाच्यम्, ऋकारान्तरप्रश्लेषेण ऋ धातो पुनर्विधानादिति दिक्।"

यह "क्वसु" आचार्य पाणिनि को भाषा में भी प्रयुक्त होना इष्ट होता तो फिर "भाषायां सदवसश्रुवः" यह उत्तर सूत्र व्यर्थ हो जाता है।[२६]

इस विषय में "आदृगमहनजनः किकिनौ लिट् च"[२७] सूत्र द्वारा "कि" तथा

---

२६. क. पदमंजरी (काशिका) भा० २ सू० ३.२.१०७, पृष्ठ ६१८, "कित्करण-सामर्थ्याद् भाषायामपि क्वसुर्भवतीत्येतत्तु भाष्यविरोधादुपेक्ष्यम्। उत्तर-सूत्रानर्थक्यं च यदि भाषायामपि क्वसुर्भवति"।

ख. प्रस्तुतसूत्रस्था प्रौढमनोरमा—"सूत्रकृता छन्दसि प्रक्रान्तत्वादुत्तरसूत्रे विभाषाग्रहणाच्च भाष्यवार्तिकयोरपि क्वसुकानचोश्छन्दस्युभयथेति वचनात् सार्वधातुकत्वेन सार्वधातुकमपिदिति ङित्त्वादेव आजिवानित्यादौ नलोपादीनां ङित्कार्याणामन्यथासिद्धिमाशङ्क्य तितीर्वान् तिस्तिराण इत्यादौ ऋच्छत्यृतामिति प्राप्तस्य गुणस्य बाधनार्थं कित्करणमिति सिद्धान्तितत्वात्। अत एव कित्करणसामर्थ्याद् भाषायामपि क्वसुकानचौ स्त इति केषांचिदुत्प्रेक्षा नादर्तव्येति हरदत्तमाधवादिग्रन्थे स्पष्टमिति भावः"। इसी बात को सायणमाधव ने श्लोकों में इस प्रकार कहा है—

सूत्रवार्तिकभाष्येषु छान्दसावेव केवलम्।
कानच्क्वसू प्रतीयेते तेन नात्र प्रपञ्चितौ॥

केचिदाहुः क्वसोः कित्त्वाज्ज्ञापकादनुमीयते।
अस्ति प्रयोगो भाषायामित्येवं प्राज्ञमानिनः॥

तथाहि छान्दसत्वेऽस्य छन्दस्युभयथेत्यतः।
सार्वधातुकसंज्ञत्वान्ङित्त्वे सिद्धेऽतिदेशतः॥

अनुनासिकलोपः स्यात् संयोगान्तेषु धातुषु।
अन्यत्रापि लिटः कित्वे संयोगाल्लिट् किदित्यतः॥

सिद्धे कृतः ककारोऽसौ भाषायामर्थवानिति।
तदसत् तेरुरित्यादौ यथा लिटि गुणः किति॥

ऋच्छत्यृतामितीहापि तितीर्वति गुणो भवेत्।
स मा भूदिति कित्त्वस्य भाष्ये फलसमर्थनात्॥

धातुवृत्ति (तारा बुक एजेन्सी, १९८७,) पृष्ठ ४६-४७।

२७. पा० ३.२.१७१

"क्निन्" प्रत्ययों का कित्करण भी ज्ञापक है कि स्थानिवद्भाव द्वारा लिड्वद्भाव से "असंयोगल्लिट् कित्" सूत्र द्वारा "क्रि" तथा "क्निन्" प्रत्ययों का कित्त्व सिद्ध होने पर भी जो उन्हें पुनः कित् किया गया है उसका यह प्रयोजन है कि जो "ऋच्छत्यृताम्" सूत्रप्रोक्त विशेष गुण है यह भी वहाँ न हो। इसको भी रोकने के लिए यहाँ पुनः कित्करण किया गया है।[२८]

यदि यहाँ यह कहा जाए कि लिट्स्थानिक "क्वसु" प्रत्यय में "वच्", "स्वप्", "वस्" तथा "यज्" आदि धातुओं को "वचि स्वपि यजादीनां किति"[२९] से सम्प्रसारण करने के लिए उसे कित् किया गया है तो यह भी बात ठीक नहीं है। क्योंकि सम्प्रसारण सम्भव हो सकने वाली धातुओं के विषय में तो यह लिट् "असंयोगाल्लिट् कित्" इस सूत्र से ही कित् सिद्ध है। अतः उसके स्थान में होने वाला "क्वसु" भी फिर विना कित्करण किए स्वतः ही कित् अतिदिष्ट हो जाएगा। ऐसी स्थिति में सम्प्रसारण के लिए भी "क्वसु" में कित्करण अनर्थक है। ध्यातव्य है कि न्यासकार जहाँ वैदिक प्रयोगों के लिए लगाए गए "क्वसु", "कानच्" प्रत्ययों के कित्करण को "छन्दस्युभयथा" से ही अन्यथा सिद्ध हो जाने के कारण उसको उसके लौकिक होने में ज्ञापक मानते हैं वहाँ पदमंजरीकार तथा सायणमाधव आदि इन प्रत्ययों के कित्करण को "तिस्तिराणः", "तितीर्वान्" इत्यादि वैदिक प्रयोगों में ही "ऋच्छत्यृताम् इस विशेष गुण को रोकने में चरितार्थ हो जाने से उसको ज्ञापक नहीं मानते। इस तरह, इनकी दृष्टि में, यह कित्करण का सामर्थ्य न बन पाने से इनके लौकिक प्रयोग को ज्ञापित नहीं करते।

इस सन्दर्भ में प्रौढमनोरमाकार के अनुसार काशिकाकार के द्वारा "दाश्वान्साह्वान्मीढ्वांश्च"[३] इस सूत्र को लोक और वेद दोनों में साधारण रूप में प्रयोगार्ह मानना भी विचारणीय है। स्मरण रहे कि काशिकाकार ने दाश्वानादि "क्वसु" प्रत्ययान्त उक्त प्रयोगों को छन्द और भाषा में अविशेषेण निपातित माना

---

२८. काशिका भा० २ सू० ३.२.१७१, पृष्ठ ६७३—"अथ किमर्थं कित्त्वम्, यावता "असंयोगाल्लिट् कित्" इति कित्त्वं सिद्धमेव। "ऋच्छत्यृताम्" इति लिटि गुणः प्रतिषेधविषये आरभ्यते, तस्यापि बाधनार्थं कित्त्वम्"।

२९. पा० ६.१.१५

३०. वही, ६.१.१२

है।[३१] किन्तु प्रौढ़मनोरमाकार के अनुसार वृत्तिकार का यह मत उपेक्षणीय है। क्योंकि "दाश्वान्" इत्यादि प्रयोग छन्द में ही प्राचुर्य रूप में प्राप्त होते हैं। इसलिए यद्यपि वहां छन्द का कोई अधिकार नहीं है इस दृष्टि से उक्त प्रयोगों के लोक-वेद में साधारण होने से काशिकाकार भी ठीक है तथापि लक्ष्यानुरोध से अथवा प्रयोगों की उपलब्धि की दृष्टि से इसके वेदों में ही अधिकता से प्राप्त होने के कारण प्रौढमनोरमाकार का उक्त मत ही अधिक ठीक है। ऐसी स्थिति में "दाश्वान्-साह्वान्मीढ्वांश्च" उक्त सूत्र के "दाश्वान्" इत्यादि "क्वसु" प्रत्ययान्त प्रयोगों में द्वित्व, इडभाव, दीर्घ और ढत्व इन कार्यों के निपातनमात्र में उपक्षीण होने से तथा "क्वसु" के केवल छान्दस रूप में निर्णीत हो जाने के कारण काशिकाकार का इन प्रयोगों को छन्द और भाषा में मानना अयुक्त है। इसलिए वृत्तिकार का इस सूत्र से इन प्रयोगों में "क्वसु" निपातनविधान मानना भी गौरव ही है। क्योंकि यह सूत्र "क्वसु" प्रकरण में नहीं पढ़ा गया। जैसा कि न्यासरूप में कहा भी गया है कि जो थोड़े ही काम में सन्तुष्ट हो जाता है वह अनेक काम करने में समर्थ नहीं हुआ करता। फलतः द्वित्व, इडभावादि निपातित करने वाला यह सूत्र "क्वसु" रूप अधिक निपातन काम को नहीं करेगा। ऐसी स्थिति में "दाश्वान् साह्वान्मीढ्-वांश्च" यह सूत्र अनावश्यक है। इसीलिए पदपाठकार इस सूत्र को व्यर्थ मानकर "साह्वान् विश्वा अभियुजः"[३२] इस मन्त्र के पदपाठ में "साह्वान्" इस पद को "सह्वान्" इस प्रकार ह्रस्वरूप में तथा द्वित्वाभावरूप में छेद करके पढ़ते हैं[३३]

---

३१. काशिका भा० ४, सू० ६.१.१२, पृष्ठ ४६२—"दाश्वान् साह्वान्, मीढ्वान् इत्येव शब्दाश्छन्दसि भाषायां चाविशेषेण निपात्यन्ते"।

३२. ऋग्वेद, सम्पा० विश्वबन्धु, विश्वेश्वरानन्द वैदिक संस्थान, होशियारपुर, १९६४-६५, ३.११.६

३३. प्रस्तुतसूत्रस्था प्रौढमनोरमा—"अत्र प्राचा दाश्वान् साह्वान् मीढ्वांश्चेति सूत्रमुपन्यस्तम्। तच्च यद्यपि छन्दसि भाषायां चाविशेषेण वर्तते इति वृत्त्यादौ स्थितं तथापीहोपेक्षितम्" छन्दस्येव प्राचुर्येण दाश्वानित्यादि-प्रयोगाणामुपलम्भात्। उक्तसूत्रस्य द्वित्वाभावादिनिपातनमात्रोपक्षीणत्वात् क्वसोश्च छान्दसताया निर्णीतत्वात्। अनेनैव क्वसोरपि गौरवात्। यदाहुः "अल्पार्थविधिसन्तुष्टो नानेकार्थविधिक्षम" इति। अत एव हि तत्सूत्र-मनावश्यकम् तथा च पदकाराः "साह्वान् विश्वा" इति ह्रस्वंचिच्छिदु-रिति दिक्"।

अर्थात् पदविभाग के लौकिक होने से यद्यपि वहाँ "साह्वान्" ऐसा साक्षात् दीर्घ रूप में छेद करना ही उचित था तथापि, पदपाठकारों की दृष्टि में, इस सूत्र के अनावश्यक होने के कारण वैसा न करने के लिए पृषोदरादिगण का आश्रयण करते हुए उसी से ही सब इष्ट सिद्ध हो जाने से यह सूत्र सर्वथा व्यर्थ सिद्ध हो जाता है। ध्यातव्य है कि वैसे वास्तविकता यह है कि "न लक्षणेन पदकाराः अनुवर्त्याः, पदकारैर्नाम लक्षणमनुवर्त्यम्"[३४] इस न्यास के अनुसार "साह्वान" को ह्रस्व रूप में पढ़ना भ्रान्तिजन्य ही है।[३५] इस प्रकार इन प्राचीन वैयाकरणों की दृष्टि में तो "क्वसु" प्रत्यय केवल वैदिक ही है। ऐसी स्थिति में "क्वसु" के केवल वैदिक होने से फिर उपर्युक्त कवि-प्रयोग सिद्ध नहीं होते।

अब इस समस्या का एक समाधान तो यह है कि आचार्य पाणिनि के अनुसार यद्यपि "क्वसु" का प्रयोग केवल "सद्", "वस्" एवं "श्रु" से भी होता है तथापि महाकवियों द्वारा जो गतानुगतिकतया अथवा भेड़चाल से अन्य धातुओं से भी "क्वसु" प्रत्यय प्रयुक्त किया गया है, वह आपाततः अपाणिनीय होते हुए भी "निरंकुशाः कवयः" अथवा "छन्दोवत् कवयः कुर्वन्ति" इस सिद्धान्त के अनुसार मान्य हो सकता है। इसके अतिरिक्त ऐसा मानने पर यदि भाषा में उच्छृंखलता बढ़ने की सम्भावना हो तो इन प्रयोगों को सुसंगत बनाने के लिए अथवा "क्वसु" प्रत्यय के वैदिकत्व एवं लौकिकत्व दोनों को सुसंगत बनाने के लिए भाष्यकार के वचन को भी प्रमाण माना जा सकता है। क्योंकि भाष्यकार पाणिनीय होते भी स्वयं पाणिनि से भी अधिक प्रामाणिकतम माने जाते हैं।[३६] इस सन्दर्भ में भाष्यकार ने "विभाषापूर्वाह्णापराह्णाभ्याम्"[३७] इस सूत्र के भाष्य में "पपुषः आगतं

---

३४. महा० भा० १ सू० १.१.४७

३५. प्रस्तुत सूत्रस्थ शब्दरत्न—"दिगर्थस्तु पदविभागस्यापि लौकिकत्वात्तत्र दीर्घस्यौचित्येऽपि तदभावाय पृषोदरादित्वस्यावश्यकत्वेन तेनैव सर्वसिद्धाविदं व्यर्थमिति। वस्तुतो न लक्षणेन पदकारा अनुवर्त्या इति न्यायेन तथा पदपाठो भ्रान्त्यैवेति बोध्यम्"।

३६. वै० सि० कौ०, भाग १, सू० १२२, पृष्ठ २२३, "यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्"।

३७. पा० ४.३.२४

पपिवद्रूप्यम्" ऐसा प्रयोग किया है। यहाँ "पपुषः" यह "क्वसु" प्रत्ययान्त "पपिवस्" शब्द का पंचमी विभक्ति का रूप है तथा साथ ही उक्त "पपिवद्रूप्यम्" यह प्रयोग वैदिक न होकर लौकिक है। इस ज्ञापक से कुछ वैयाकरण कहीं-कहीं लोक में भी "क्वसु" प्रत्यय के साधुत्व को स्वीकार कर लेते हैं तथा उत्तरसूत्रपठित "सद्" आदि धातुओं को उपलक्षणरूप में उदाहरणमात्र मानते हैं। यह भाष्यकार पतंजलि का ही प्रामाण्य है जो इनके कथन से "क्वसु" प्रत्यय लोक में भी प्रयुक्त हो सकता है अन्यथा प्रथम मुनि पाणिनि के अनुसार तो यह "क्वसु" प्रत्यय छन्दोमात्रगोचर होना चाहिए। स्पष्ट है कि उस स्थिति में तो कालिदास के उपर्युक्त प्रयोग असाधु ही मानने पड़ेंगे। किन्तु भाष्यकार के वचन प्रामाण्य से उक्त कवि प्रयोग साधु ही माने जाते हैं। इस प्रकार "क्वसु" के लौकिकत्व को लेकर उपस्थित होने वाला हरदत्तोक्त भाष्यविरोध स्वयं भाष्यकार के द्वारा ही परिहृत हो जाता है। हाँ, उक्त भाष्यप्रामाण्य के आधार पर ही यहाँ यह कल्पना अवश्य की जा सकती है कि संयोगान्त धातुओं से परे "क्वसु" छन्द में ही होता है तथा "कानच्" तो सभी प्रकार के संयोगान्त-असंयोगान्त धातुओं से सर्वथा छन्द में ही होता है। परन्तु यह "क्वसु" संयोगान्त से भिन्न अन्य धातुओं से कहीं वेद में होता था तथा कहीं लोक में भी।[३८] काशिकाकार के द्वारा "दाश्वान्साह्वान्मीढ्वांश्च" सूत्रप्रोक्त "दाश्वान्" इत्यादि "क्वसु" प्रत्ययान्त प्रयोगों को छन्दस् और भाषा में अविशेषेण प्रयोगार्ह मानना भी इस विषय में तात्पर्यग्राहक है। सम्भवतः इसीलिए केवल लौकिक शब्दों के व्याकरण चान्द्रव्याकरण तथा जैनेन्द्र व्याकरण की महावृत्ति क्रमशः "लिटः क्वसुर्वा" तथा "क्वसुकानचौ सर्वधुभ्य इत्येके"[३९] ऐसा कहकर

---

३८. बृहच्छब्देन्दुशेखर, सीतारामशास्त्री, वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, १९६०, भा० ३ सू० ३०९५, पृष्ठ २०६५, "केचित्तु विभाषा पूर्वाह्णेति सूत्रे पपुष आगतं पपिवद्रूप्यमिति भाष्ये लौकिकविग्रहवाक्येऽपि क्वसुप्रयोगदर्शनात् क्वचिल्लोकेऽपि नोक्तप्रयोगेषु दोषः। उक्तभाष्य-प्रामाण्यात् "संयोगान्तेभ्यः परं छन्दस्येवेति कल्प्यम्। कानच्च छन्दस्येव। उत्तरसूत्रन्तु तेभ्योऽन्यत्र क्वचिदेवेत्यर्थज्ञापनार्थमित्याहुः"।

३९. क. चान्द्रव्याकरण, सम्पा० के० सी० चैटर्जी, डेक्कन कालेज, पूना, सू० सं० १.२.७४

ख. जैनेन्द्र महावृत्ति, सम्पा० शम्भुनाथ त्रिपाठी, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९५६, सू० सं० २.२.८८, पृष्ठ १११

"क्वसु" को लोक में प्रयोग योग्य घोषित किया गया है। तभी गतानुगतिकता न्याय के आधार पर पठित भट्टोजिदीक्षित का "कवयस्तु बहुलं प्रयुञ्जते" यह कथन सुसंगत होता है।

अथवा यहाँ यह भी कहा जा सकता है कि कालिदास वैदिक प्रयोगों को प्रयुक्त करने में भी पर्याप्त अभिरुचि रखते थे जैसा कि प्रस्तुत "क्वसु" प्रत्ययान्त शब्दों के अतिरिक्त इन्होंने "गिरिश" तथा 'त्रियम्बक" या 'त्र्यम्बक" आदि अनेक वैदिक शब्दों का भी अनेकत्र प्रयोग करके दिखाया है।[४०] अभिज्ञानशाकुन्तल में तो इन्होंने एक स्थान पर त्रिष्टुप् इस वैदिक छन्द का भी साक्षात् प्रयोग किया है।[४१] इससे इनका वैदिक पद्धति या वैदिक विधानों के प्रति आकर्षण या आदर सूचित होता है। इसी प्रकार कालिदास ने "ऊचीवान्" यह एक और प्रयोग किया है।[४२] यहाँ "वच्" धातु से "क्वसु" प्रत्यय हुआ है किन्तु पाणिनिव्याकरण की प्रक्रिया को देखते हुए यह प्रयोग ठीक नहीं है क्योंकि पाणिनिव्याकरण में "वच्" धातु से लोक में केवल "कानच्" प्रत्यय का ही प्रयोग निपातित रूप में न्याय्य होगा और वह भी तब जबकि वह "वच्" धातु "अनु" उपसर्ग पूर्वक हो, तद् यथा— "अनूचानः"।[४३] इससे भी कालिदास का वैदिक प्रयोगों के प्रति आकर्षण स्पष्ट सिद्ध होता है।

---

४०. क. रघुवंश १६.५१, पृष्ठ २३२ "दग्ध्वाऽपिदेहं गिरिशेन रोषात्"।
ख. कुमारसम्भव १.५९, पृष्ठ ५१, "शुश्रूषमाणां गिरिशोऽनुमेने"।
ग वही, १.६०, पृष्ठ ५१, "गिरिशमुपचचार प्रत्यहं सा सुकेशी"।
घ. वही, ३.६५, पृष्ठ ६३, "अथोपनिन्ये गिरिशाय गौरी"।
ङ. कुमारसम्भव, ३.४४, पृष्ठ ६१, "त्रयम्बकं संयमिनं ददर्श"।
च. वही, ३.६१, पृष्ठ ६२, "व्यकीर्यत त्र्यम्बकपादमूले"।

४१. अभिज्ञानशाकुन्तल, अंक ४, श्लोक सं० ८, पृष्ठ ४८६,
"अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्या समिद्वन्तः प्रान्तसंस्तीर्णदर्भाः।
अपघ्नन्तो दुरितं हव्यगन्धैर्वैतानास्त्वां वह्नयः पावयन्तु॥"

४२. रघुवंश १६.८६, पृष्ठ २३५, "इत्यूचिवानुपहृताभरणः क्षितीशम्"।
कुमारसम्भव ६.६४, पृष्ठ ८१, "इत्यूचिवांस्तमेवार्थम्"।

४३. द्र० पा० ३.२.१०९, "उपेयिवाननाश्वाननूचानश्च"। कालिदास ने इसका भी यथास्थान प्रयोग किया है। तद्यथा—"इदमूचुरनूचानाः"। कुमारसम्भव ६.१५, पृष्ठ ७७।

ऐसी स्थिति में फिर यास्क के प्रामाण्य से भी ये सभी शब्द साधु सिद्ध हो जाते हैं। क्योंकि यास्क के अनुसार छान्दस शब्दों का लोक में और लौकिक शब्दों का छन्द में प्रयोग होना कोई दोषावह नहीं है जैसे कि वैदिक "घृ" धातु से बना हुआ "घृत" शब्द लोक में भी प्रयुक्त होता ही है।[४४] इस तरह यास्काचार्य को प्रामाण्य मानते हुए जब इस वैदिक "क्वसु" प्रत्यय को लोक में भी प्रयुक्त मान लिया जाएगा तो फिर कालिदासीय उक्त प्रयोगों में कोई समस्या नहीं रहती।

---

४४. निरुक्त, सम्पा० डॉ० कपिलदेवशास्त्री, साहित्य भण्डार, मेरठ, १९८६, द्वितीय अध्याय, प्रथम पाद, पृष्ठ १७८, "अथापि भाषिकेभ्यो धातुभ्यो नैगमाः कृतो भाष्यन्ते—दमूना क्षेत्रसाधा इति। अथापि नैगमेभ्यो भाषिकाः- उष्णम्, घृतम् इति।"

रामायण की ऐतिहासिकता एवं तिथि : एक पुरातात्त्विक विवेचन

कृष्ण कुमार
चन्देरी (मध्य प्रदेश)

The author in this paper has tried to identify the OCP/ Copper Hoard Culture of Gangetic Valley with the post-Ṛgvedic Āryan and *Rāmāyaṇa* Culture as belonging to 1500 Century B. C. which also conforms to the ancient Indian tradition and Indian Mind.

वाल्मीकि रामायण विश्व साहित्य का प्राचीनतम महाकाव्य है । पुरातात्त्विक साक्ष्यों के आधार पर रामायण कालीन घटनाओं की ऐतिहासिकता प्रमाणित करना अथवा उनकी तिथि निर्धारित करना एक अत्यन्त जटिल समस्या है । यद्यपि प्रोफेसर एच० डी० साँकलिया एवं प्रोफेसर बी० बी० लाल ने रामायण कालीन पुरातात्त्विक अवशेषों को खोजने तथा रामायण कालीन घटना की तिथि निर्धारित करने का साहसिक प्रयास किया था, किन्तु अधिकांश विद्वान उनके निष्कर्षों से सहमत नहीं हैं । इस संक्षिप्त लेख में रामायण कालीन पुरातात्त्विक अवशेषों की पहचान करने, उनके आधार पर रामायण की ऐतिहासिकता प्रमाणित करने तथा रामायण कालीन घटना की तिथि निर्धारित करने का एक मौलिक प्रयास किया गया है ।

यह सर्वविदित है कि कोशल नरेश दशरथ का राज्य आधुनिक उत्तर-प्रदेश में था, जिसकी राजधानी अयोध्या थी । इससे स्पष्ट है कि रामायण कालीन संस्कृति मुख्यतः गंगा घाटी के पश्चिमी भाग में पल्लवित हुई थी । दशरथ पुत्र भगवान राम को उनकी सौतेली माँ कैकेयी की दुरभिसन्धि के फलस्वरूप भाई लक्ष्मण व पत्नी सीता के साथ चौदह वर्ष के वनवास पर दक्षिण भारत की यात्रा करनी पड़ी ।

परिस्थितिवश वहाँ उन्होंने वानर एवं रीछ नामक जन-जातियों के सहयोग से लङ्काधिपति राक्षसनरेश रावण को युद्ध में पराजित किया। इस प्रकार दक्षिण भारत व लङ्का को विजित कर भगवान राम ने सर्व प्रथम सुदूर दक्षिण में आर्य संस्कृति के प्रसार का मार्ग प्रशस्त किया।

यद्यपि भगवान राम का अयोध्या से लङ्का तक यात्रा-मार्ग सुनिश्चित करना अति कठिन कार्य है, किन्तु परम्परागत रूप से प्रसिद्ध विभिन्न रामायण कालीन स्थलों तथा एफ० ई० पार्जिटर[१] प्रभृति विद्वानों के अनुमान के आधार पर हम कह सकते हैं कि भगवान् राम व उनके सहयोगियों ने अयोध्या से चित्रकूट तक की यात्रा शृङ्गवेरपुर तथा भारद्वाज आश्रम (प्रयाग) होते हुए की थी। इस अवधि में उन्होंने उत्तर-प्रदेश के फैजाबाद, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, इलाहावाद व बाँदा जनपदों को पार किया था। चित्रकूट से आगे उन्होंने मध्य-प्रदेष के पन्ना, दमोह, सागर, रायसेन, भोपाल, इन्दौर व खरगोन जनपदों में विचरण करते हुए नर्मदा पार की। तत्पश्चात् महाराष्ट्र के जलगाँव, औरङ्गावाद व नासिक जनपदों की यात्रा करते हुए वे पञ्चवटी (आधुनिक नासिक) पहुँचे।

पञ्चवटी में रावण द्वारा सीताहरण के पश्चात् भगवान् राम व लक्ष्मण ने गोदावरी पार कर महाराष्ट्र के नासिक, पूना, अहमद नगर एवं शोलापुर जनपदों तथा कर्नाटक के गुलवर्मा व रायचूर जनपदों की यात्रा की। भीमा व कृष्णा नदियों को पार कर वे रायचूर जनपद में पम्पासर व ऋष्यमूक पर्वत पहुँचे। तत्पश्चात् तुङ्गभद्रा पार कर वे कर्नाटक के बेलारी जनपद में किष्किन्धा पहुँचे। वहाँ वानरराज सुग्रीव की सहायता से एक शक्तिशाली सेना संगठित कर भगवान् राम ने सेना सहित आन्ध्र प्रदेश के अनन्तपुर तथा कर्नाटक के चित्रदुर्ग तुमकुर, मड्या व मैसूर जनपदों की यात्रा करते हुए कावेरी व उसकी सहायक नदियों को पार किया। तत्पश्चात् नीलगिरि, अनामलाई तथा कर्दमम पर्वत श्रेणियों के पार्श्व भाग से केरल व तामिलनाडु की यात्रा करते हुए वे रामेश्वरम् पहुँचे। उक्त विवरण से स्पष्ट है कि भगवान् राम ने अयोध्या से लङ्का तक की यात्रा अनेक चरणों में दक्कन पठार के पश्चिमी भाग होकर पूर्ण की थी। क्योंकि भौगोलिक कारणवश दक्कन पठार के पूर्वी भाग से यात्रा करना निरापद न था।

---

१. एफ० ई० पार्जिटर, ऐंशिएंट इण्डियन हिस्टारिकल ट्रैडिशन्स, लन्दन, १९२२, पृ० २७८।

स्वातन्त्र्योत्तर भारत में हुए विस्तृत पुरातात्त्विक सर्वेक्षणों व उत्खननों द्वारा सरस्वती तथा गंगा घाटी में एक ताम्रयुगीन संस्कृति प्रकाश में आई है। पुराविदों ने इसका नामकरण 'गेरुए मृद्भाण्ड संस्कृति' (आकर कलर्ड पाटरी कल्चर) अथवा 'ताम्र निधि संस्कृति' ('कापर होर्ड कल्चर') किया है। उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में सईपई नामक स्थान पर हुए पुरातात्त्विक उत्खननों द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि 'गेरुए मृद्भाण्ड' तथा 'ताम्रनिधि' एक ही संस्कृति के दो स्वरूप हैं।[२] इस संस्कृति का विस्तार उत्तर-पश्चिम में भदला (पंजाब) से पूर्व में परीहती (पश्चिम बंगाल तक तथा दक्षिण में कौसाम्बी (उत्तर प्रदेश) तक था।[३] उत्तर प्रदेश इस संस्कृति का केन्द्र था जहाँ इसके प्रमुख स्थल हस्तिनापुर, बिसौली, राजापुर परसू, बहादराबाद, कीरतपुर, लाल किला, दौलतपुर, अतरंजीखेड़ा, जखेड़ा, सईपई, अहिच्छत्र, बहरिया, परियर, बिहूर, शृङ्गवेरपुर, कौसाम्बी, मीरापट्टी[४] आदि हैं। यद्यपि पुरातात्त्विक उत्खननों द्वारा गेरुए मृद्भाण्ड सदृश मिट्टी के बर्तन गंगा घाटी से बाहर कायथा, महेश्वर, नवदाटोली (मध्य प्रदेश), नासिक व जोरवे (महाराष्ट्र) तथा स्वात घाटी (उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान) आदि से भी मिले हैं, किन्तु विद्वानों के मतानुसार उनकी पहचान संदिग्ध है।[५]

गेरुए मृद्भाण्ड की संस्कृति एक ग्राम्य संस्कृति थी, जिसका विस्तार गंगा व उसकी सहायक नदियों द्वारा पश्चिम से पूर्व की ओर हुआ था। इस संस्कृति के लोग नदी तटों पर स्थित ग्रामों में निवास करते थे। उनके घर मिट्टी व घास-फूस निर्मित थे। पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में कहीं-कहीं कच्ची व पकी ईंटों का भी न्यून मात्रा में उपयोग होता था। पशु पालन व कृषि उनकी आजीविका के प्रमुख साधन थे। वे

---

२. बी० बी० लाल, 'ए नोट आन एक्सकेवेशंस ऐट सईपई', पुरातत्त्व, ५, १९७१-७२, पृ० ४६-४९।

३. कृष्ण कुमार, 'द ओरिजिन एण्ड एक्सपेंशन आफ द आकर कलर्ड पाटरी: ऐन असेसमेंट', पाञ्चाल, ३, १९९०, पृ० ३।

४. कृष्ण कुमार 'द कॉपर होर्ड/ओ० सी० पी० कल्चर इन द मिड गंगा वैली: ऐन अपरेजल इन द लाइट आफ न्यू डिस्कवरीज़', इण्डियन आर्क्यालाजीकल हेरिटेज (श्री के० वी० सौन्दरराजन फेलिसिटेशन वाल्यूम) सम्पादक डॉ० सी० मार्गबन्धु आदि, दिल्ली, १९९१, पृ० १५७।

५. कृष्ण कुमार, १९९०, वही, पृ० ३।

गाय, बैल, भैंस, बकरी, भेड़, सुअर, घोड़ा व कुत्ता पालते थे। चीता, मृग, नीलगाय व मछली का शिकार भी करते थे। वे जौ, चना, धान, खेसारी, तिल व कपास की खेती करते थे। आम, महुआ व बेर खाते थे। वे न केवल ताम्र ('अयस्') से परिचित थे, वरन् प्रचुर मात्रा में विभिन्न प्रकार के ताम्र उपकरण, जैसे कुल्हाड़ी, फरसा, सब्बर, छेनी, भाला, बरछा, तलवार, छल्ला, मानवाकृति (इन्द्र की प्रतिमा) आदि का निर्माण भी करते थे तथा उन पर विभिन्न प्रकार के शुभ प्रतीक, जैसे मत्स्य, नन्दी, त्रिशूल, स्वस्तिक आदि उत्कीर्ण करते थे। विभिन्न आयुधों पर १ से १६ तक गोल चिह्नों के अंकन से ऐसा प्रतीत होता है कि उनके निर्माता सामान्य गणित से भी परिचित थे।

'गेरुए मृद्भाण्ड संस्कृति' के लोग ताँबे के छल्लों, अर्धमूल्यवान् पाषाण व पको मिट्टी के मनकों, चाँदी की गोमुखाकृतियों (काऊ हेड्स) व गोल चकियों ('डिस्क्स') का उपयोग आभूषण की भाँति करते थे। स्त्रियाँ अस्थि निर्मित सलाइयों ('सलाली') का उपयोग केश विन्यास एवं नेत्रों में सुरमा लगाने हेतु करती थीं। पकी मिट्टी के झाँवों ('टेराकोटा स्किन रबर्स') का उपयोग स्नान के समय शरीर की सफाई हेतु होता था। बच्चे पकी मिट्टी की खिलौना गाड़ियों, गोलियों व मृद् भाण्ड के गोल ठीकरों से खेलते थे। वयस्क पकी मिट्टी की गोटों से चौपड़ खेलते थे।

यद्यपि आर्थिक दृष्टि से वे स्वावलम्बी थे, किन्तु कुछ वस्तुएं वे बाहर से आयात भी करते थे। वे राजस्थान, हरियाणा, बिहार, बंगाल व उड़ीसा की खानों से ताँबा प्राप्त करते थे। दक्षिण भारत में कोलार व अनन्तपुर की खानों से सम्भवतः चाँदी लाते थे। पत्थर के बाट, तथा सेलखड़ी (सेलम) व कार्नेलियन पत्थर के मनके वे हड़प्पा संस्कृति से आयात करते थे। सूक्ष्म आकार के पाषाण फलक ('ब्लेड्स') राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल व उड़ीसा की ताम्राश्म ('चालकोलिथिक') संस्कृतियों से प्राप्त करते थे। वे सम्भवतः ताँबा निर्मित वस्तुएँ, लकड़ी, चमड़ा, ऊन, कपास, अन्न, शहद आदि निर्यात करते थे। यद्यपि उनका व्यापार साधारणतः विनिमय ('बार्टर') पर आधारित था, किन्तु बड़े सौदों के लिए वे सम्भवतः ताँबे के छल्लों व चाँदी की गोमुखाकृतियों (निष्क) व गोल चकियों ('रुक्म') का उपयोग धन ('अनस्टाम्प्ड मेटलिक करेंसी') स्वरूप भी करते थे।[६] वे सम्भवतः दो पहियों

---

६. कृष्ण कुमार, 'द सिल्वर प्लेट्स आफ द गुंगेरिया होर्डः देअर मानेटरी

वाली बैल गाड़ियों तथा चार पहिये वाले रथों व नावों का उपयोग यात्रा तथा व्यापार हेतु करते थे।

वे ताम्र निर्मित मानवाकृतियों (इन्द्र की प्रतिमाओं), पकी मिट्टी से निर्मित पृथ्वी (अदिति), द्यौस् (आकाश) व वृषभ की मूर्तियों की पूजा करते थे। वे सम्भवतः पकी मिट्टी के पहियों व पकी मिट्टी व चाँदी निर्मित गोल चकियों ('डिस्क्स') का उपयोग सूर्योपासना हेतु एवं[७] पकी मिट्टी निर्मित अर्धचन्द्र का उपयोग चन्द्रोपासना हेतु करते थे। कतिपय मृद्भाण्डों, जैसे आधारयुक्त प्याला ('डिश आन स्टैण्ड') प्रणाली युक्त कटोरा व लोटा ('स्पाउटेड वेसेल्स') और लघु आकार के बर्तनों का उपयोग सम्भवतः धार्मिक कर्मकाण्डों में होता था। वे अग्नि पूजा (यज्ञ) व पशु बलि भी करते थे। यज्ञ अथवा पूजा के समय वे चीड़ की लकड़ी सुगंध हेतु जलाते थे। वे सम्भवतः शवों का अग्निदाह करते थे।

'गेरुए मृद् भाण्ड संस्कृति' की उत्पत्ति सरस्वती घाटी में 'ह्रासोन्मुख सिसवाल मृद्भाण्ड संस्कृति' ('डिजनरेट सिसवाल वेयर कल्चर') से हुआ था। वहाँ से इस संस्कृति का प्रसार धीरे-धीरे सम्पूर्ण गंगाघाटी में हो गया। इस संस्कृति का अवसान सम्भवतः किसी प्रचण्ड जलप्लावन अथवा भीषण वर्षा के कारण हुआ था। यद्यपि 'कार्बन-१४ तिथियों' ('सी-१४ डेट्स') के अभाव में इस संस्कृति का निश्चित रूप से काल निर्धारण करना सम्भव नहीं है, किन्तु उत्तर प्रदेश में झिझाना, नसीरपुर, अतरंजीखेड़ा, लालकिला व शृंगवेरपुर से प्राप्त 'थर्मोलुमिनिसेन्स तिथियों' के आधार पर इसका समय लगभग २००० ई० पू० से १००० ई० पू० तक निश्चित कर सकते हैं।[८]

सिग्नीफिकेंस', जर्नल आफ द इकानामिक एण्ड सोशल हिस्ट्री आफ द ओरिएंट (लाइडेन, द नेदरलैण्डस) में प्रकाशनाधीन।

७. कृष्ण कुमार, 'आइडोलेटरी इन द रिगवैदिक एजः सम लिटरेरी एण्ड आरक्यालाजीकल इवीडेंस', आरकिव ओरिएंटालनी (प्राहा अकादेमिआ, चेकोस्लोवकिया), ५६, २, १९८८, पृ० ११०-११३; 'रेलीजन एण्ड ऑथरशिप आफ द कापरहोर्ड/ओ० सी० पी० कल्चर', आरक्यालाजी एण्ड आर्ट (श्री कृष्ण देव फेलीसिटेशन वाल्यूम) सम्पादक डॉ० सी० पी० सिन्हा, दिल्ली, १९९०, पृ० ९७-१००।

८. बी० बी० लाल, १९७१-७२, वही, पृ० ४८-४९; बी० बी० लाल एण्ड के०

यद्यपि 'गेरुए मृद् भाण्ड' मुख्यतः सरस्वती व गंगाघाटी में मिलते हैं किन्तु 'ताम्रनिधियाँ' हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल व उड़ीसा में बहुतायत से मिली हैं। कतिपय ताम्रनिधि आयुध, जैसे मूठदार तलवारें ('ऐन्टेना शोर्ड'), छुरे व चाकू आदि मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल व तामिलनाडु राज्यों में भी यत्र-तत्र मिले हैं। पूर्वी भारत में 'गेरुए मृद् भाण्डों' का अपेक्षाकृत अभाव तथा 'ताम्रनिधियों' का बाहुल्य यह सिद्ध करता है कि 'गेरुये मृद्-भाण्ड संस्कृति' के पोषक छोटा नागपुर पठार में मुख्यतः ताम्र तथा अन्य खनिज पदार्थों की खोज में गये थे। इसी प्रकार दक्कन पठार में गेरुए मृद् भाण्डों का अभाव व मूठदार तलवारों, छुरों वा चाकुओं आदि की यत्र-तत्र उपलब्धि से ऐसा प्रतीत होता है कि 'गेरुए मृद् भाण्ड संस्कृति' के पोषक दक्षिण भारत में किसी सैन्य अभियान पर गये थे।[९]

रीढ़दार फलक व मूठ के नीचे कीड़े सदृश दो नुकीले भाग ताम्रनिधि की मूठदार तलवारों ('ऐन्टेना शोर्ड') की दो प्रमुख विशेषताएँ हैं। इन तलवारों का उपयोग निस्सन्देह युद्ध में होता था। भारत में इस प्रकार की तलवारें रेवाड़ी (हरियाणा), चन्दौसी, फतेहगढ़, शिवराजपुर, बिठूर, कानपुर उन्नाव व शाहाबाद (उत्तर प्रदेश), पाटन व मोढ़ेरा (गुजरात), कल्लूर कर्नाटक), मूंगलार टी स्टेट (केरल) तथा शाविनीपट्टी (तामिलनाडु) से प्राप्त हुई हैं। इसके अतिरिक्त कनकासा (गुजरात) से मूठदार छुरा, चान्दोली (महाराष्ट्र) से मूठदार चाकू व नवदाटोली (मध्य प्रदेश) से प्राप्त रीढ़दार तलवार का एक फलक-खण्ड भी उल्लेखनीय हैं।[१०] उक्त आयुधों के भौगोलिक विस्तार से स्पष्ट है कि यद्यपि मूठदार तलवारें (ऐन्टेना शोर्ड') मुख्यतः गंगाघाटी में मिलती हैं, किन्तु यदा-कदा वे दक्षिण भारत में भी मिलती हैं। इन आयुधों का उत्तर से दक्षिण की ओर प्रसार दक्कन पठार के पश्चिमी भाग से हुआ था। इनका विस्तार-मार्ग आधुनिक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल व तामिलनाडु राज्यों से होकर जाता है।

एन० दीक्षित, 'श्रृंगवेरपुरः ए की-साइट फार द प्रोटोहिस्ट्री एण्ड अर्ली हिस्ट्री आफ सेन्ट्रल गंगा वैली', पुरातत्त्व, १०, १९७८-७९, पृ० ६।

९. कृष्ण कुमार, १९९०, वही, पृ० ४।

१०. पाल यूले, मेटल वर्क्स आफ द ब्रांज एज इन इण्डिया, म्यूनिख्, जर्मनी, १९८५।

यह उल्लेखनीय है कि रामायण में तलवार, छुरा व चाकू हेतु 'निस्त्रिंश', 'असि', 'खड्ग', 'कृपाण' आदि शब्द प्रयुक्त हुए हैं। उक्त आयुधों के प्रयोग सम्बन्धी अनेक संदर्भ महाकाव्य में उपलब्ध हैं। उदाहरणस्वरूप भगवान् राम द्वारा ताड़का वध करने पर विश्वामित्र जी ने उन्हें सर्वोत्तम 'असि' पुरस्कार स्वरूप दिया था। अयोध्या से वनगमन पूर्व भगवान् राम ने लक्ष्मण को आदेश दिया कि वह जनक से दहेज में प्राप्त समस्त आयुधों (जिनमें स्वर्ण मण्डित दो 'खड्ग' भी सम्मलित थे) को साथ ले चलें। श्रृंगवेरपुर में नौकारोहण के पूर्व भगवान् राम व लक्ष्मण ने तलवारें धारण की थी। सरभंग आश्रम जाते समय दोनों राजकुमारों ने अपने 'खड्गों' से विराध का वध किया था। अगस्त्य मुनि द्वारा भगवान् राम को भेंट स्वरूप दिये गये दिव्यास्त्रों में एक स्वर्ण मण्डित मुठियादार 'असि' भी थी। पञ्चवटी में लक्ष्मण ने सूर्पणखा की नाक अपने 'खड्ग' से काटी थी। तदुपरान्त उन्होंने अयोमुख को तलवार से दण्डित किया था। रावण के आग्रह पर पञ्चवटी प्रस्थान से पूर्व मारीचि ने धनुषबाण व 'असि' धारी भगवान् राम के तेजस्वी स्वरूप का स्मरण किया था। मृगरूपी मारीचि का पीछा करने से पूर्व भगवान् राम ने स्वर्ण मण्डित मूठदार 'असि' धारण की थी कबन्ध द्वारा भगवान् राम व लक्ष्मण को पकड़ते समय दोनों राजपुत्र धनुषबाण व 'असि' धारण किये हुए थे। उनकी स्वर्ण मण्डित लम्बी तलवारों ने हनुमान् जी का भी ध्यान आकर्षित किया था। रावण ने अपने 'खड्ग' से जटायु को घायल किया था। रावण के सेनापति खर एवं उसके सैनिक भी तलवारों का उपयोग समान रूप से करते थे। रामायण सम्बन्धी विभिन्न दृश्यों में तलवार का अंकन देवगढ़ (उत्तर प्रदेश), एलोरा (महाराष्ट्र), अमृतपुर (कर्नाटक), व परमबनन (पश्चिम जावा) के अतिरिक्त भारत व दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न भागों की मूर्तिकला में भी उपलब्ध है। कलात्मक दृष्टि से इन मूर्तियों का कालनिर्धारण लगभग छठी व १२ वीं शती ई० के मध्य करना सम्भव है।[११]

रामायण में उल्लिखित तलवारों, छुरों व चाकुओं की पहचान 'गेरुए मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति' की मूठदार तलवारों, छुरों व चाकुओं से करना निम्नलिखित कारणों से सम्भव है :—(१) रामायण संस्कृत साहित्य का प्राचीनतम महाकाव्य है, जिसकी रचना महर्षि वाल्मीकि द्वारा लगभग छठी शती ई० पू० गंगा-घाटी में हुई थी। गेरुए मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति, जिसका काल लगभग २०००

---

११. पी० बनर्जी, राम इन लिटरेचर, आर्ट एण्ड थॉट, दिल्ली, १९८३, छायाचित्र, सं० ९८ ए, ११५ ए, १२९, १७२।

ई० पू० से लगभग १००० ई० पू० तक है, गंगा घाटी की प्राचीनतम ताम्रयुगीन संस्कृति है। (२) गंगा घाटी की अन्य किसी भी प्राचीन संस्कृति में इस प्रकार की लम्बी व मूठदार तलवारें, छुरे व चाकू, जिनका रामायण में उल्लेख है, अभी तक नहीं मिले हैं। (३) भगवान राम का अयोध्या (उत्तर प्रदेश) से रामेश्वरम् (तामिलनाडु) तक का यात्रा-मार्ग व 'गेरुए मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति' के मूठदार आयुधों का बिठूर (उत्तर प्रदेश) से शाविनीपट्टी (तामिलनाडु) तक विस्तार-मार्ग आश्चर्यजनक ढंग से लगभग एक ही है। यह मार्ग दक्कन पठार के पश्चिमी भाग से हो कर जाता है। (४) साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर प्रोफेसर ए० डी० पुसालकर तथा प्रोफेसर ए० के० मजूमदार के मतानुसार रामायण कालीन घटना की तिथि क्रमशः १९५०[12] ई० पू० व १४५०[13] ई० पू० है। आश्चर्यजनक ढंग से उक्त दोनों तिथियों का साम्य गंगा घाटी की गेरुए मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति की तिथि (लगभग २००० ई० पू०—१००० ई० पू०) से होता है। अतएव भारतीय प्रायदीप से प्राप्त गेरुए मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति' की मूठदार तलवारों छुरों व चाकुओं की पहचान भगवान राम द्वारा राक्षस नरेश रावण के विरुद्ध छेड़े गये सैनिक अभियान में प्रयुक्त आयुधों से करना सम्भव है।

ताम्रनिधि आयुधों में मूठदार तलवारों, छुरों व चाकुओं के अतिरिक्त कुठार ('शोल्डर्ड ऐक्स') व परशु ('बैटल ऐक्स') भी उल्लेखनीय हैं। उक्त दोनों प्रकार के आयुध उत्तर प्रदेश में बहादराबाद, खेरी मानपुर, गंधौली, नसीरपुर, सरथौली, नकरहिया राजपुर परशु, इन्दिलापुर, मदनपुर, ढाका, इटावा, परियर, बिठूर, कानपुर, उन्नाव, शाहाबाद, हस्वा, मीरापट्टी, बलुआ आदि के अतिरिक्त देश के अन्य भागों से भी प्राप्त हुए हैं।[14] रामायण में 'कुठार' व 'परशु' दोनों का उल्लेख है। इनका उपयोग भगवान् राम के ज्येष्ठ समकालीन, जमदग्नि-पुत्र भगवान् परशुराम द्वारा क्षत्रिय संहार हेतु प्रायः किया जाता था। इस प्रकार के कुठार व परशु अन्य किसी भी प्राचीन संस्कृति में अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। अत एव गेरुए

---

१२. ए० डी० पुसालकर, 'ट्रेडीशनल हिस्ट्री फ्राम द अर्लिएस्ट टाइम्स टू द ऐक्सेसन आफ परीक्षित', वैदिक एज, सम्पादक आ० सी० मजूमदार, बम्बई, १९६५, पृ० २७३-२७४।

१३ ए० के० मजूमदार, द हिन्दू हिस्ट्री, ढाका, १९२०, पृ० ६०।

१४. पाल यूले, १९८५, वही।

मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति' के कुठार व परशु की पहचान भगवान परशुराम के प्रिय आयुधों से करना उचित होगा।

यद्यपि 'गेरुए मृद् भाण्ड ताम्रनिधि संस्कृति' का अन्त किसी जलप्लावन अथवा भीषण वर्षा से होने के कारण इसके अवशेष समस्त रामायण कालीन स्थलों पर नहीं मिले हैं, किन्तु यह उल्लेखनीय है कि 'गेरुए मृद् भाण्ड' उत्तर प्रदेश में परियर, बिठूर, व शृंगवेरपुर तथा महाराष्ट्र में नासिक से मिले हैं। उक्त चारों स्थलों का रामायण की कथा से घनिष्ठ सम्बन्ध है। 'गेरुए मृद् भाण्ड' के अतिरिक्त बिठूर से 'ताम्रनिधि' की एक मूठदार तलवार भी मिली है। यह सर्व विदित है कि परियर में लक्ष्मण ने राम के आदेशानुसार सीता को वन में ला कर छोड़ा था। बिठूर में वाल्मीकि आश्रम था और वहीं अश्वमेध के घोड़े पर अधिकार के प्रश्न पर भगवान राम की सेना का लवकुश से युद्ध हुआ था। शृंगवेरपुर में भगवान् राम ने वनगमन के समय लक्ष्मण व सीता सहित नाव द्वारा गंगा पार की थी। नासिक (पञ्चवटी) में भगवान राम ने लक्ष्मण व सीता सहित वनवास किया था। वहीं पर लक्ष्मण ने रावण की बहन सूर्पणखा की नाक काटी थी तथा रावण ने प्रतिशोध स्वरूप सीता का हरण किया था। भविष्य में गेरुए मृद् भाण्डों तथा ताम्रनिधि आयुधों के अन्य रामायण कालीन स्थलों से भी मिलने की पूर्ण सम्भावना है।

गंगा घाटी में विभिन्न स्थलों पर पुरातात्त्विक उत्खननों के फलस्वरूप प्राप्त प्राचीन मृद् भाण्ड संस्कृतियों का नीचे से ऊपर की ओर स्तरीय क्रम निम्नलिखित है—

(अ) गेरुए मृद् भाण्ड संस्कृति ('आकर कलर्ड पाटरी कल्चर')।

(ब) चित्रित धूसर मृद् भाण्ड ('पेण्टेड ग्रे वेयर कल्चर) अथवा 'काले एवं लाल मृद् भाण्ड-संस्कृति ('ब्लैक एण्ड रेड वेयर कल्चर')।

(स) उत्तरी काले ओपदार मृद् भाण्ड-संस्कृति ('नार्दर्न ब्लैक पालिश्ड कल्चर')।

प्रोफेसर बी० बी० लाल ने उक्त मृद् भाण्ड संस्कृतियों की पहचान प्राचीन संस्कृत साहित्य में उल्लिखित संस्कृतियों से निम्नलिखित ढंग से की है —

(अ) गेरुए मृद् भाण्ड संस्कृति (लगभग २००० ई० पू०-१५०० ई० पू०) ऋग्वेद में उल्लिखित निषाद संस्कृति। निषाद आधुनिक प्रोटो आस्ट्रालायड जाति के पूर्वज थे, जिन्हें विदेशी आर्य आक्रमणकारियों के प्रथम समूह ने गंगा घाटी के बाहर दक्षिण-पूर्वी भारत में खदेड़ा था।[१५]

(ब) चित्रित धूसर मृद् भाण्ड संस्कृति (लगभग १२०० ई० पू०-५०० ई० पू०) विदेशी आर्य आक्रमणकारियों के प्रथम समूह तथा महाभारत कालीन संस्कृति।[१६]

(स) चित्रित धूसर मृद् भाण्ड संस्कृति का अन्त तथा उत्तरी काले ओपदार मृद् भाण्ड संस्कृति का प्रारम्भ (लगभग ८०० ई० पू०-६०० ई० पू०) रामायण कालीन संस्कृति।[१७]

प्रोफेसर बी० बी० लाल के मतानुसार महाभारत एवं रामायण कालीन घटनाएँ क्रमशः ९ वीं शती ई० पू० तथा ७ वीं शती ई० पू० के प्रारम्भ में हुई थी। इस प्रकार भगवान कृष्ण का जन्म भगवान् राम के अवतार से पूर्व हुआ था।[१८] किन्तु प्राचीन भारतीय परम्परा के अनुसार भगवान राम का जन्म भगवान कृष्ण के जन्म से पूर्व हुआ था। अतएव प्रोफेसर लाल का मत अधिकांश विद्वानों तथा भारतीय जनमानस को ग्राह्य नहीं है। उक्त संक्षिप्त विवेचन के आधार पर 'गेरुए मृद् भाण्ड संस्कृति' तथा उससे सम्बन्धित 'ताम्रनिधि' आयुधों की पहचान 'निषाद

---

१५. बी० बी० लाल, 'फरदर कापर होर्डस फ्राम द गैंगेटिक बेसिन, एण्ड ए रिव्यू आफ द प्राब्लम्', ऐंशिएंट इण्डिया, ७, १९५१, पृ० ३८-३९।

१६. बी० बी० लाल, 'एक्सकवेशंस ऐट हस्तिनापुर', ऐंशिएंट, इण्डिया, १० व ११, १९५४-५५, पृ० १५०-१५१।

१७. बी० बी० लाल, 'प्राब्लम्स आफ इण्डियन आरक्यालाजी: प्लानिंग अहेड, पुरातत्त्व ८, १९७५-७६, पृ० १३०; 'अयोध्या आफ द वाल्मीकि रामायण: ऐन इनर्जाइजिंग डिबेट आन इट्स आइडेंटीफिकेशन', पुरातत्त्व, १६, १९८५-८६, पृ० ७९।

१८. बी० बी० लाल, 'द टू इण्डियन इपिक्स वीजा वी आरक्यालाजी', एण्टीक्विटी, ५५, १९८१, पृ० ३३।

संस्कृति' से न कर 'उत्तर ऋग्वैदिक कालीन आर्य तथा रामायण कालीन संस्कृति' से करना उचित होगा। इस निष्कर्ष की आंशिक रूप से पुष्टि प्रोफेसर लाल के इस मत से भी होती है कि 'चित्रित धूसर मृद्भाण्ड संस्कृति' (जो पुरातात्त्विक उत्खननों द्वारा हस्तिनापुर, अहिच्छत्र आदि स्थलों पर 'गेरुए मृद् भाण्ड संस्कृति' प्रकार के ठीक ऊपर दूसरे जमाव से मिली है) ही महाभारत कालीन संस्कृति है। इस लेख में प्रतिपादित रामायण की ऐतिहासिकता एवं तिथि सम्बन्धी प्रस्तुत नवीन पुरातात्त्विक दृष्टिकोण प्राचीन भारतीय परम्परा एवं लोक मानस के सर्वथा अनुकूल है भगवान राम का आविर्भाव उत्तर ऋक्वैदिक काल में कृष्णावतार से पूर्व हुआ था। इस मत की पुष्टि इस तथ्य से भी होती है कि रामायण कालीन अनेक वीरों, जैसे राम, दशरथ, इक्ष्वाकु आदि का उल्लेख ऋग्वेद में प्रसिद्ध शासकों के रूप में हुआ है।[१९] रामायण कालीन घटना सम्भवतः १५ वीं शती ई० पू० हुई थी।

'गेरुए मृद् भाण्ड ताम्रनिधि संस्कृति' की पहचान रामायण कालीन संस्कृति से करने पर यह आपत्ति की जा सकती है कि इस संस्कृति में भगवान राम के प्रिय आयुध 'धनुष-बाण' के अवशेष अभी तक नहीं मिले हैं। यहाँ इस तथ्य का उल्लेख करना आवश्यक है कि पुरातात्त्विक खोजें बहुत कुछ 'संयोग' पर आधारित हैं। किसी प्राचीन स्थल पर उत्खनन द्वारा कोई पुरावशेष मिल भी सकता है और नहीं भी मिल सकता है। धनुष-बाण काष्ठ, पंख आदि शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं से निर्मित होने के कारण भारतीय जलवायु में चिरस्थायी नहीं रह सके। 'गेरुए मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति' सम्बन्धी कतिपय स्थलों जैसे लालकिला (उत्तर प्रदेश) तथा नवदाटोली (मध्य प्रदेश) में हुए उत्खननों द्वारा ताम्रनिर्मित बाण के अग्रभाग ('ऐरो हेड्स') क्षतिग्रस्त दशा में मिले हैं। इन पुरातात्त्विक साक्ष्यों से यह सिद्ध होता है कि इस संस्कृति में धनुष-बाण का भी उपयोग होता था।

गंगा घाटी की 'गेरुए मृद् भाण्ड/ताम्रनिधि संस्कृति' की पहचान 'उत्तर ऋग्वैदिक कालीन आर्य तथा रामायण कालीन संस्कृति' से करने के पश्चात् प्रश्न

---

१९. एस० डी० डे, हिस्टारीसिटी आफ रामायण एण्ड द इण्डोआर्यन सोसाइटी इन इण्डिया एण्ड सीलोन, दिल्ली, १९७६, पृ० ७३; पी० एल० भार्गव, 'ए फ्रेश अपरेजल आफ द हिस्टारिसिटी आफ द इण्डियन इपिक्स', जर्नल्स आफ द भण्डारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट, ६३, १-४, १९८२, पृ० २१।

उठता है कि तत्कालीन अनार्य (राक्षस) संस्कृति के पुरातात्त्विक अवशेष कहाँ हैं ? यद्यपि इस समस्या पर अभी विशेष शोध कार्य की आवश्यकता है, किन्तु शोध की वर्तमान स्थिति में दक्षिण-पश्चिम भारत की 'ताम्राश्म महाश्म संस्कृति' (चालकोलिथिक-मेगालिथिक कल्चर') की पहचान अनार्य (राक्षस) से करना उचित होगा। भविष्य में सुनियोजित ढंग से व्यापक स्तर पर रामायण कालीन पुरातात्त्विक स्थलों की खोज तथा वहाँ से प्राप्त अवशेषों के गहन अध्ययन द्वारा इस समस्या पर नवीन प्रकाश पड़ने की पूर्ण सम्भावना है।



मेघदूत में नायिकालङ्कार

डॉ० आनन्द कुमार श्रीवास्तव
इलाहाबाद

The beauty, and natural gestures in young ladies have been treated as *alaṁkāras* by *ācāryas* of *kāvyaśāstra*. The author has dealt here with only those *ayatnaja alaṁkāras* which appear in *nāyikās* without effort as *dehadharma* after meeting with their lovers.

नाट्यशास्त्रियों ने प्रायः जितने प्रकार की नायिकाओं का उल्लेख किया है उनमें नायक की भाँति ही कुछ सामान्य गुण पाये जाते हैं। इन गुणों अथवा वैशिष्ट्य के साथ-साथ नायिकाओं में युवावस्था में कुछ और सुन्दरता, कलात्मक स्वभाव आदि अतिरिक्त धर्म भी पाये जाते हैं, जिन्हें काव्यशास्त्रियों ने नायिकालङ्कार अथवा योषिदलङ्कार कहा है। जिस प्रकार कटक, कुण्डल आदि शरीर की शोभा को बढ़ाते हैं उसी प्रकार युवावस्था में हाव-भावादि स्वाभाविक उपादान भी शारीरिक शोभा में वृद्धि करते हैं। अतएव इन्हें भी नाट्याचार्यों ने अलंकार ही माना है। वस्तुतः प्रेमी को प्रसन्न करने के लिये नायिका द्वारा की गयी शारीरिक चेष्टायें एवं भंगिमायें ही यहाँ अलंकार शब्द से अभिप्रेत हैं। कुछ आचार्य इन यौवनस्थ धर्मों को शृंगारचेष्टा[1] अथवा सम्भोग-भूमिका[2] भी कहते हैं।

भरत, हेमचन्द्र, धनञ्जय, रामचन्द्र-गुणचन्द्र, भोजराज, विश्वनाथ प्रभृति सभी आचार्यों ने इन अलंकारों को सात्त्विक माना है। शारदातनय अधिकांश

---

१. एवं शृंगारचेष्टाः स्युरष्टादशविधाः स्मृताः। नञ्जराजयशोभूषण पृ० ५०

२. द्रष्टव्य, कामसूत्र, देवदत्तशास्त्री टीका, पृ० २३१

अलंकारों को सात्त्विक मानते हुए कहते हैं कि यद्यपि लीला आदि भाव सात्त्विक नहीं हैं किन्तु छत्रिन्याय से उन्हें भी सात्त्विक माना जाता है।[1]

देहात्मक सात्त्विक भाव देह-धर्म के रूप में मनुष्यों में विद्यमान रहते हैं तथा ये ही उचित परिस्थिति पाकर काव्यों में अलङ्कार रूप में उपस्थित हो जाते हैं। यह ठीक है कि कुछ भाव ऐसे हैं जो स्त्रियों एवं पुरुषों में समान रूप से पाये जाते हैं किन्तु उनका समुचित विकास स्त्रियों में ही देखने को मिलता है। स्पष्टतः ये अलङ्कार नायिका में जितने सुन्दर लगते हैं, उतने नायक में नहीं। पुनः ये मुख्यतः युवती स्त्रियों के ही अलङ्कार हैं किन्तु कुछ बाल्यावस्था में भी दिखायी देते हैं और वृद्धावस्था में तो अधिकांश नष्ट हो जाते हैं।[2]

वैसे तो नायिकाओं में असंख्य अलङ्कार पाये जाते हैं फिर भी आचार्यों ने इनकी गणना का प्रयास किया है। यही कारण है कि नायिकालङ्कार भेद को लेकर आचार्यों में पर्याप्त मत-वैभिन्न्य है। कामशास्त्री अथवा नाट्यशास्त्री आचार्यों ने न्यूनतम सोलह तथा अधिकतम अट्ठाइस अलंकारों को स्वीकार किया है। आचार्यों ने इन अलंकारों को प्रायः तीन भागों में विभाजित किया है—

(१) आङ्गज
(२) अयत्नज और
(३) स्वभावज

अङ्गज अलंकार का अर्थ है शरीर मात्र से उत्पन्न होने वाला अलंकार। प्रिय के दर्शन-श्रवण के अभाव में अथवा वस्त्र, माल्य आदि बाह्य आभूषणों के बिना भी शरीर मात्र से जो उत्पन्न होता है उसे अङ्गज अलंकार कहते हैं। यह पूर्व जन्म में अभ्यास किये गये रतिभाव मात्र से, सत्त्व का उद्बोध होने पर, देहगात्र से उत्पन्न होता है, इसलिये अङ्गज कहलाता है।[3]

---

१. यत्र लीलादयो भावा यद्यपि स्युर्न सात्त्विकाः।
छत्रिणां गतिवत्तेऽपि तल्लिङ्गत्वेन सात्त्विकाः॥ भावप्रकाश १·३७

२. ते यौवन उद्रिक्ता दृश्यन्ते न तु चेष्टालङ्काराः बाल्येऽनुद्भिन्ना वार्द्धके तिरोभूताः। यद्यपि चैते पुरुषस्यापि सन्ति तथापि योषितां त एव अलंकारा इति तद्गतत्वेनैव वर्णिताः। नाट्यदर्पणविवरण।

३. केचन प्राग्जन्माभ्यस्तरतिभावमात्रेण सत्त्वोद्बुद्धेन देहमात्रे सति भवन्ति ते अङ्गजा इति उच्यन्ते। नाट्यदर्पणविवरण

पुरुष के साथ उपभोग हो जाने के अनन्तर नायिकाओं के भीतर बिना यत्न के ही देह-धर्म के रूप में जो अलंकार प्रकट होते हैं, उन्हें अयत्नज अलंकार कहते हैं।[1]

जो अलंकार नायिकाओं में स्वभाव से ही स्थित रहते हैं, उन्हें स्वभावज अलंकार कहते हैं। ये अलंकार स्वयं अपने रतिभाव से उत्पन्न होते हैं, चाहे प्रिय का उपभोग हो अथवा न हो।[2] इसलिये ये अवश्यम्भावी नहीं होते।

इनमें से अङ्गज एवं स्वभावज अलंकार क्रिया रूप अर्थात् चेष्टात्मक (यत्न) होते हैं जब कि अयत्नज अलंकार चेष्टात्मक न होकर देह-धर्म [गुण-रूप] होते हैं। वस्तुत: ये अलंकार अनुभाव की कोटि में आते हैं। शिंगभूपाल ने अनुभाव के चार भेद किये हैं [१] चित्तारम्भक [चित्तज]—भाव, हाव, हेला, शोभा, कान्ति, दीप्ति, प्रागल्भ्य, माधुर्य, धैर्य और औदार्य [२] गात्रारम्भक—लीला, विलास, विच्छित्ति, विभ्रम, किलकिंचित्, मोट्टायित, कुट्टमित, विब्बोक, ललित और विहृत [३] वागारम्भक-आलाप, विलाप, संलाप आदि [४] बुद्ध्यारम्भक—रीति, वृत्ति आदि।[3] शारदातनय ने भी अङ्गज एवं अयत्नज इन दस अलंकारों को मन आरम्भानुभाव तथा स्वभावज अअंकारों को गात्रारम्भानुभाव कहा है।

प्रस्तुत निबन्ध में मेघदूत में प्राप्य अयत्नज अलंकारों का विवेचन किया गया है। हालाँकि पूर्वमेघ में नायिका अथवा स्त्री-पात्र का अभाव सा है फिर भी विभिन्न प्रदेश की स्त्रियों के वर्णन में तथा मानवारोपण के कारण प्रकृति के विभिन्न उपादानों पर स्त्रीत्व का आरोप मानकर सम्भावित अलंकारों का निरूपण किया गया है। उत्तरमेघ में स्त्री-सामान्य के वर्णन के साथ-साथ नायिका वियोगिनी यक्षी का भी चित्रण हुआ है। कालिदास ने सिद्धाङ्गना, कन्या, अभिसारिका, वारवनिता, वधू, स्वकीया आदि अनेक प्रकार की स्त्रियों का उल्लेख किया है किन्तु

---

१. शोभादयस्तु गुणात्मानस्ते चायत्नजाः। यत्नात् जाताः क्रियात्मकाः। इच्छातो यत्नस्ततो देहे क्रियेति पदार्थविदः ततोऽन्ये अयत्नजाः। यत्नम् अन्तः परिस्पन्दं विना देहधर्मरूपाः पुरुषोपभोगे सति भवन्ति। नाट्यदर्पण पृ० २८
२. अन्ये तु अद्यतनजन्मसमुचितविभाववशस्फुटीवद्रतिभावानुविद्धे देहे परिस्फुरन्ति ते स्वाभाविकाः, स्वस्माद् रतिभावाद् हृदयगोचरीभूताद् भवन्ति इति। तथाहि-कस्याश्चिन्नायिकायाः कश्चिदेव स्वभावबलाद् भवन्ति, अन्यस्या अन्यः, कस्याश्चिद् द्वौ त्रय इत्याद्यतोऽपि स्वाभाविकाः। नाट्यदर्पण, पृ० ४२२
३. रसार्णवसुधाकर, पृ० ४८

अभिज्ञानशाकुन्तल प्रभृति नाटकों तथा कुमारसम्भव प्रभृति महाकाव्यों में पाये जाने वाले योषिदलंकारों की तुलना में मेघदूत में इन अलंकारों का चित्रण अल्प-मात्रा में हुआ है। कहीं-कहीं तो ये अलंकार स्पष्ट नहीं हैं और कहीं पर एक ही पद्य में अनेक योषिदलंकारों का चित्रण हुआ है।

प्रायः आचार्य अलङ्कार के तीन भेद स्वीकार करते हैं—भाव, हाव एवं हेला। इनमें से मेघदूत में मात्र दो अलंकारों—भाव एवं हेला का ही प्रयोग हुआ है। चूंकि आचार्यों ने नायिकालङ्कारों के लक्षण में प्रायः भरतमुनि को ही प्रमाण-स्वरूप स्वीकार किया है, अतः लक्षण-विवेचन में न उलझकर मेघदूत के पद्यों को सीधे लक्षण-निकष पर परखने का प्रयास किया जा रहा है।

भाव

नायिका के निर्विकार हृदय में रतिवासना का प्रथम उद्बोधन भाव कहलाता है।[1] मेघदूत में यद्यपि भाव नामक नायिकालङ्कार का कोई स्पष्ट उदाहरण नहीं है फिर भी पूर्वमेघ में मेघ के मालिनों से परिचय-प्राप्ति के प्रसङ्ग में भाव की झलक मिलती है। मेघ जब नीचैः नामक पर्वत पर विश्राम करने के पश्चात् आगे बढ़ेगा तो सर्वप्रथम उसे जङ्गली नदियों के किनारे पर स्थित उपवनों की जूही की कलियों को नये जल बिन्दुओं से सींचना होगा, तदनन्तर फूल चुनने के कारण थकी हुई मालिनी कामिनियों को छाया प्रदान करने के बहाने परिचय प्राप्त करते हुए आगे बढना है—

विश्रान्तः सन् व्रज वननदीतीरजातानि सिञ्च-
न्नुद्यानानां नवजलकणैर्यूथिकाजालकानि ॥
गण्डस्वेदापनयनरुजाक्लान्तकर्णोत्पलानां
छायादानात्क्षणपरिचितः पुष्पलावीमुखानाम् ॥ १·२७

यहाँ भाव नामक अलंकार परिलक्षित हो रहा है क्योंकि आतप से क्लान्त मालिनों का छाया प्रदान करने वाले के प्रति किञ्चित् अनुराग युक्त होना स्वाभाविक ही है और फिर मेघ तो कामुकता का प्रतीक है। उसके दर्शन से कामिनियों के मुख-कमल प्रफुल्लित हो उठते हैं। छाया प्रदान करना तथा कुछ देर के लिये परिचय प्राप्त करना—ये सब प्रकारान्तर से मालिनों के रत्याख्य भाव के ही सूचक

---

१. निर्विकारात्मके चित्ते भावः प्रथमविक्रिया। साहित्यदर्पण ३/९३

हैं। मल्लिनाथ ने भी "छायादान" का ध्वन्यर्थ "कान्तिदान" किया है– "छायाया अनातपस्य दानात्। कान्तिदानं च ध्वन्यते। कामुकदर्शनात् कामिनीनां मुखविकासो भवतीति भावः। जगद्धर ने भी "छायादानात्" से "उत्कण्ठादानात्" की अभिव्यञ्जना की है– "अन्योऽपि नागरश्छायादानादुत्कण्ठादानान्नागरीणां क्षणपरिचितो भवतीति ध्वनिः।" इस प्रकार मेघदर्शन से रमणियों के मुख पर शृंगारसूचक चिह्न की उपस्थिति की अभिव्यञ्जना होने से भाव अलंकार का गूढ़ उपन्यास हुआ है।

हेला

जब हृदयगत रति-विकार किञ्चिन्मात्र परिलक्षित होने लगे तो उसे हाव कहते हैं और जब अङ्ग-प्रत्यङ्ग में इतना रति-विकार उत्पन्न हो जाय कि सभी को स्पष्ट से दिखने लगे तो वह भाव हेला कहलाता है।[1] यक्ष मेघ से निवेदन करता है कि यद्यपि उत्तर दिशा में अलकापुरी की ओर जाने वाले आपका मार्ग कुछ टेढ़ा अवश्य हो जायगा फिर भी उज्जयिनी अवश्य जाना अन्यथा वहाँ के राजभवन की अट्टालिकाओं से अपिरिचित ही रह जाओगे और साथ ही साथ वहाँ की सुन्दरी स्त्रियों के, बिजली की चमक से चकित अतएव चंचल कटाक्षों वाले नेत्रों से आनन्दित भी नहीं हो पाओगे और ऐसी दशा में तुम अपना जीवन व्यर्थ ही समझो—

वक्रः पन्थाः यदपि भवतः प्रस्थितस्योत्तराशां
सौधोत्सङ्गप्रणयविमुखो मा स्म भूरुज्जयिन्याः।
विद्युद्दामस्फुरितचकितैस्तत्र पौराङ्गनानां
लोलापाङ्गैर्यदि न रमसे लोचनैर्वञ्चितोऽसि॥ २·२८

यहाँ उज्जयिनी की अङ्गनाओं की सुन्दरता एवं रसिकता का सुन्दर चित्र उपस्थित किया गया है। यक्ष मेघ रूपी रसिक नायक को उज्जयिनी की ललनाओं के चंचल नेत्रों से रमण करने का परामर्श देता है। नेत्र रूपी अङ्ग के विकार के स्पष्ट रूप से परिलक्षित होने के कारण हेला नामक अलंकार स्पष्ट है।

प्रायः सभी आचार्य अयत्नज अलंकार के सात भेद स्वीकार करते हैं—शोभा, कान्ति, दीप्ति, माधुर्य, प्रागल्भ्य, औदार्य और धैर्य। इनमें से मेघदूत में मात्र चार अलंकारों— शोभा, कान्ति, दीप्ति और प्रागल्भ्य का ही प्रयोग हुआ है।

---

१. हेलात्यन्तसमालक्ष्यविकारः स्यात् स एव तु। साहित्यदर्पण ३.९५

शोभा

रूप, यौवन, सौकुमार्य एवं सुखभोग से सम्भूत नायिका के शरीर का सौन्दर्य शोभा कहलाता है।[1] सुकवि कालिदास अलका-नायिका के रूप-सौन्दर्य के वर्णन में शोभा नायिकालङ्कार का उपन्यास करते हैं। कैलाश-पर्वत रूपी नायक की गोद में गंगा सदृश सूक्ष्म श्वेत वस्त्र पहन कर बैठी हुई अलका वर्षाकाल में मेघसमूह से युक्त होने पर मोतियों के गुच्छों से गुँथे हुए केशों को धारण करने वाली नायिका जैसी लगती है।

तस्योत्सङ्गे प्रणयिन इव स्रस्तगङ्गादुकूलां ।
न त्वं दृष्ट्वा न पुनरलकां ज्ञास्यसे कामचारिन् ।
या वः काले वहति सलिलोद्गारमुच्चैर्विमाना ।
मुक्ताजालग्रथितमलकं कामिनीवाभ्रवृन्दम् ।। १.६६

प्रस्तुत पद्य में अलका-नायिका के मेघरूपी केशपाश तथा मेघ से बरसने वाली धवल जलधारा रूप (केशपाश में गूँथी हुई) मोतियों की लड़ियों का चित्रण किया गया है और वह अपने प्रेमी की गोद में भी आसीन है। अतः यहाँ सुखभोग से उत्पन्न शोभा नामक अयत्नज नायिकालङ्कार उपन्यस्त है।

यहाँ कान्ति की सम्भावना भी की जा सकती है। क्योंकि एक तो अलका कैलास की गोद में आसन्न है तथा दूसरे प्रेमवश उसका गङ्गारूप श्वेत दुपट्टा शिथिल होकर नीचे गिर गया है और वह विवस्त्र होकर नायक की गोद में पड़ी हुई है जो उसके स्मरोद्रेक का सूचक है। आचार्य विश्वनाथ के अनुसार उस शोभा को कान्ति कहते हैं जिसमें काम-विकार परिलक्षित होने लगता है।[2] यहाँ अलका-नायिका के विचित्र एवं मनोरञ्जक विविध विलास उसकी "शोभा" को "कान्ति" बनाने में सहायक हैं। वस्तुतः यहाँ पूर्वार्ध में कान्ति तथा उत्तरार्ध में शोभा अलंकार है।

अलकापुरी की वधुओं के वर्णन के प्रसंग में कालिदास रूपशोभा अलंकार का रमणीय उपन्यास करते हैं। उनके हाथ, केशपाश, मुख, अलक, कर्ण एवं मांग-मनके सब सौन्दर्य के निदर्शन हैं।

---

१. रूपयौवनलावण्यैं रूपभोगोपबृंहितैः ।
अलङ्करणमङ्गानां शोभेति परिकीर्तिता ।। नाट्यशास्त्र २२.२७

२. विज्ञेया च तथा कान्तिः शोभैवापूर्णमन्मथा । नाट्यशास्त्र २२.२८

हस्ते लीलाकमलमलके बालकुन्दानुविद्धं
नीता लोध्रप्रसवरजसा पाण्डुतामानने श्रीः ।
चूडापाशे नवकुरवकं चारु कर्णे शिरीषं
सीमन्ते च त्वदुपगमजं यत्र नीपं वधूनाम् ॥ २.२

प्रस्तुत पद्य में यद्यपि "लीला" पद का प्रयोग हुआ है किन्तु वह पारिभाषिक पद-लीला स्वभावज अलङ्कार के रूप में प्रयुक्त नहीं है। आचार्य चरणतीर्थ ने "लीला" का अर्थ "क्रीडा" तथा जगद्धर ने" "कृतककोपोपनायकसखीताडनादि-रति" किया है। यक्षी की गात्रयष्टि के चित्रण में भी रूपशोभा का सुन्दर उपन्यास हुआ है।

श्यामास्व ङ्गं चकितहरिणीप्रेक्षणे दृष्टिपातं
वक्त्रच्छायां शशिनि शिखिनां बर्हभारेषु केशान्।
उत्पश्यामि प्रतनुषु नदीवीचिषु भ्रूविलासान्
हन्तैकस्मिन् क्वचिदपि न ते चण्डि सादृश्यमस्ति ॥ २.४४

कान्ति

जब शोभा में काम विलास की वृद्धि परिलक्षित होने लगती है तो उस शोभा को कान्ति कहते हैं। मेघदूत की यक्षी के अङ्ग न केवल यौवन शोभा से विभूषित हैं अपितु उसमें कामाविर्भाव हो जाने से उसकी शोभा सघन हो उठी है—

तन्वी श्यामा शिखरिदशना पक्वबिम्बाधरोष्ठी।
मध्ये क्षामा चकितहरिणीप्रेक्षणा निम्ननाभिः ॥
श्रोणीभारादलसगमना स्तोकनम्रा स्तनाभ्यां
या तत्र स्याद्युवतिविषये सृष्टिराद्येव धातुः ॥ २.२२

यहाँ यक्षी की शरीर-शोभा के निरूपण में निम्ननाभि द्वारा सूच्य मदनातिरेक तथा श्रोणी भार एवं स्तनभार उसके कामाविर्भाव की ओर संकेत करते हैं। इस प्रकार शोभा में काम विकार उत्पन्न हो जाने से शोभा को पूर्ण विस्तार प्राप्त हो गया है। अतः कान्ति अयत्नज अलङ्कार का रम्य उदाहरण है।

दीप्ति

अतिविस्तीर्ण कान्ति अर्थात् कान्ति के अत्यधिक बढ़ जाने को दीप्ति अलंकार कहते हैं।[1] अलका की वनिताओं के रतिखेदापनयन को रूपायित करता हुआ यक्ष कहता है कि प्रियतम की भुजालिंगनों से छूटने के पश्चात् सुन्दरियों की रति क्रीडा में उत्पन्न थकान चन्द्रकान्त मणियों से टपकने वाली बूंदों से दूर होती है।

यत्र स्त्रीणां प्रियतमभुजोच्छ्वासितालिङ्गिताना-
मङ्गग्लानिं सुरतजनितां तन्तुजालावलम्बाः।
त्वत्संरोधापगमविशदैश्चन्द्रपादैर्निशीथे ।
व्यालुम्पन्ति स्फुटजललवस्यन्दिनश्चन्द्रकान्ताः ।। २.६

शिंगभूपाल ने रसार्णवसुधाकर में यह पद्य दीप्ति अलङ्कार के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया है। उनका कहना है कि यहाँ स्त्रियों में सुरत-क्रिया के प्रति उत्साह वर्णित है। "अत्र प्रियतमालिङ्गनसौधज्योत्सनादिगुणैः सुरतग्लानिव्यालेपनादुत्तरसुरतोत्साहरूपा दीप्तिः प्रतीयते।" प्रियतमों के आलिङ्गन तथा भवनों में प्राप्त चाँदनी आदि के द्वारा सुरतजनित पीडा के दूर हो जाने के कारण पुनः सुरतोत्साह की अभिव्यञ्जना हो रही है। सुरत-क्रिया के प्रति उत्साह अभिव्यञ्जित होने से कामविलास का अधिक विस्तार उपलक्षित हो रहा है।

यहाँ प्रियतम के साथ प्रेम व्यवहार में नायिका की क्रीडा का संकेत होने से केलि[2] नामक स्वभावज, अलंकार भी सम्भावित है। कुछ टीकाकारों ने प्रस्तुत पद्य में प्रयुक्त "स्त्री" शब्द को साभिप्राय माना है। स्त्री शब्द की निष्पत्ति "स्त्यै शब्दसंघातयोः" धातु से ड्रट् प्रत्यय लगने पर होती है। अतः व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ हुआ — "स्त्यायति शब्दं सीत्कारध्वनिमित्यर्थः संश्लेषमालिङ्गनं च या करोति सा स्त्री"। इस प्रकार रतिकाल में स्त्रियों द्वारा किये गये संश्लेष एवं सीत्कारध्वनि तथा प्रियतमों द्वारा किये गये भुजालिङ्गनों से समरति ध्वनित हो रही है जो केलि अलंकार का पोषक है।

---

१. कान्तिरेवातिविस्तीर्णा दीप्तिरित्यभिधीयते। साहित्यदर्पण ३.६६
२. विहारे सह कान्तेन क्रीडितं केलिरुच्यते। साहित्यदर्पण ३.११०

प्रागल्भ्य

काम कला आदि के प्रयोग में भयरहित होना अथवा मन में क्षोभ का प्रभाव न होना प्रागल्भ्य अयत्नज अलंकार कहलाता है।[1] कालिदास कहते हैं कि उज्जयिनी में शिप्रानदी का प्रातःकालीन वायु अपूर्व वैभवसम्पन्न होता है। वह न केवल सारसों के कूजन को बढ़ाता ही है अपितु कमलों की सुगन्धि के संसर्ग से सुगन्धित भी हो उठता है और शरीर को अद्भुत सुख देता है। साथ ही चाटुकार प्रियतम की भाँति कामिनियों के रति खेद को भी दूर करता है।

दीर्घीकुर्वन् पटु मदकलं कूजितं सारसानां
प्रत्यूषेषु स्फुटितकमलामोदमैत्रीकषायः।
यत्र स्त्रीणां हरति सुरतग्लानिमङ्गानुकूलः।
शिप्रावातः प्रियतम इव प्रार्थनाचाटुकारः। १.३२

मल्लिनाथ के अनुसार "अङ्गानुकूल" पद में कवि ने गाढालिङ्गन द्वारा शरीर संवाहन एवं उससे रतिश्रम परिहार की ओर संकेत किया है "अङ्गानुकूलः गात्रसुखस्पर्शः। अन्यत्र गाढालिङ्गनदत्तगात्रसंवाहन इत्यर्थः।" साथ ही यहाँ वायु को प्रार्थना-चाटुकार कहा गया है जिसका तात्पर्य यह है कि वह स्त्रियों से पूर्व-कालीन सुरतग्लानि भुलाकर पुनः रतियाचना के लिये स्त्रियों का अनुनय करता है, जिससे प्रतीत होता है कि उज्जयिनी की स्त्रियाँ सुरतक्रिया में निर्भीकतापूर्वक आनन्द लेती हैं। फलतः उज्जयिनी की स्त्रियों में प्रगल्भता नामक अयत्नज अलङ्कार उपलक्षित हो रहा है।

उज्जयिनी में रात्रि में अभिसरण करने वाली स्त्रियों के निरूपण-प्रसङ्ग में प्रागल्भ्य का चित्रण द्रष्टव्य है। वे राजमार्ग पर व्याप्त अन्धकार में भी प्रियतम के निवास-स्थान की ओर गमनोत्सुका हैं। इसलिये मेघ का कार्य थोड़ी सी चमक से मार्ग को दिखाना भर है, जल-वर्षण एवं गर्जन से उन्हें डराना नहीं।

गच्छन्तीनां रमणवसतिं योषितां तत्र नक्तं
रुद्धालोके नरपतिपथे सूचिभेद्यैस्तमोभिः
सौदामन्या कनकनिकषस्निग्धया दर्शयोर्वीं
तोयोत्सर्गस्तनितमुखरो मा स्म भूर्विक्लवास्ताः॥ १.४०

---

१. प्रयोगनिःसाध्वसता प्रागल्भ्यं समुदाहृतम्॥ नाट्यशास्त्र २२.३१

अभिसारिकायें तो प्रायः काम के प्रति निर्भीक ही होती हैं अन्यथा वे प्रियगृहगमन हेतु बाहर न निकलें। यहाँ यद्यपि उन्हें "विक्लवा" कहा गया है किन्तु यह तो स्त्रियों की प्रकृति है और इस भीरुता का उनकी सुरतक्रिया से कोई सम्बन्ध नहीं है। अतएव "विक्लवा" का अर्थ "प्रणयकातरा" करना उपयुक्त नहीं है। इस प्रकार अभिसारिकाओं के चित्रण में सर्वत्र प्रागल्भ्य अलंकार स्वीकार किया जा सकता है।

अङ्गज एवं अयत्नज अलङ्कारों की ही भाँति मेघदूत में स्वभावज अलङ्कारों के उदाहरण भी कम ही मिलते हैं। दस स्वभावज अलङ्कारों में से केवल छः—विलास, विच्छित्ति, विभ्रम, किलकिञ्चित्, कुट्टमित और ललित—ही स्फुट रूप से विद्यमान हैं।

विलास

प्रिय के दर्शन, आगमन आदि के कारण नायिका की मनोरम आङ्गिक चेष्टायें उठना-बैठना, आना-जाना, आसन-शयन एवं मुख, नेत्र आदि के आनन्द-सूचक व्यापार को विलास कहते हैं।[1] महाकवि कालिदास ने गम्भीरा नदी के चित्रण में विलास अलङ्कार का प्रयोग किया है। यक्ष मेघ से कहता है कि हे मेघ, महाकाल मन्दिर से आगे बढ़ने पर गम्भीरा नदी के हृदय रूपी निर्मल जल में तुम्हारा प्रतिबिम्बरूप सुन्दर शरीर भी प्रवेश को प्राप्त कर लेगा। इसलिये इस (गम्भीरा) के कुमुद के समान धवल चंचल मछलियों के उछालरूपी चितवनों को तुम्हें धीरता अर्थात् अपने संयम के कारण निष्फल नहीं करना चाहिये।

गम्भीरायाः पयसि सरितश्चेतसीव प्रसन्ने
छायात्मापि प्रकृतिसुभगो लप्स्यते ते प्रवेशम्।
तस्मादस्याः कुमुदविशदान्यर्हसि त्वं न धैर्या
न्मोघीकर्तुं चटुलशफरोद्वर्तनप्रेक्षितानि ॥ १.४३

यहाँ मेघ नायक एवं गम्भीरा नदी नायिका के रूप में चित्रित है। जिस प्रकार गम्भीरा नदी के निर्मल जल में स्वभावतः सुन्दर मेघ का प्रतिबिम्ब रूप शरीर प्रवेश करता है उसी प्रकार किसी उत्कण्ठिता नायिका के निर्मल अन्तःकरण

---

१. स्थानासनगमनानां हस्तभ्रूनेत्रकर्मणाञ्चैव।
उत्पद्यते विशेषो यः श्लिष्टः स तु विलासः स्यात्। नाट्यशास्त्र २२/२५

में उसके स्वभावतः सुन्दर प्रियतम का स्वरूप भी प्रविष्ट हो जाता है और वह अपने उस प्रितयम पर चंचल चितवनों को डालती है। इधर कुमुद के समान धवल चंचल मछलियों की उछालरूपी चितवनों के द्वारा गम्भीरा मेघ के प्रति अपने विलास को अभिव्यक्त कर रही है, उधर कुमुद के समान और मछलियों की तरह चंचल नेत्रों से नायिका अपने प्रियतम पर कटाक्ष कर रही है। इस प्रकार यहाँ विलास नामक अलङ्कार का चित्रण हुआ है।

प्रस्तुत पद्य में "धैर्य" पद का प्रयोग हुआ है किन्तु वह परिभाषिक धैर्य नहीं है। इसीलिये जगद्धर ने धैर्य का अर्थ "पाण्डित्यमवलम्ब्य" तथा मल्लिनाथ ने "धाष्टर्याद्" तथा वैयात्यात्" किया है।

महाकवि कालिदास ने माल प्रदेश की स्त्रियों के वर्णन में "विलास" नायिकालङ्कार का प्रयोग किया है। माल प्रदेश की स्त्रियाँ यद्यपि कटाक्षपात नहीं जानतीं तथापि उनकी आंखें प्रेमार्द्र होती हैं और चूंकि कृषि का फल मेघ के ऊपर ही निर्भर करता है इसलिये वे सतृष्ण नेत्रों से मेघ को देखेंगी। अतः मेघ को वहाँ थोड़ी सी वर्षा करके, जिससे हल चलने पर वहाँ की मिट्टी से सोंधी महक उठने लगे, पहले कुछ पश्चिम की ओर मुड़कर पुनः तीव्र गति से उत्तर दिशा की ओर जाने का अनुरोध यक्ष करता है—

त्वय्यायत्तं कृषिफलमिति भ्रूविलासानभिज्ञैः
प्रीतिस्निग्धैर्जनपदवधूलोचनैः पीयमानः।
सद्यः सीरोत्कषणसुरभि क्षेत्रमारुह्य मालं
किञ्चित् पश्चात् व्रज लघुगतिर्भूय एवोत्तरेण ॥ १·१६

यहाँ भले ही ग्राम्य स्त्रियाँ भोली-भाली होने के कारण कटाक्षपात इत्यदि क्रियाओं को नहीं जानतीं फिर भी वे सरस एवं प्रेममय हृदयवाली हैं। अतः वे प्रिय मेघ के आने पर उसे सतृष्ण एवं साभिलाष नेत्रों से देखेंगी। कहा भी गया है—

यथा स्वभावसम्पन्ना रम्या ग्रामीणयोषिताम्।
विलासा नागरस्त्रीणां न तथा रमयन्ति नः ॥[1]

अतः यहाँ प्रिय के सम्प्राप्ति काल में नायिका की मेघदर्शनरूप मनोरम आङ्गिक चेष्टाओं का वर्णन होने से विलास अलंकार है।

---

१. मेघदूत 'रसदीपिनी' पृ० १७

इन पद्यों के अतिरिक्त १/६४, २/१४ एवं २/३५ में भी विलास अलंकार उपन्यस्त हुआ है।

विच्छित्ति

माला, आच्छादन, आभूषण और विलेपन आदि के थोड़े से भी सेवन से जब अधिक शोभा उत्पन्न होती है तो उसे विच्छित्ति अलङ्कार कहते हैं।[1] चर्मण्वती नदी के सौन्दर्य वर्णन में विच्छित्ति का प्रयोग हुआ है। श्यामल वर्ण मेघ जब चर्मण्वती नदी पर जल ग्रहण करने के लिये झुकता है तो दूर से देखने के कारण देवगणों को ऐसा लगता है जैसे पृथिवी रूपी नायिका के एक लड़ वाले मोतियों के हार में बीच में स्थूल नीलम मणि गुँथा हुआ हो---

त्वय्यादातुं जलमवनते शार्ङ्गिणो वर्णचौरे
तस्याः सिन्धोः पृथुमपि तनुं दूरभावात् प्रवाहम्
प्रेक्षिष्यन्ते गगनगतयो नूनमावर्ज्य दृष्टी-
रेकं मुक्तागुणमिव भुवः स्थूलमध्येन्द्रनीलम् ॥ १.४६

यहाँ दूर से देखने पर चर्मण्वती नदी का प्रवाह सूक्ष्म लगने के कारण एक लड़ी वाली मोती को माला के समान तथा उसके ऊपर झुका हुआ मेघ ऐसा लगता है कि मध्य स्थूल इन्द्र नीलमणि पिरोया गया हो। इस प्रकार की मुक्तामाला को धारणकर मानों पृथिवी रूपी नायिका सुशोभित हो रही है। यहाँ माला मात्र के सेवन से ही पृथिवी में शोभाधिक्य का वर्णन किया गया है। अतः विच्छित्ति नामक अलङ्कार है।

विभ्रम

मदराग अथवा हर्ष के कारण जब वाणी, अङ्गों, आहार्य आदि में अस्त-व्यस्तता अथवा अन्तर आ जाता है तो विभ्रम अलंकार होता है।[2] यक्ष मेघ को निर्देश देता है कि उज्जयिनी नगरी के रास्ते में जाते हुए आप तरङ्गों की हलचल से शब्द करने वाले पक्षियों की पंक्तिरूपी करधनी की लड़वाली, लड़खड़ाने के कारण(मदोन्मत्त

---

१. माल्याच्छादनभूषणविलेपनानामनादरन्यासः।
स्वल्पोऽपि परां शोभां जनयति यस्मात्तु विच्छित्तिः। नाट्यशास्त्र २२.१६

२. विविधानामर्थानां वाङ्गाहार्यसत्त्वयोगानाम्।
मदरागहर्षजनितो व्यत्यासो विभ्रमो ज्ञेय॥ नाट्यशास्त्र २२/१७

होकर) सुन्दर रूप से बहती हुई तथा भँवर रूपी नाभि को दिखलाने वाली निर्विन्ध्या नामक नदी के जलप्रवाह में पड़कर अर्थात् उससे मिलकर रस को ग्रहण करने में अन्तरङ्ग बनियेगा क्योंकि नायिकाओं का प्रिय के प्रति विभ्रम ही प्रथम प्रणय वचन होता है––

वीचिक्षोभस्तनितविहगश्रेणिकाञ्चीगुणायाः
संसर्पन्त्याः स्खलितसुभगं दर्शितावर्तनाभेः ।
निर्विन्ध्यायाः पथि भव रसाभ्यन्तरः संनिपत्य
स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु ॥ १.२९

यहाँ मेघ और निर्विन्ध्या को क्रमशः नायक और नायिका के रूप में चित्रित किया गया है । निर्विन्ध्या नायिका शब्दायमान पक्षियों की पंक्तिरूपी मेखला से युक्त है । पत्थरों के टकराने के कारण टेढ़े-मेढ़े मार्गों पर चल रही है और भंवर रूपी नाभि का प्रदर्शन कर रही है । प्रस्तुत पद्य में शब्दायमान मेखला, नाभि-प्रदर्शन, स्खलित गति आदि पदों से नायिका के अलंकार एवं आहार्य में अस्तव्यतता परिलक्षित हो रही है, जिसका कारण है मदराग ।

प्रस्तुत पद्य में "विभ्रम" पारिभाषिक पद का भी प्रयोग हुआ है । टीकाकारों ने इसका भिन्न-भिन्न अर्थ किया है । मल्लिनाथ ने "विभ्रम" का अर्थ "विलास" किया और जगद्धर ने "चेष्टा" । जगद्धर ने "विभ्रम" को इस प्रकार परिभाषित किया है––' बाहुमूलं स्तनं नाभीमूरुमूलञ्च मेखलाम् । व्याजतो दर्शयेद्यत्र रागोऽसौ विभ्रमो मतः ॥

इसके अतिरिक्त १/४४ एवं १/१८ पद्यों में भी विभ्रम अलंकार का उपन्यास हुआ है ।

किलकिञ्चित

प्रिय के सङ्गम आदि से नायिका में स्मित, अश्रु, कम्प, भय, हास, क्रोध, श्रम के एक साथ पाये जाने को किलकिञ्चित नामक स्वाभाविक अलंकार कहते हैं ।[1] जिस समय सिद्ध लोग चतुर चातक पक्षियों को निहारते हुए अपनी प्रेयसियों को कतारबद्ध बगुलियों को गिन-गिन कर दिखा रहे होंगे अचानक मेघ-गर्जन से भयवश कम्पन के साथ प्रेयसियाँ घबड़ाहट के कारण उनका आलिङ्गन कर लेंगी––

---

१. स्मितरुदितहसितभयहर्षगर्वदुःखश्रमाभिलाषाणाम् ।
सङ्करकरणम् हर्षादसकृत् किलकिञ्चितं ज्ञेयम् ॥ नाट्यशास्त्र २२.१८

अम्भोबिन्दुग्रहणचतुरांश्चातकान् वीक्षमाणाः ।
श्रेणीभूताः परिगणनया निर्दिशन्तो बलाकाः ।
त्वामासाद्य स्तनितसमये मानयिष्यन्ति सिद्धाः ।
सोत्कम्पानि प्रियसहचरीसम्भ्रमालिङ्गितानि ॥ १.२२

यहाँ अन्यमनस्क सिद्धरूपी प्रियतमों को अकस्मात् सहचरियों का संगम प्राप्त है । वे मेघ गर्जन के भय से काँपती हुई सिद्धों का आलिङ्गन कर लेती हैं । अतः सहचरियों में एक साथ कम्प एवं सम्भ्रम (भय) का चित्रण होने से किलकिञ्चित नामक स्वभावज योषिदलङ्कार है ।

कुट्टमित

नायक के द्वारा केश, स्तन, अधर आदि के ग्रहण में आनन्द लेने वाली नायिका भी जब संभ्रमवश वाह्यरूप से कष्ट प्रदर्शित करे तो उसे कुट्टमित कहते हैं । यक्ष मेघ से निवेदन करता है कि दशार्ण प्रदेश की प्रसिद्ध राजधानी विदिशा में जाकर तुम्हें विलासिता का पूरा फल मिलेगा क्योंकि वहाँ तुम वेत्रवती नदी के स्वादिष्ट एवं चञ्चल लहरों वाले जल को, तट पर स्थित होकर गर्जन करते हुए नायिका के मुख (अधर) की भाँति पी सकोगे—

तेषां दिक्षु प्रथितविदिशालक्षणां राजधानीं
गत्वा सद्यः फलमविकलं कामुकत्वस्य लब्धा ।
तीरोपान्तस्तनितसुभगं पास्यसि स्वादु यस्मात् ।
सभ्रूभङ्गं मुखमिव पयो वेत्रवत्याश्चलोर्मि ॥ १.२५

यहाँ मेघ को नायक एवं वेत्रवती नदी को नायिका के रूप में चित्रित किया गया है । वेत्रवती नदी का मधुर जल उसका अधर है जिसका पान मेघ करता है । जल की लहरें वेत्रवती नायिका की टेढ़ी भौंहें है जिसने मानों मेघ नायक के द्वारा दन्तक्षत आदि होने के कारण अपनी भौंहें टेढ़ी कर ली हों । मल्लिनाथ ने कहा भी है—"सभ्रूभङ्गं भृकुटियुक्तम्" । दशनपीडयेति भावः । टीकाकार जगद्धर भी कहते हैं—'नायिकाया अपि प्रणयकलहेन चुम्बनकाले भ्रूभङ्गवत् मुखम्' । यहाँ यह कहा जा सकता है कि नायक के सङ्ग से प्रसन्न होने पर भी नायिका भौंहें टेढ़ी कर कृत्रिम क्रोध प्रकट कर रही है । अतः कुट्टमित अलंकार का चित्रण है ।

ललित

अंग-प्रत्यंग, हस्त, पाद, भ्रू, नेत्र ओष्ठ इत्यादि का सुकुमार विन्यास ललित कहलाता है।[1] यक्ष मेघ को अलकापुरी जाने के लिए प्रेरित करता हुआ कहता है कि इस समय शुभ शकुन हो रहे हैं। अनुकूल वायु धीरे-धीरे बह रही है। बायीं ओर पपीहा भी मधुर कूजन कर रहा है और साथ ही ये गर्भाधान के काल से परिचित, आकाश में, पंक्ति बनाकर उड़ने वाली बगुलियाँ नेत्रों को प्रिय लगने वाले तुम्हारी, अवश्य सेवा (उपभोग) करेंगी—

मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
वामश्चायं नदति मधुरः चातकस्ते सगन्धः।
गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः ॥ १.१०

मेघ चूँकि नयनसुभग है, अतः यहाँ वह नायकत्वेन उपस्थित है और बलाकाओं का नेत्रानन्ददायी नायक मेघ के दर्शन के प्रति लालायित होना स्वाभाविक है। पुनश्च वर्षाकाल ही बगुलियों के लिये गर्भाधान-काल होता है। अतः प्रसन्नतावश उनके पंक्तिबद्ध होकर आकाश में उड़ने आदि का चित्रण होने के कारण यहाँ गात्र आदि का मनोहर व्यापाररूपी ललित अलङ्कार अभिव्यक्त हो रहा है।

आद्य आचार्य भरत मुनि मात्र बीस ही नायिकालंकार मानते हैं जिनमें से मेघदूत में बारह अलंकारों का ही उपन्यास हुआ है। आचार्य विश्वनाथ ने दस स्वभावज अलंकारों के स्थान पर अठारह अलंकारों की कल्पना कर कुल अट्ठाईस नायिकालंकार स्वीकार किया है। उनके अनुसार आठ अतिरिक्त अलंकार हैं— मद, तपन, मौग्ध्य, विक्षेप, कुतूहल, हसित, चकित और केलि। भावप्रकाशनकार शारदातनय केलि के स्थान पर क्रीडित अलंकार मानते हैं।

मेघदूत में इन अलंकारों मे से तपन, मौग्ध्य, कुतूहल, केलि और क्रीडित स्वभावज अलंकारों का भी प्रयोग हुआ है किन्तु विस्तारभय से यहाँ निरूपण नहीं किया गया है।

---

१. हस्तपादाङ्गविन्यासो भ्रूनेत्रोष्ठप्रयोजितः।
सौकुमार्याद् भवेद्यस्तु ललितं तत्प्रकीर्तितम्॥ नाट्यशास्त्र २२/२२

मीमांसाभिमतविधिस्वरूपम्

गायत्री देवी शुक्ला
प्रयागः

The nature of *vidhi* according to *Mīmāṁsā* has been explained here.

मीमांसादर्शने विधेः अप्रतिमं स्थानमस्ति। विधिस्तु मीमांसायाः तदस्त्रं यमधिकृत्य मीमांसादर्शनस्य भव्यः प्रासादः स्थिरीक्रियते। विधिना यागादेः अनुष्ठानस्य विधानं यदि न भवति तर्हि याज्ञिकैः अनुष्ठानैः स्वाभीष्टस्वर्गादिफलावाप्तिषु पुरुषः न समर्थो भवति। मीमांसामेरुदण्डरूपाः एते विधयः द्विधा विभज्यन्ते। प्रथमो विधानदृष्टया द्वितीयस्तु विधेयदृष्ट्या।

(क) विधानदृष्ट्या तु विधीनां चत्वारो भेदाः प्राप्यन्ते—

१—यागकर्मणः स्वरूपमात्रबोधक उत्पत्तिविधिः कर्मोत्पत्तिविधिर्वा।

२—प्रधानविधिना सह अङ्गभूतविधीनाम् अङ्गाङ्गिभावबोधको विनियोगविधिः।

३—अनुष्ठानकाले प्रागभावविधायकः क्रमरूपप्रयोगविधिः।

४—केनानुष्ठानेन प्राप्तं फलं प्रति कोऽधिकृत इति बोधकोऽधिकारविधिः।

(ख) विधेयदृष्ट्या विधयः त्रिधा भज्यन्ते—

१—केनचिदन्यप्रमाणेनाज्ञातस्य विधेयस्य प्रापको विधिरपूर्वविधिरित्युच्यते। यथा व्रीहीभिर्यजेतेत्यादयः विधयः।

२—कार्यैकस्य सिद्धये अनेकसाधनस्य प्राप्ते एकस्मिन् पक्षे नियामको यो विधिः स नियमविधिरित्यभिधीयते।

३—एकस्मिन्नेवाङ्गिनि अङ्गे वा विधेयभूतः अङ्गद्वयस्य अङ्गिद्वयस्य वा प्राप्तिदशायां एकं पक्षं प्रति वर्जनबुद्धिस्वरूपः परिसंख्याविधिः।

यो विधिरत्यन्तमप्राप्तमर्थं ज्ञापयति अर्थात् केनचिद् वैदिको लौकिको वा प्रमाणेन सर्वथाऽज्ञातं विधेयं प्रापयति, सोऽपूर्वविधिरित्यभिधीयते।[1] यथा "व्रीहीन् प्रोक्षति" "यजेत स्वर्गकाम" इत्यादिना विधिवाक्येन विध्यन्तरैः सर्वथा अप्राप्तं प्रोक्षणकर्म, स्वर्गरूपविधेयस्य प्राप्तिश्च विधीयते। अतोऽत्र मीमांसकैरपूर्वविधिरिति निर्णीयते।

नियमविधिस्तु तत्र भवति यत्र एकस्य कार्यस्य सिद्धये विकल्परूपेण अनेकेषां साधनानां प्राप्तिर्भवति। तेषु स्थलेषु अन्यतरस्य साधनस्य प्राप्तिदशायां तस्य अप्राप्तस्य साधनस्य प्राप्तिकार्ये विधिरयं प्रभवति। विधिरयं वस्तुतः अप्राप्तपक्षं पूरयन् प्रवर्तते। अनेकप्राप्तपक्षानां नियामकत्वादेव अयं नियमविधिरित्युच्यते।[2] यथा "व्रीहीनवहन्ति" आदिरूपा विधयः। अत्र यद्यपि तुषविमोकस्य नखविदलनावघातादीनि बहूनि साधनानि, तथापि यत्र नखविदारणं प्राप्तं तत्रावघातोऽप्राप्तो भवति। एवं सति अवहननविधिरेवं नियमयति यत् अवघातेनैव तुषविमोके कृते अदृष्टोत्पत्तिः सम्भवा, नान्यैः साधनैः। किंतु विधावस्मिन् अप्राप्तपूरणेऽपि अन्यस्य या निवृत्तिः सा अर्थतः एव ज्ञायते न विधायकवाक्येन न च फलरूपेण। परिसंख्याविधौ तु वर्जनबुद्धिः निवृत्तिफलकत्वं वा मन्त्रवाक्येनैव भवति। क्रियया सह तस्य विनियोगात् प्राक् उभयस्थले प्रवृत्तिसम्भवे सति यो विधि पक्षं प्रति निवृत्तिफलकः भवति, तत्र परिसंख्याविधिरेव चरितार्थो भवति। यथा "इत्यश्वाभिधानीमादत्ते" इत्यस्मिन् वाक्ये। अनेन वाक्येन अश्वरशनादानं न विधीयते। यतो हि अश्वरशनादानरूपम् फलं नेष्टम्, अपितु मन्त्रसामर्थ्येनैव प्राप्तो गर्दभरशनाग्रहणात् मन्त्रस्य निवृत्तिरेव फलरूपेण इष्टा। यथोक्तम्—

'विधिरत्यन्तमप्राप्ते नियतः पाक्षिके सति
तत्र चान्यत्र च प्राप्ते परिसंख्येति गीयते।"

---

१. "योऽत्यन्तमप्राप्तोः न च प्राप्स्यति, प्रावचनादित्यवगम्यते तत्र नियोगः शुद्ध एव विधिर्यथा व्रीहीन् प्रोक्षति।" (तन्त्रवार्तिक पृ० ५६)

२. पक्षेऽप्राप्तस्य तु यो विधिः स नियमविधिः (मीमांसान्यायप्रकाश)

तन्त्रवार्तिकोक्तस्यास्य श्लोकस्य "तत्र चान्यत्र च प्राप्ते" इत्यंशेन परिसंख्याविधेः स्वरूपं स्फुटरूपेणाभिव्यज्यते। परिसंख्या तु द्विधा भवति—शेषिपरिसंख्या, शेषपरिसंख्या च।

उभयशेषिणा सहएकशेषे प्राप्ते एकशेषिणो निवृत्तिस्तु शेषिपरिसंख्या आचक्षते। यथा-इमामगृभ्णन्नित्यस्मिन् वाक्ये मन्त्रसामर्थ्यात् अश्वरशनागर्दभरशना च द्वा एव अङ्गिरूपेण प्रतीयेते। अत्र अनयोःशेषिणो "इत्यश्वाभिधानी" इत्ययं विधिः गर्दभरशनारूपिणं शेषिनं मन्त्रं निवर्तयति। "तत्र चान्यत्र" अस्य वाक्यस्य सप्तम्यन्तार्थे गृहीते उक्तार्थो संगच्छते।

"तत्र०" इति श्लोकांशस्य प्रथमान्ते अर्थगृहीते "शेषपरिसंख्या" संगच्छते। यथाहि "मरुद्भ्यो गृहमेधिभ्यः सर्वासां दुग्धे सायमोदनम्" इत्यनेन वाक्येन चातुर्मास्य यागस्य वरुणप्रघासप्रकरणे गृहमेधीयमिष्टिं विधीयते। इष्टेरस्या दर्शपूर्णमासयागकर्मणः विकृतित्वात् अत्र प्रयाजाज्यभागादिपदार्थाः अतिदेशवाक्येन प्राप्तः, किंतु अस्मिन्नेव प्रकरणे "आज्यभागौ यजति यज्ञतायै इति वाक्यमपि पठितम्। अतः प्रयाजाज्यभागादिकर्मसमूहो गृहमेधीयस्य इष्टेरङ्गम् इष्टिश्च अङ्गी इति सिद्धं भवति। अत्र तु आज्यभागस्य विधानातिदेशेनैव प्राप्तत्वात् "मरुद्भ्यो गृहमेधिभ्यः इत्ययं वाक्यमाज्यरूपमङ्गं न विदधाति, अपितु स्वस्मादितरप्रयाजाद्यङ्गानां निवृत्तिं परिसंख्यानं वा करोति। अत्र अङ्गस्य निवृत्तिफलरूपेण प्राप्तत्वात् इदं शेषपरिसंख्याय उदाहरणमस्ति। इदमेव "प्राप्तपरिसंख्या" इत्यपि उक्तम्।

जैमिनीया द्वादशाध्यायी इति नाम्नि ग्रन्थे दशमाध्यायस्य गृहमेधीयाधिकरणे प्राप्तेषु पक्षेष्वष्टपु पञ्चमः पक्षोऽयम्।[1] अत्र यद्यपि सिद्धान्तस्तु अष्टमे पक्षे, किंतु तदप्राप्तपरिसंख्याया विषयो भवति। यतोहि गृहमेधीयप्रकरणगतेन "आज्यभागौ यजति यज्ञतायै" इत्यनेन वाक्येनैव भावनाया कथमाकांक्षा शान्ता, अस्माद् हेतोरत्र युगपत्प्राप्ता प्रयाजाद्यङ्गानां निवृत्तिराज्यभागस्य प्राप्तत्वेन भवति इति सिद्धम्। तात्पर्यञ्चेदं येन विधिना इतरशेषिनः शेषस्य वाऽन्यतरस्य निवृत्तिः संगच्छते सः परिसंख्याविधिरित्युच्यते।

नव्यमीमांसकैस्तु परिसंख्या द्विधा विभज्यते-श्रौतीपरिसंख्या लाक्षणिकी परिसंख्या च। श्रौतीपरिसंख्यायां निवृत्तिवाचकाः "नञ्" "एवादि" वा शब्दाः

---

१. "यथा च गृहमेधीये पञ्चमे पक्षे अत्रापि च न प्राप्ते सत्येषा प्रवर्तते, प्रापकस्य शास्त्रस्याननुमितत्वात्। कथं तर्हि यद्येतत् वाक्यं नाभविषयत्तत एनं प्राप्स्यदिति।" (तन्त्रवार्तिक पृ० ५९)

श्रुताः भवन्ति । यथा "त्रीणि ह व यज्ञस्योदराणि गायत्रीबृहत्यनुष्टुप् "अत्र ह्येवावपन्ति" इत्यस्मिन् वाक्ये "एव" शब्दः पठितः । वाक्येऽस्मिन् "अत्र" शब्दः पवमानमवबोधयति । अनेन मन्त्रवाक्येन पवमानव्यतिरिक्तस्तोत्रेषु सामावापस्य निषेधः प्राप्यते । यतोहि ज्योतिष्टोमयागस्य विकृतित्वादतिदेशबलात् पवमानेनं सार्धमेव स्तोत्रान्तरेष्वपि सामावापस्य अतिदेशो भवितुमर्हति ।[1] वार्तिकारमतेन एवकारश्रवणस्थले सर्वत्र श्रौतीपरिसंख्या अधिगन्तव्या । न्यायसुधाकृन्मतोऽपि अयमेव ।

